e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 299
शुक्रवार
03.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

सुविचार
संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता, उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरुरी है !



क्विक न्यूज

राजस्थान विस चुनाव : भाजपा ने जारी की 58 उम्मीदवारों की तीसरी सूची

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 58 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। पार्टी ने सरदारपुरा से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ और टोंक से कांग्रेस नेता सचिन पायलट के खिलाफ अजीत सिंह मेहता को मैदान में उतारा है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में बुधवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए 58 उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सभी सदस्यों ने भाग लिया। सूची में कुल सात महिला उम्मीदवारों को स्थान मिला है। इनमें कोलायत से पूनम कंवर भाटी, सादुलपुर से सुमित्रा पूनिया, कामां से नौक्षम चौधरी, भोपालगढ़ (एससी) से कंसा मेघवाल, केशवरायपाटन (एससी) से चन्द्रकांता मेघवाल, लाडपुर से कल्पना देवी और बारा-अटरू (एससी) से सारिका चौधरी को टिकट दिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम पहुंचे रांची, एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

रांची : अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम गुरुवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में ढोल-नगाड़े और स्थानीय लोक संस्कृति के साथ उनका स्वागत किया गया। उनके स्वागत कार्यक्रम में विशेष रूप से एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, एशिया हॉकी महासंघ के निदेशक गुलाम घोष, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित हॉकी झारखंड के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि झारखंड के खेल इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।साथ ही तीन नवंबर को हॉकी इंडिया की वार्षिक आम सभा रांची में होनी है, जिसमें देश के 28 राज्यों के अध्यक्ष, महासचिव और हॉकी इंडिया के कार्यकारी समिति के सदस्य शामिल होंगे।

रिश्वतखोरी के आरोप में ईडी के 2 अधिकारी गिरफ्तार

जयपुर : राजस्थान में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के दो अधिकारियों को कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में अरेस्ट किया गया है. दोनों अधिकारियों ने कथित तौर पर चिटफंड मामले में केस दर्ज करने से रोकने के लिए 17 लाख रुपये की मांग की. राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बयान में कहा कि ईडी के दो अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है.एसीबी ने बयान में कहा कि एसीबी की एक टीम ने दो ईडी इंस्पेक्टरों को 17 लाख रुपये लेते हुए पकड़ा है.

रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्युनतम 23°

नवनियुक्त 66 पशु चिकित्सकों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

राज्य में बड़े पैमाने पर जारी है नियुक्तियों का सिलसिला जारी : हेमंत

मुख्यमंत्री ने कहा

* नियुक्तियों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए सरकार ने बनाया है कानून, नियुक्ति प्रक्रिया में धांधली करने वाले संस्था और संबंधित अधिकारी जाएंगे जेल
* व्यवसायिक पशुपालन के लिए पशुपालकों को सुविधा और मार्गदर्शन दें
* सभी के सहयोग से राज्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं
* राज्य की बुनियाद को मजबूत करने का कर रहे काम
* ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज आपको भी नियुक्ति पत्र देने का मौका मिल रहा है।

यहां आपको सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं मिल रहा है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के रूप में पुरानी पेंशन योजना से भी आप जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे ।

इस मौके पर उन्होंने नवनियुक्त 66 पशु चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने पशु चिकित्सकों से कहा कि।नियुक्ति पत्र को लेकर आपका जो उत्साह देखने को मिल रहा है, यह आपके कार्यों में भी हमेशा बना रहे। यह उम्मीद रखता हूं। आप अपनी दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएं, आपके साथ सरकार हमेशा खड़ी रहेगी।

गरीब घर का नौजवान भी अधिकारी बनकर राज्य की कर रहा सेवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय नियुक्ति पत्र देना भी काफी चुनौतीपूर्ण है। नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने के साथ उसे विवादों में लाने की कोशिश शुरू हो जाती है। कुछ समूह साजिश के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश करते हैं। लेकिन, हमारी सरकार में जितनी भी नियुक्तियां हुई है, उसमें कोई विवाद नहीं हुआ है । आज गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले परिवार का नौजवान भी डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर बनकर राज्य की सेवा कर रहा है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम,श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव।वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अबु बकर सिद्दीकी समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

सरकार के अभिन्न अंग हैं आप

मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सकों से कहा कि आप आज से सरकार के अभिन्न अंग बन रहे हैं। विशेषकर आप जिस सेवा से जुड़ रहे हैं, वह इस राज्य का मूल आधार है। कृषि और पशुपालन का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीणों की आय कैसे बड़े, इसपर सरकार का विशेष फोकस है। इसमें आपको ग्रामीणों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने होंगे। सरकार के संसाधनों का बेहतर से बेहतर उपयोग कैसे हो, इसे भी सुनिश्चित करना है। आपके सहयोग से ही राज्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं।

हमारे किसान-पशुपालक सशक्त बनें, इसपर सरकार का विशेष जोर: मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गांव कैसे समृद्ध हों? किसान- पशुपालक कैसे सशक्त बनें ? लोग कैसे स्वस्थ रहें? इसी परिकल्पना के साथ सरकार काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि राज्य कुपोषण मुक्त हो। इसके लिए हमारी सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के माध्यम से पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

व्यावसायिक पशुपालन अपने पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कृषि और पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह ग्रामीण इलाकों में एक और दो एकड़ जमीन का पैक बनाएं । यह जमीन पशुपालकों को लीड़ पर दें। उन्हें आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराएं उन्हें मार्गदर्शन भी दें, ताकि वे व्यवसायिक पशुपालन करने के लिए आगे आएं। इससे पशुपालकों कि आय भी बढ़ेगी और अंडा- मछली इत्यादि के उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर होगा।

टीम इंडिया ने श्रीलंका को 302 रन से हराया

एजेंसी

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम का आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन जारी है. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने श्रीलंका को 302 रन से रौंदकर इस विश्व कप में लगातार 7वीं जीत दर्ज की. इस जीत से भारत विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर गया है. बल्लेबाजी में जहां शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने कमाल किया वहीं गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह ने धमाल मचाया. भारत की ओर से रखे गए 358 रन के लक्ष्य के सामने श्रीलंका की टीम 19.4 ओवर में 55 रन पर ढेर हो गई. तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए वहीं मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट निकाले. शमी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. भारत की ओर से रखे गए 358 रन के विशाल लक्ष्य के सामने श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही. लंका की टीम 3 रन के कुल स्कोर पर अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी. जसप्रीत बुमराह ने श्रीलंका की पारी के पहले ओवर की पहली गेंद पर ओपनर पथुम निसंका को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई. इसके बाद मोहम्मद सिराज का जादू चला. सिराज ने अपने शुरुआत 7 गेंदों पर बिना कोई रन दिए 3 विकेट निकाले. उन्होंने दिमुथ करुणारत्ने को एलीडब्ल्यू आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका झटका.श्रीलंका के दोनों ओपनर खाता भी नहीं खोल सके. आलम यह था कि श्रीलंका ने 3 के कुल स्कोर पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे. सिराज ने सदीरा समरविक्रमा को भी खाता नहीं खोलने दिया. कप्तान कुसल मेंडिस को सिराज ने बोल्ड किया वहीं चरित असलंका को शमी ने जडेजा के हाथों लपकवाया. दुशन हेमंता को शमी ने राहुल के हाथों कैच कराया. शमी ने चमीरा को शून्य के निजी स्कोर पर राहुल के हाथों कैच कराया.श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 80 रन देकर करियर में पहली बार 5 विकेट चटकाए. टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने मैच की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा (04) का विकेट गंवा दिया.

विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर शतक से चूके

मैच में सबसे बड़ा झटका भारतीय फैंस को तब लगा, जब विराट कोहली आउट हुए। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, यही लग रहा था कि वे आज वनडे में अपना 49वां शतक पूरा कर सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा शताक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे, लेकिन वे 88 रन पर आउट हो गए। उन्होंने इस दौरान 94 गेंद का सामना किया और 11 चौके लगाए। वहीं बात अगर शुभमन गिल की करें तो उन्होंने 92 रन बनाने के लिए इतनी ही गेंदों का सामना किया। उनके बल्ले से 11 चौके और दो छक्के आए।

* विश्व कप में श्रीलंका की रिकॉर्ड हार

मलेशिया ने थाईलैंड को 2-0 से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। गुरुवार को मोरहाबादी मैदान स्थित मरंग गोमके में आयोजित झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें दिन सभी टीमों के लीग का आखिरी मुकाबला खेला गया। पहला मुकाबला मलेशिया और थाइलैंड के बीच खेला गया। दोनों टीमें सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी हैं।इस मुकाबले में मलेशिया ने थाइलैंड 2-0 से हराकर जीत दर्ज की।पहले मुकाबले में पहला क्वार्टर में मलेशिया और थाइलैंड दोनों गोल नहीं कर पाई। मुकाबले का पहला गोल मलेशिया की नूर मोहम्मद ने 25 वें मिनट में किया। उन्होंने थाइलैंड के डिफेंस को भेद कर शानदार फील्ड गोल किया।

प्रतियोगिता का दूसरा गोल 52 वें मिनट में आया।मलेशिया की नूर युसैनी ने शानदार फील्ड गोल दागा और मलेशिया ने प्रतियोगिता की पहली जीत दर्ज की। वहीं दूसरी मैच जापान और चाइना के बीच हुआ। इस के बाद भारत और कोरिया के बीच खेला गया।

हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी एसआईटी की एक्शन टेकन रिपोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में भू माफियाओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वालों को तोड़े जाने मामले में कोर्ट के स्वत- संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने भूमाफियाओं द्वारा जमीन कब्जा से संबंधित मामले राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की एक्शन टेकन रिपोर्ट सरकार से मांगी है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि एसआईटी ने भूमाफियाओं के खिलाफ अब तक क्या-क्या कार्रवाई की है। मामले की अगली सुनवाई चार दिसंबर को होगी। कोर्ट ने हाल के दिनों में धनबाद में लॉ एंड ऑर्डर की खराब स्थिति के मद्देनजर धनबाद एसएसपी भी दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। 25 जून को चर्च रोड के विक्रांत चौक (डॉक्टर फतेहउल्लाह रोड) के सामने स्थित

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस स्वर्गीय एमवाई इकबाल की जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को भूमाफियाओं ने तोड़ दिया था। हालांकि, वहां तैनात गार्डों ने बाद में भूमाफियाओं को वहां से खदेड़ दिया था।

6 नवंबर को होगा अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निदेश पर अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ 06 नवंबर 2023 से होगा। इसके तहत राज्य में पहली बार एक व्यापक अभियान के अन्तर्गत आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जाएगा। ज्ञात हो कि माहात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर राज्य के 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने भाग लिया जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने हेतु शपथ लिया।

प्रथम चरण में दिसंबर तक अभियान

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुए 03 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक ग्राम, अनुमण्डल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन किया गया है। यह समिति वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु उनके दावा पर नियमानुसार अनुशंसा करेगी। साथ ही, अबुआ बीर दिशोम आभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेबसाईट भी तैयार की गयी है जिसके आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जा सके। वन अधिकार समिति द्वारा चिन्हित लोगों को सरकार द्वारा वन पट्टा मुहैया कराने हेतु अभियान प्रथम चरण में दिसंबर, 2023 तक संचालित किया जायेगा।

अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का लक्ष्य

अबुआ बीर दिशोम अभियान की शुरुआत 06 नवम्बर को एक राज्यस्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला से होगी। इसके तहत झारखण्ड राज्यान्तर्गत सभी जिलों के उपायुक्तों और वन प्रमण्डल पदाधिकारियों प्रशिक्षण दिया जायेगा।

बालू घाट संचालन को लेकर निविदा समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में मेसर्स झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के द्वारा झारखंड राज्य अंतर्गत बालूघाटों के संचालन के लिए जिलास्तरीय निविदा समिति की बैठक अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैटेगरी-(2) ए और बी के बालूघाटों के एमडीओ चयन

हेतू भेजी गयी सूची को प्रस्तूत किया गया एवं 10 बालूघाटों के निविदा प्रकाश को लेकर चर्चा की गयी। जिसके उपरांत जिलास्तरीय चयन समिति के द्वारा 3 नवंबर को एमडीओ चयन हेतू बेबवाइट मे ई-निविदा प्रकाशन का निर्णय लिया गया एवं निविदा को सरकार द्वारा बनाए गय नियमों के तहत ही प्रकाशित करवाने पर सहमति बनी। बैठक में पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

एमडीओ चयन को लेकर इन बालूघाटों की प्रकाशित की जाएगी ई-निविदा

(1) मौजा-दंगवार,कैटेगरी-बी, रकबा- 38.43 हेक्टेयर,अंचल- हुसैनाबाद-नदी-सोन (2) मौजा-परता,कैटेगरी-बी, रकबा-30.45 हेक्टेयर,अंचल-हैदरनगर-नदी-सोन (3) मौजा-कबरा कला,कैटेगरी-बी,रकबा-10.52 हेक्टेयर,अंचल-हैदरनगर,मोहम्मदगंज-सोन (4) मौजा-लालगडा,कैटेगरी-बी-रकबा-26.27 हेक्टेयर,अंचल-

विश्रामपुर-नदी-उतरी कोयल

(5) मौजा-जैतूखांड़,कैटेगरी-बी-रकबा-18.21 हेक्टेयर,अंचल-पाटन,मेदिनीनगर, नीलाबंर-पितांबरपुर-नदी-अमानत (6) मौजा-कांके खुर्द, कैटैगरी-ए-रकबा-4.08 हेक्टेयर,अंचल-पाटन-नदी-अमानत (7) मौजा-मिसिर पतरा, कैटगरी-बी-रकबा-29.64 हेक्टेयर अंचल-लेस्लीगंज, तरहसी-नदी-अमानत (8) मौजा-गुरतूरी,कुम्हराडीह, कैटगरी-बी-रकबा-16.89 हेक्टेयर,अंचल-तरहसी-नदी- अमानत (9) मौजा-बिरितिया डंडार,कुम्हराडीह,कैटेगरी-बी-रकबा-30.29 हेक्टेयर,अंचल-तरहसी,पांकी-नदी-अमानत (10) मौजा-बरवैया,कैटेगरी-ए- रकबा-4.88, हेक्टेयर अंचल-तरहसी पांकी-नदी-अमानत

अस्पताल भवन सह आवास का शिलान्यास करते विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नौ करोड़ की लागत से अस्पताल भवन सह आवास का शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने बुका निवासी सुर्यदेव राउत के हाथों पुजा अर्चना कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर कराया। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे का उद्घाटन किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए भानु ने कहा जब-जब हेमंत की सरकार आई तब तब भवनाथपुर का विनाश करने का काम किया। वर्ष 13 में बने तो घाघरा चूना पत्थर खदान को बंद कर दिया, वर्तमान में बने तो 2020 में तुलसीदामर के डोलोमाइट खदान को बंद कर हजारों गरीब मजदूर का चूल्हा बंद करने का काम किया। कहा जब मैं वर्ष 08 में स्वास्थ्य मंत्री था तो चार करोड़ की लागत से नये अस्पताल भवन का

शिलान्यास किया। लेकिन दुर्भाग्य की कुछ ही दिनों के बाद झारखंड में राष्ट्रपति शासन लग गया और 13 महीने के बाद विधानसभा चुनाव हुआ और कुछ हमारी कमी कुछ कार्यकर्ताओं की कमी के कारण चुनाव हार गए और राजा साहब को जनता ने विधायक बनाया, लेकिन दुर्भाग्य इस विधानसभा का भवनाथपुर, नगर उटारी, अरंगी, सगमा, केतार, डंडई सहित 14 अस्पताल को राजा साहब में निर्माण कार्य पर रोक लगाने का काम करवाया।भानु ने राजा साहब को नालायक बेटा का उपाधि देते हुए कहा कि जब बेटा नालायक पैदा होता है तो घर बर्बाद करता है जो सबके सामने दिखाई दे रहा है । कहा की भवनाथपुर की जनता देर से ही लेकिन दुरुस्त होकर सच्चाई को जाना पहचाना और हमारे जैसे कधवन छोटे से गांव के गरीब के बेटा को तीन-तीन बार रांची भेजने का काम किया।भानु ने कहा की भवनाथपुर में एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट बना और बंद भी हो गया ,तुलसीदामर में घाघरा में खदान खुला भी और बंद भी हो गया.रघुबर दास की सरकार के समय ही खदान को बंद करने की साज़िश किया गया था लेकिन हमने बंद नहीं होने दिया.समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव जबकि संचालन मनोज पहाड़ीया ने किया। इस अवसर पर बीडीओ नंद जी राम, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास, लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि अनुमंडल दयानंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुनिल सिंह, बिपिन चौबे, संजय यादव, पूर्व मुखिया मधुलता कुमारी, पूर्व प्रमुख रिता देवी, बीडीसी चंदन ठाकुर, मनोज कुमार सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान सेविका मिली अनुस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर(पलामू): चैनपुर प्रखंड के प्रमुख गायत्री देवी ने प्रखंड के असाने पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 15 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान असाने पंचायत के छेछानी टोला के आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। इस क्रम में काफी अनियमितता पकड़ी गई। प्रखंड प्रमुख ने कहा की लापरवाही तथा अनियमितता का गंभीर मामला है। कार्रवाई के लिए प्रभारी सीडीपीओ को शिकायत भेजी जा रही है। ग्रामीण रंजन सिंह कलावती देवी तथा चंद्रावती देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन नहीं खुलता है कभी-कभी सेविका सतिमा देवी की बेटी व सहायिका मिला देवी केंद्र खोलती है। और कब सेंटर खुलेगी यह समय निर्धारित नहीं है। इसके कारण केंद्र में बच्चों की संख्या कम है। बुधवार को 9ः00 बजे सुजाता सिंह और सहायिका मिला देवी ने केंद्र खोला। केंद्र में केवल सात बच्चे पहुंचे थे। प्रमुख ने सुजाता सिंह से पूछताछ की तो उसने बताया की सेविका को पथरी हो जाने के कारण वह दो दिनों से केंद्र नहीं आ रही है। हालांकि इसकी सूचना लिखित आवेदन में अभी तक किसी को नहीं दी है।

प्रखंड प्रमुख एवं आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण के दुकानदारों के साथ किया समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : हुसैनाबाद प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी एवं आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने हुसैनाबाद के सभी डीलरों के साथ समीक्षा बैठक किया इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने किया इस बैठक में हुसैनाबाद प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि जिन लोगों का आधार जन वितरण से जुड़ा हुआ नहीं है उनको जोड़ा जाए साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं करोना काल में राशन कार्ड के लिए दिए गए आवेदन और पलायन मजदूर को प्राथमिकता के साथ भौतिक सत्यापन कर राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य करें,एक साल से खाद्यान उठाव नहीं करने वाले लाभुक का भौतिक सत्यापन करना,सोना सोबरन योजना के अंतर्गत प्रथम छमाही धोती साड़ी का वितरण सुनिश्चित करना, सितंबर एवं अक्टूबर 2023 के एनएफएसए के खाद्यान्न वितरण, फरवरी व मार्च 2023 के ग्रीन कार्ड का खाद्यान्न वितरण,पर बल दिया गया।इस बैठक में अभिमन्यु सिंह, विश्वनाथ सिंह , मिथिलेश कुमार पासवान ,शंभू कुमार, विजय प्रसाद कुशवाहा, सूर्यनाथ पासवान,ललन कुमार पासवान चंद्र मोहन बैठा, उदय प्रसाद यादव, कुणाल यादव ,कलावती देवी, ललन पासवान विमलेश कुमार कश्यप उमेश चौधरी सहित हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सभी डीलर इस बैठक में उपस्थित थे।

छठ पर्व के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण

अच्छे से साफ-सफाई कराने समेत दिए कई आवश्यक निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : छठ पर्व 2023 के मद्देनजर आज उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा सामूहिक रूप से नगर परिषद गढ़वा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटो का निरीक्षण किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने फ्रेंड्स क्लब छठ घाट, स्टूडेंट्स क्लब छठ घाट, जय देवी संघ छठ घाट, टी ग्रुप छठ घाट, सहिजना छठ घाट एवं कल्याणपुर स्थित छठ घाट पहुंच साफ सफाई का जायजा लिया।इस दौरान छठ घाट की अच्छे से साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए नगर परिषद गढ़वा के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को घाटों की सफाई करवाने का निर्देश दिया गया। वहीं छठ पर्व पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, बिजय कुमार को आवश्यक निर्देश दिया।इस दौरान उपायुक्त ने छठ घाट समितियों से अपील किया कि वह घाटों पर अत्यधिक ध्वनि वाले यंत्र यथा डीजे का इस्तेमाल न करें। जिससे ध्वनि प्रदूषण से श्रद्धालुओं को समस्या हो। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था और श्रद्धा का पर्व है, इसे पूरी निष्ठा एवं शालीनतापूर्वक मनाए। इस मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कई अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए जिससे छठ घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम जनों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा विजय कुमार, गढ़वा मयंक भूषण समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

वृद्धा पेंशन के लिए तरस रहा 84 वर्षीय वृद्ध, कुंभकर्णी निंद्रा में प्रखंड के अधिकारी : कर्मचारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : गांव के विकास व जरूरतमंदों सरकारी का लाभ दिलाने को लेकर गांव की सरकार बनाई गई। पंचायत का चुनाव हुआ। गांव के कुशल व्यक्ति को जिम्मेवारी का निर्वहन करने को मत देकर मुखिया बनाया गया। इतना हीं नहीं सरकारी योजनाओं को मुर्त रूप देने के लिए सरकारी कर्मी के रूप में पंचायत सचिव भी पदस्थापित किए गए हैं। इतना सभी होने के बावजूद स्थानीय लोगों को छोटी से छोटी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंचायत के प्रखंड कार्यालय की दौड़ लगाना पड़ रहा है।विश्रामपुर प्रखंड स्थित घासीदाग पंचायत में दिन दुखियारों का कोई मदद करने वाला नहीं। सरकारी योजनाएं व विकास कार्य सिर्फ कागज तक सिमट कर रह गई। मूलभूत सुविधाओं के लिए पंचायत व पंचायत के लोग आज भी तरस रहे हैं। जंगली इलाका होने के कारण आज भी लोग भेड़ बकरी चराकर जीवन यापन कर रहे हैं। आजादी के पहले अंग्रेज का इतना क्रुर शासन था जैसे लोग खाना बदोश की जीवन बिताते थे। ठीक वैसे हीं घासीदाग आज भी दिन

प्रतिदिन पिछड़ता जा रहा है। इसका कारण सिर्फ व सिर्फ पंचायत प्रतिनिधि व सरकारी पदाधिकारी हैं। मुखिया व पंचायत सचिव गांव गांव टोला का निरीक्षण कर वृद्ध को वृद्धा पेंशन का लाभ दिलाते तो सरकारी योजना प्राप्त कर लोग आह्लादित होते। घासीदाग पंचायत क्षेत्र का एक 84 वर्षीय वृद्ध जो आज भी पेंशन के लिए तरस रहा है। पंचायत से प्रखंड कार्यालय तक दौड़ लगा रहा। वृद्ध अपना नाम ना बताते हुए कहा कि उम्र के 84 वर्ष जैसे तैसे कट गई है। शेष बचा समय भी कट हीं जायेगा, इतना कहते हुए वृद्ध रोते हुए कहा कि यहां कोई किसी का नहीं सुनने वाला। सरकारी बाबू को हीं यह सब जरुरी है, उन्ही को राशन पेंशन का लाभ दिलाईए।

शिक्षक राजेश्वर रजक बिना सूचना के विद्यालय से रहते हैं अनुपस्थित

बीईईओ ने कहा जांच कर होगी उक्त शिक्षक पर नियम संगत कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : शिक्षा विभाग में कार्यरत सीआरपी श्याम किशोर सिंह बीआरपी संतोष कुमार ने गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार के प्रभारी प्रधान अध्यापक राजेश्वर रजक के द्वारा शिक्षण कार्य में लगातार लापरवाही बरते जाने की शिकायत पर विद्यालय पहुंचे तो पाया कि प्रधान शिक्षक राजेश्वर रजक उपस्थिति दर्ज कर बिना सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित हैं। साथ ही उन्होंने एमडीएम संचालन संबंधित जानकारी संयोजिका से लेनी चाहि तो वह भी अनुपस्थित पाई गई। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय में संधारित सभी पंजी को विस्तृत रूप से घंटो जांच-पड़ताल किया साथ ही उक्त विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से पूछताछ के क्रम में

पता चला कि शिक्षक राजेश्वर रजक प्रभारी प्रधान अध्यापक की जिम्मेवारी संभालने के बाद कभी सब्जी लेने, कभी गैस भरवाने, कभी विद्यालय के प्रपत्र लेने की बहाने बनाकर विद्यालय से बिना रोक-टोक के अनुपस्थित रहते हैं। जबकि उनके द्वारा फर्जी तरीके से बच्चों का उपस्थिति भी अधिक भरी जाती है जांच के दिन भी 80 बच्चों की उपस्थिति के पश्चात 92 बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर में मेंशन कर दी गई थी। ग़ौरतलब हो कि बीते 6अक्टूबर को ग्रामीणों की शिकायत पर संबंधित मुखिया मूंगा साह के द्वारा उक्त विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया था परंतु उक्त शिक्षक उस दिन भी अनुपस्थित पाए गए थे साथ ही अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पोषण के लिए मिलने वाला अल्पाहार की कटौती किए जाने, मेनू के अनुसार एमडीएम संचालन नहीं किए जाने पर सहयोगी शिक्षक एवं संयोजिका के प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर की थी।उल्लेखनीय है कि उक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा शिक्षण के प्रति घोर लापरवाही बरतने की मामला कई बार उजागर हो चुकी है वहीं अखबार में भी मामले संबंधित खबर छप चुकी हैं।

क्या कहते हैं शिक्षा विभाग के बीईईओ

बीईईओ विजय कुमार पांडे ने बताया कि उक्त मामले की रिपोर्ट बीआरसी से मंगवा कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी उक्त शिक्षक के द्वारा विद्यालय संचालन के प्रति शिकायत कई दिनों से मिल रही है।

स्थानीय विधायक का 46 वां जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष हैप्पी प्रताप शाही के नेतृत्व में 46 वाँ जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया.इस अवसर पर भवनाथपुर मोड स्थित धमनी पुल के निकट वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गो,अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों एवं कुपोषण केंद्र में जाकर दर्जनों से अधिक जरूरतमंदों के बीच फल ,मिठाई एवं कंबल का वितरण कर विधायक भानु प्रताप शाही के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए धूमधाम से जन्मदिन मनाया. इस दौरान लोगों ने इस नेक काम के लिए विधायक भानु के प्रति आभार जताया.वहीं वृद्धा आश्रम के बुजुर्गो ने भी दोनों हाथों से विधायक के लिए दुआ भी किया.मौके पर भाजयुमो नेताओं ने कहा कि आज पूरे विधानसभा में गरीबों के मसीहा विधायक भानु प्रताप शाही का 46 वाँ जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है.उन्होंने कहा कि विधायक के जन्म दिवस पर जरूरतमंदों के बीच फल, मिठाई एवं कंबल का वितरण किया गया है. नेताओं ने कहा कि गरीबों के हर सुख दुख पर साथ रहने वाले एवं हर गरीब तबके के लोगों को उनका हक व अधिकार दिलाने वाले विधायक का जन्मदिन जिले भर में मनाया जा रहा है. भाजयुमो नेताओं ने भी विधायक भानु के जन्मदिवस पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी है. मौके पर शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार चौबे, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र दीक्षित, भवनाथपुर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुधीर सोनी, विकास कुमार चंद्रवंशी, चिंटू कुमार सिंह, विपिन कुमार चंद्रवंशी, ओमप्रकाश प्रजापति, कमलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जपला रेलवे क्रॉसिंग के समीप पलामू पैथोलॉजी में लूपिन डायग्नोस्टिक्स लैब का हुआ शुभारंभ

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत जपला देवी मुख्य पथ पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप पलामू पैथोलॉजी में लूपिन डायग्नोसिस लैब का शुभारंभ हुआ इस लैब में पूरे शरीर एवम अन्य सभी तरह के जांच के लिए फ्री होम कलेक्सन बुक करने की व्यवस्था उपलब्ध है ।मौके पर पलामू पैथोलॉजी के संचालक राजेश पाठक ने कहा की हुसैनाबाद में पुरे शरीर के साथ साथ अन्य सभी तरह का जांच की अति आवश्यक सेवा थी। आज यह सेवा शुरू हो जाने से हुसैनाबाद एवम आस पास क्षेत्रों के मरीजों को आसान होगा आगामी 4नवंबर को पलामू पैथोलॉजी लूपिन डायग्नोसिस जपला रेलवे क्रासिंग के समीप जांच शिविर आयोजित किया जायेगा इस शिविर में शुगर का जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है बाकी जांच लूपिन डायग्नोसिस के निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगा

छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में चार आरोपियों को भेजा गया जेल

नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता): नौड़ीहा बाजार प्रखंड के जमुआ उर्फ़ विशुनपुर स्व रामदास भुइयाँ के 15 वर्षीय पुत्री सुमित्रा कुमारी और साथ मे तीन और लड़की प्रियंका कुमारी ,सिंधु कुमारी और राजरऊन्ति कुमारी ने अपने घर से करीब 1 किमी दूरी पर गाय चरा रही थी ।इसी क्रम मे जमालपुर के मनचले युवक ने राजन कुमार उम्र 19 वर्ष,सोनू कुमार उम्र 18 वर्ष,प्रकाश कुमार उम्र 18 वर्ष और टुनटुन कुमार 18 वर्ष ने सुनसान जगह पर गाय चरा रही लड़कियों को देखकर अश्लील हरकत करने और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने लगे जब लड़की ने इसका विरोध किया तो लड़कियों पर चारों मनचले युवकों के द्वारा जानलेवा हमला कर दिया जब लड़की ने चिल्लाई तो आसपास के लोगों ने दौड़ा तो लड़के लोग भगाना शुरु कर दिया। स्थानीय लोगों ने पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती के सूचना दिया और मुखिया ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा मामला के शांत करना का प्रयास किया लेकिन मामला और बिगड़ने लगी तब तत्काल मुखिया ने तुरंत थाना प्रभारी का सूचना दिया और घटना स्थल पर थाना प्रभारी श्री अमन कुमार ने अपने दल बल के साथ पहुंचकर मामला के शांत कराया और चार आरोपियों को पकड़ कर थाना लाया त्वरित करवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

रास्ता बंद को लेकर भाकपा माले ने दिया धरना आश्वासन मिलने पर किया गया धरना समाप्त

केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता): केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परती पंचायत के कुशवानी गांव में आम ग्रामीणो का रास्ता बंद कर गैर मजरूआ भूमि पर हीरामन साह वगैरह के द्वारा घर बनाने के विरोध में भाकपा माले ने धरना प्रदर्शन किया। भाकपा माले के प्रखंड सचिव दिलीप गुप्ता ने कहा की पदाधिकारियों के मिली भगत से दबंगों द्वारा अवैध कार्य किया जा रहा है। उक्त लोगों पर कुशवानी गांव के पीड़ित ग्रामीणों द्वारा केतार थाना, अंचल कार्यालय और अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया गया। इसके वावजूद भी हिरामण साह वगैरह के द्वारा आम रास्ता को बंद करके गैर मजरूआ भूमि पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। धरना स्थल पर पहुंचे सीआई नागेन्द्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार ने दोनों पक्ष हिरामण साह और लखपति कुंवर के बीच समझौता कराकर धरना समाप्त कराया। सीआई नागेन्द्र पाठक ने पंद्रह दिन के अंदर भूमि का सीमांकन कराकर विवाद का निपटारा कराने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद भाकपा माले के द्वारा दुसरे दिन धरना समाप्त किया गया। पंद्रह दिन के अंदर विवाद का निपटारा नहीं होने पर भाकपा माले और पीड़ित ग्रामीणों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना देने की बात कही गई।इस धरना प्रदर्शन में माले प्रखंड अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, राजेन्द्र सिंह, अखिलेश सिंह,ललिता देवी, रमेश सिंह, लीलावती देवी, सबिता देवी, संगीता देवी, अखिलेश सिंह, विनोद प्रजापति, उपेन्द्र चेरो, गुड्डू प्रजापति, देवलाल प्रजापति सहित अन्य लोग शामिल थे।

प्रधानमंत्री आवास निर्माण में हुलहुला खुर्द पंचायत अव्वल, जब कि सबसे खराब स्थिति में भोजपुर पंचायत : बीडीओ

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री आवास को ले कर सभी कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में बीडीओ ने सभी कर्मियों से कहा कि निर्वाचन कार्य और प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्यो को सावधानी पूर्वक करने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्यो में हुलहुला खुर्द पंचायत अव्वल है. उन्होंने कहा कि सबसे खराब स्थिति भोजपुर पंचायत का है जहाँ 51 आवास अभी तक अपूर्ण है,जब कि कुम्बा खुर्द पंचायत में 45 आवास, कुशदण्ड पंचायत में 44 आवास,कधवन पंचायत में 32 आवास, चितबिश्राम पंचायत में 26 आवास, नरही पंचायत में 25आवास, गरबाँध पंचायत में 19 आवास, विलासपुर पंचायत में 14आवास, हलिवंता कला पंचायत में15 आवास, पिपरडीह पंचायत में14आवास, कोलझिकि पंचायत में 10आवास सहित प्रखंड में कुल 299 आवास अभी तक अपूर्ण है.उन्होंने सभी कर्मियों को आवास निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया.उन्होंने सभी बीएलओ पर्यवेक्षको को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6,मृत व स्थानान्तरित मतदाताओ का नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए प्रपत्र 7 तथा मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम,उम्र,पता आदि में हुये अशुद्धियों को ठीक करने के लिए प्रपत्र 8 भरवाने का निर्देश दिया.बैठक में कार्यालय सहायक अनिल सिंह, बीपीओ राजदीप कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार,जेएस एल पी एस के बीपीएम धनंजय कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, अशोक कुमार, पंचायत सेवक विरेद्र सिंह, नंदकुमार मेहता, प्रशांत कुमार, रोजगार सेवक आलोक राज, आनंद विश्वकर्मा, ज्ञान रंजन चतुर्वेदी,रामचंद्र पांडेय, श्रवण राम, अंबिका सिंह, मुखिया मनोज ठाकुर, उषा देवी, फिरदौस अंसारी, शिविस्टयानी केरकट्टा, विवेक कुमार,ओम प्रकाश, सुशीला देवी, सविता देवी, कुमारी रेखा, सुनीता देवी सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

उप नगर आयुक्त ने गांधी उद्यान का किया औचक निरीक्षण

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर निगम के उप नगर आयुक्त सह जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बुधवार देर शाम गांधी उद्यान का औचक निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने उद्यान की सुरक्षा और रख-रखाव का जायजा लिया.वहीं पार्क में घूमने

आये लोगों और बच्चों से मिलकर उनका फीडबैक भी लिया.मौके पर उप नगर आयुक्त हुसैन ने शहर को स्वच्छ व गांधी पार्क को प्लास्टिक मुक्त बनाने में लोगों से सहयोग करने की अपील की.उन्होंने कहा कि यह गांधी पार्क शहर के बीचों-बीच अवस्थित लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र है और दुनिया में किसी भी शहर की पहचान वहां के सार्वजनिक स्थलों से होती है ऐसे में आप सभी इस पार्क को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना सहयोग अवश्य दें.उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरे शहर में ऐसे और स्थल विकसित किये जायें और मेदनीनगर की पहचान एक खूबसूरत शहर के रूप में हो और यह शहर स्वच्छता की रैंकिंग में हमेशा अव्वल रहे.मौके पर नगर निगम के अन्य कर्मी व बड़ी संख्या में पार्क घूमने आए लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

इंडियन बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

रांची। इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, राँची द्वारा 30.10.2023 से 05.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भ्रष्टाचार के खतरों के बारें में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए 02.11.2023 को अंचल कार्यालय राँची से सिरमटोली चौक तक रोड शो (वॉकथन) का आयोजन आयोजन किया। इस आयोजन का नेतृत्व अंचल प्रबंधक एआर बोखरी ने किया। इसके अलावा इस वॉकथन में उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार, सहायक महाप्रबंधक कुमार दिग्विजय, राँची शहर के सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं अंचल कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्य भाग लिए। इस दौरान बैनर एवं फ्लैगकार्ड के द्वारा सभी को यह संदेश दिया गया कि भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें।

लोक सेवा समिति का 32वां वर्षगांठ मनाया गया

रांची। लोक सेवा समिति का राष्ट्रीय स्तर पर सेवा की 32वां वर्षगांठ नई दिल्ली में 2 दिसंबर 2022 को मनाया गया । इसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए नामित विभूतियां का चयन किया गया । जिसके तहत लोक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं चयन समिति के सदस्यों ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के साथ उनके निवास पर मिलकर चर्चा की और उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद , डॉक्टर सीमा प्रसाद, राय मनी मुंडा, रीना सेनापति इत्यादि सदस्य उपस्थित थे।

मेडिकल छात्र मदन का जला हुआ शव रिम्स परिसर से बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। एक युवक का जला हुआ शव बरामद है, यह युवक खुद आत्मदाह किया है, यह फिर किसी ने इस घटना को अंजाम दिया है यह एक सनसनीखेज और जांच की विषय बन गई है। दरअसल मामला यह है कि गुरुवार को रांची के बरियातू थाना की पुलिस ने रिम्स अस्पताल के हॉस्टल परिसर में एक जला हुआ शव बरामद किया है। पुलिस द्वारा बताया गया है कि रिम्स के युवक रिम्स के हॉस्टल नंबर 5 की छत से शरीर पर आग लगाकर छलांग अपनी जान दे दी। वहीं किसी ने संदेह जताया है। इस घटना से हडंकप मंच हुआ है। पुलिस ने युवक का जला हुआ शव बरामद किया है उसकी पहचान मृतक डॉ. मदन कुमार के रूप में हुई है जो तमिलनाडु के रहने वाले थे। बरियातू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंची। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने डॉक्टर मदन कुमार का जला शव बरामद किये जाने की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि डॉ. मदन कुमार हॉस्टल पांच में रहते थे, जहां मेडिकल स्टूडेंट रहते हैं। जांच में पुलिस को कुछ कदमों के निशान मिले हैं , जिसके आधार पर यह समझा जा रहा है कि मदन कुमार आग लगने के बाद हॉस्टल की छत से छलांग लगायी होगी। जिसके बाद उनकी मौत हो गयी। हॉस्टल की छत पर काफी मात्रा में मोबिल के अंश भी बरामद किया गया हैं। जांच में जुटी बरियातू पुलिस हॉस्टल में रहने वाले दूसरे छात्रों से भी पूछताछ कर रही है।

फॉरेंसिंक एंड मेडिसिन विभाग के सेकंड ईयर के छात्र थे

बता दें कि डॉ मदन कुमार फॉरेंसिंक एंड मेडिसिन विभाग के सेकंड ईयर के छात्र थे। फिलहाल यह हत्या है या आत्महत्या इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस इन दोनों एंगल पर तफ्तीश कर रही है। वहीं मृतक के परिजनों से भी खबर लिखे जाने तक सम्पर्क किया जा रहा था। परिजन के आने के बाद ही पोस्मार्टम आदि की प्रक्रिया होगी।

राज्यपाल को पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में काउंसिल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी, समाजसेवी शोएब अंसारी, काज़ी ए निकाह कारी जान मोहम्मद मुस्तफी, मौलाना तौफीक अहमद कादरी, इंजिनियर इकबाल हसन थे। राज्यपाल से मुलाकात कर 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमे लिखा है की अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त करने एवं मुसलमानों के सामाजिक एवं राजनैतिक उत्थान किया जाए। पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत आपके समक्ष मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक उत्थान के लिए माँग पत्र सौंप रही है और आपसे आशा करती है कि इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए मुसलमानों के जायज माँगों को केन्द्र सरकार एवं झारखण्ड सरकार से दिलाने का पहल करेंगे। 1 अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त कर मुस्लिम व ईसाई , दलितों के साथ हो रहे धर्म आधारित पक्षपात को समाप्त किये जाने के लिए आपके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखने की कृपा की जाए। वहीं मॉबलिंचिंग पर सख्त कानुन बनायी जाए, दुष्कर्मी को फास्ट ट्रैक से फांसी की सजा हो, जातिय जनगणना, जनगणना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत कराया जाए, शिड्यूल्ड जिलों के एकल पदों मुखिया / प्रमुख / जिला परिषद का संविधान के आधार पर अनारक्षित कर डीनोटिफाईड किया जाए, शिड्यूल्ड जिलों के नियुक्तियों में पसमांदा पिछड़ों का आरक्षण लगभग शुन्य कर दिया गया है, उन जिलों में जितनी आबादी पसमांदा पिछड़ों की है उतनी आरक्षण दी जाए, रंगनाथ मिश्र आयोग और सच्चर कमिटि की सिफारिश को लागू किया जाए और मुसलमानों में अंसारी, हलालखोर, धोबी, कलवार जैसी कई ऐसी जातियाँ हैं जिन्हें शिड्यूल्ड कास्ट का दर्जा मिलना चाहिए । हमारी मांगों पर विचार विमर्श कर काम किया जाय।

कैम्ब्रियन स्कूल काठी टांड के छात्र बने कराटे प्रशिक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड स्टेट कराटे संगठन के तत्त्वाधान में दिनांक 6 अक्तूबर 2023 (शुक्रवार)को प्रशिक्षण दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधालय के निम्नांकित छात्र- छात्राओं को प्रशिक्षण प्रशस्ति- पत्र से नवाजा गया। साहिल श्रीवास्तव, हिमांशु राज, सुहेल अंसारी रोहित भगत , रौनक तिर्की , हर्ष राज वर्मा एवं इंद्राणी कुमारी। साथ हीं विधालय भी सभी सफल छात्र- छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिनांक 1 नवंबर 2023 को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विधालय के प्रधानाध्यापक श्री जीराल्ड पैट्रीक पी एवं कराटे प्रशिक्षक जनाब साजाद कुरेशी ने सभी छात्र- छात्राओं को बधाई एव शुभकामनाएँ दी।

जमीन घोटाले के आरोप में निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जमीन घोटाले के आरोप में निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की जबकि छवि रंजन की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की ।

छवि रंजन के अधिवक्ता ने उन्हें बेगुनाह बताते हुए जमानत दिए जाने की गुहार लगाई जबकि ईडी की ओर से कहा गया कि रांची के डीसी रहते हुए छवि रंजन की जानकारी और सहमति से जमीन घोटाला किया गया है। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत अब अपना फैसला सुनाएगा। यह मामला चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है।

इससे पहले उन्होंने बरियातू के सेना की जमीन से जुड़े दूसरे केस में जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। ईडी रांची में जमीन से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन आरोपित है। फिलहाल छवि रंजन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में बंद है। छवि रंजन रांची के पूर्व डीसी भी रह चुके है।

जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य रोपनी कुमारी को मिला रेलवे में नौकरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची हमेशा से हॉकी खिलाड़ियों के लिए मददगार साबित रहा है एक ही नहीं वरन कई हॉकी खिलाड़ियों को इन्होंने नौकरी दी है । अब एक और नई हॉकी खिलाड़ी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के सदस्य झारखंड की बेटी रोपनी कुमारी जो अभी जूनियर वर्ल्ड कप के लिए बेंगलुरु में चल रहे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में शामिल है । उन्हें दक्षिण पूर्व रेलवे रांची में नौकरी का ऑफर दिया है।

यह किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, कि और इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। किसी बड़े प्रतियोगिता हॉकी कैंप से पहले इस तरह का ऑफर आने से किसी भी खिलाड़ी को अपने भविष्य के लिए जो अनिश्चितता रहती है,उसमें निश्चितता आयेगी और उनसे काफी मनोबल बढ़ता है। इसका जरूर लाभ मिलेगा।

चार-पांच वर्षों में झारखंड के आधा दर्जन से अधिक महिला हॉकी खिलाड़ियों को रेलवे में दिया गया है।

मोबाईल चोरी के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । नामकुम थाना में वादी मगदली सोय, कोचांग थाना अड़की, जिला खूँटी वर्तमान क्रिस्टोफर लाकड़ा के मकान किरायेदार में पुराना लोवाडीह, लखानी एन्क्लेश के सामने बेलबगान रोड में रहती है, उसने नामकुम थाना में लिखित आवेदन के आधार मोबाईल लुट के आरोप में कॉटाटोली कुरैसी मोहल्ला नाबालिग और मो कैफ अंसारी, कॉटाटोली कुरैसी मोहल्ला, थाना लोअर बाजार, जिला राँची के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है।

उक्त कांड के अनुसंधान में नाबालिग और मो0 कैफ अंसारी कॉटाटोली कुरैसी मोहल्ला, थाना लोअर बाजार, जिला रॉची को गिरफ्तार किया गया। दोनो अभियुक्तों ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में इस कांड की चोरी की घटना में संलिप्तता की बात स्वीकार किये हैं, तथा इन दोनो के निशानदेही पर कांड में घटना में उपयोग किये गये स्कूटी जेएच 01 डी ओ 5975 को जब्त किया गया है तथा लुटे गये मोबईल को भी बरामद किया गया है।

गिरफतार अपराधकर्मियों का नाम-पता: नाबालिग कॉटाटोली कुरैसी मोहल्ला, थाना लोअर बाजार, जिला राँची, मो कैंफ अंसारी कॉटाटोली कुरैसी मोहल्ला, थाना लोअर बाजार शामिल हैं।

बरामद सामान: लुटे गये मोबाईल

जप्ती: स्कूटी जे0एच0 01 डी ओ 5975

छापामारी दल में शामिल: पुनि सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी नामकुम,पुअनि बोअस मुण्ड, पुअनि बबलु कुमार, सअनि संतोष कुमार,आठ / 2309 उदय कुमार सिंह, आठ / 2134 विजय कुमार मिश्रा, आठ / 3652 जवाहर लाल गुण्डा।

जन जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं ने लगाया स्टॉल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । मोरहाबादी मैदान में स्थित दीवाली मेला का आयोजन किया गया। जिसमें में समेकित बाल विकास परियोजना रांची सदर से आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपना स्टॉल लगाया ।

इस स्टॉल में विभिन्न तरह के पकवान एवं सब्जियों का प्रदर्शनी लगा कर मेले में आये लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए पोषण एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाली लाभ से संबंधित पोस्टर लगा कर अवगत कराया गया। जन जागरूकता लाने हेतु स्टॉल में आने वाले लोगो को बताया गया की बच्चो की स्वास्थ्य की देखभाल । स्तनपान एवं बेहतर देखभाल से माता के द्वारा सही पोषाहार दिया जाना कितना आवश्यक है इसकी जानकारी दी गई। इस आयोजन में मुख्य रूप से रांची सदर की पर्यवेक्षिका अंजना कुमारी दास, सेविका खुशबू,परवीन,आंजली , नाजमा खातून,फरिदा खातून,रौशन आरा,खुशनुमा,रुमा, बबीता, अनिता, मारिया, सुनिता,मारिया बाड़ा,सरिता कुजूर सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थी।

नगर निगम और यातायात पुलिस ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत यातायात पुलिस के संयुक्त रूप से सड़कों को जाम तथा अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार संघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रशासन, यातायात पुलिस तथा रांची नगर निगम के द्वारा संयुक्त रूप से सर्जना चौक, मेन रोड से अंजुमन प्लाजा तक तथा डॉ ज़ाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस क्रम में नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को हटाया गया एवं सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालो पर कार्रवाई की गई। साथ ही अवैध रूप से संचालित तथा अस्थाई संरचनाओं को हटाया गया। फल-सब्जी विक्रेताओं एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के द्वारा कूड़ा एवं गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा रोड में पड़े निर्माण सामग्री पर भी जुर्माना लगाया गया और अवैध पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को जब्त किया गया।

होटल मोती महल में लगी आग, लोग भागते नजर आये

रांची। चुटिया थाना क्षेत्र के क्लब रोड स्थित मिलन प्लेस से सटे आकाश इंस्टीट्यूट वाली संकीर्ण गली में स्थापित होटल मोतीमहल के किचन में गुरुवार को दिन के करीब 11.30 के आस पास आग लग गई। आग लगने के बाद होटल और आस पास में हड़कंप मच गया। तभी फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। लेकिन संकीर्ण गली होने के कारण दोनों गाड़ी होटल तक नहीं पहुंच सकी सिर्फ एक फायर ब्रिगेड गाड़ी होटल के करीब पहुंची और आग बुझाने का काम किया।

झारखंड आंदोलनकारी के आवेदनों का निष्पादन युद्ध स्तर पर हो : मथुरा महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

राज्य। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक एवं विधायक मथुरा प्रसाद महतो गुरुवार को झारखंड राज्य आंदोलनकारी चिंहितीकरण आयोग कार्यालय में आयोग के अध्यक्ष दुर्गा उरांव से मुलाकात की। मथुरा महतो ने कहा की झारखंड आंदोलनकारी के आवेदनों का निष्पादन युद्ध स्तर पर हो और सरकार की लोकप्रियता बनी रहे। आयोग निष्पक्ष होकर कार्य करें। ख्याल रहे आंदोलनकारी छूटे न और गलत लोग घूसे न। कुछ लोग सरकार के पीछे पड़े हैं हमारे लोकप्रिय सरकार को बदनाम करने में तुली है। इसलिए सभी आवेदकों का आवेदन शीघ्र से शीघ्र हो। और आन्दोलन कारी जो जेल गये हैं उसे ही पेंशन सम्मान राशि मिलेगा इसमें सुधार की जरूरत है। मुख्यमंत्री से भी मांग करते हैं कि जो आन्दोलन में रहें और सभी का एक साथ एफआईआर दर्ज हुआ है भले इसमें कुछ जेल नहीं जा सके बाहर से ही बेल मिला हो तो उसे भी आन्दोलन कारी मानते हुए पेंशन सम्मान राशि दिया जाए। अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को चिन्हित करने की दिशा में कोई कोताही नहीं किया जा रही है, बल्कि पुरी तन्मयता से आयोग कार्य कर रही है किसी को कहीं शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा। जहां तक पेंशन देने की और सुधार करने की बात है तो इस पर गृह विभाग,मुख्यमंत्री का ही अंतिम निर्णय होगा। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो, जेस देवी महतो, सुखलाल यादव, इजहार राही जितेंद्र सिंह राजीव रंजन, गीता क्षत्रु राम, मो0 फारूक, आजम मो0, मुस्लिम अंसारी , नसीम अंसारी, नुरुल्लाह अंसारी सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

कोल्ड स्टोरेज किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे : कृषि मंत्री

प्रभाता मंत्र संवाददाता

रांची : नेपाल हाउस, डोरंडा में गुरुवार को चतरा के कोल्ड स्टोरेज के लिए श्री तृप्ति राइस मिल प्रा. लि. और पूर्वी सिंहभूम के स्टोरेज के संचालन के लिए चयनित एजेंसी मेसर्स हजारीबाग होप एंड हेल्थ केयर प्रा. लि. के साथ एमओयू हुआ। इससे चतरा और पूर्वी सिंहभूम के किसानों को अब 5000-5000 मीट्रिक टन की क्षमता का लाभ मिलेगा।

मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी लगातार कोल्ड स्टोरेज के निर्माण, उपयोग, संचालन को लेकर दिलचस्पी दिखा रहे थे। ऐसे में कृषि, सहकारिता विभाग ने लगातार पहल की। अब जब एमओयू हो रहा है तो किसानों के लिहाज से इसे देखते खुशी हो रही है। ये कोल्ड स्टोरेज किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उनके आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि सब्जियां और दूसरे फसलों के लिए कोल्ड स्टोरेज की सुविधा से समय पर उन्हें बाजार में उचित मूल्य पर बेचने में मदद मिलेगी। मिडिल मैन, बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर बेचने की नौबत नहीं आएगी। आने वाले समय में राज्य के 18 जिलों में भी कोल्ड स्टोरेज जल्द धरातल पर दिखेंगे। शेष चार जिलों धनबाद, खूंटी, रामगढ़ में भी स्टोरेज के लिए स्वीकृति मिल चुकी है।

बादल ने कहा कि पिछले दो सालों से लगातार सुखाड़ का सामना झारखंड के किसानों को करना पड़ा है। इससे पहले कोरोना संकट रहा। इन सबके बावजूद राज्य सरकार किसानों के लिए खड़ी रही। किसानों, पशुपालकों को प्रति लीटर तीन रुपये का प्रोत्साहन राशि देने का फर्क आया कि अब ढाई लाख लीटर दूध उत्पादन राज्य में हो रहा। दूध की कमाई, बोनस से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगा है। 58 लाख बिरसा किसानों के जीवन में बेहतरी के लिए दूसरे विभागों के समन्वय के साथ प्रयास हो रहे हैं।

झामुमो कार्यकर्ताओं का सम्मेलन 17 को, मुख्यमंत्री लेंगे हिस्सा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)रांची जिला समिति की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 17 दिसम्बर को रांची जिला कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन जी शामिल होंगे। बैठक में सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। दिसम्बर तक दो लाख सदस्य बनाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रांची जिला समिति रांची लोक सभा के साथ चार विधानसभा से चुनाव लड़ने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया जाएगा। मौके पर केन्द्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, केन्द्रीय सदस्य सह राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पूर्व केन्द्रीय सदस्य अंतू तिर्की, रामशरण विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

सीमेंट फैक्ट्री में हाइवा से कोयला ढुलाई पर लगे रोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : ख़लारी सीमेंट फैक्ट्री पार्किंग परिसर में संचालन समिति व ट्रक आनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई. बैठक में खलारी सीमेंट कारखाना परिसर में हाइवा से हो रहे कोयला ढुलाई पर आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया गया. कहा गया कि सीमेंट कारखाना में सीमेंट निर्माण के बदले परिसर को कोयला स्टाक यार्ड बनाने और सीमेंट कारखाना साइडिंग को कोयला साइडिंग बनाने का समर्थन इसलिए

किया गया था ताकि यहां के लोगों को रोजगार का अवसर मिल सके. कोयला ढुलाई में स्थानीय ट्रक मालिकों के ट्रकों को अवसर मिले.पिछले 15 वर्षों से कंपनी व लोकल प्रतिनिधियों द्वारा सीमेंट फैक्टरी के प्रभाव क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा गया था. मगर कंपनी समय समय पर साजिश रचते हुए हाइवा के माध्यम से कोयला ढुलाई कराकर ग्रामीणों का रोजगार खत्म करना चाहती है. कहा गया कि केडी मार्केट होते हुए हाइवा का परिचालन हो रहा है. जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण हो सकता है.सैकड़ों स्कूली बच्चे इस सड़क से आना जाना करते हैं.समिति व एसोसिएशन ने हाइवा से कोयले की ढुलाई का पुरजोर विरोध करते हुए प्रशासन से भी अपील किया कि हाइवा से कोयला ढुलाई पर अविलंब रोक लगाया जाए. ताकि यहां का रोजगार न छिने और वातावरण को धूल प्रदूषण से बचाया जा सके. बैठक में निर्णय किया गया अगर कंपनी हाइवा से कोयला ढुलाई अविलंब बंद नहीं करती है तो हर गांव टोला के महिला पुरूष सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे और चक्का जाम करेंगे.

मजदूरों का आर्थिक नुकसान बर्दाश्त नहीं करेगा इंटक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : मजदूरों को हो रहे आर्थिक नुकसान के कारन आर.सी.एम.एस की एक आवश्यक बैठक डकरा भीआईपी सभागार में बी.एन.पांडे की अध्यक्षता में हुई. मौके पर बी.एन.पांडे ने कहा कि मजदूरों का हर नुकसान बर्दाश्त नही किया जा सकता है लेकिन आर्थिक नुकसान किसी भी किमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा .बर्तमान मे एन.के.प्रबंधन के द्वारा चार दिन फिजिकल शारिरक उपस्थिति होने पर संडे डियुटी देना और सिक छुट्टी के दौरान पडने वाला रविवारीय भुगतान बंद है जिसे सैप का हवाला देकर प्रबंधन के द्वारा दिग्भ्रमित किया जा रहा है .इसके बाद संडे डियुटी के बदले पूर्व में रेस्ट छुट्टी आठ दिन जमा करने प्रवधान था जिसें समाप्त कर दिया गया है. इसके बाद एन.के.क्षेत्र में कार्य कर रहे असंगठित मजदूरों का बोनस भुगतान दिपावली पूजा से पहले किया जाय . वहीं एरिया सचिव अब्दुल्लाह अंसारी ने कहा कि प्रबंधन कोयला मजदूरों के साथ मनमानी करना बंद करें. मजदूरों कि मिलने वाली सुविधाओं से अगर छेडछाड बंद नहीं होती हैं तो आर.सी.एम.एस उग्र आंदोलन करेगी जिसमें पुरे क्षेत्र का औधोगिक माहोल अशांत हो जाएगा .बीस नवम्बर तक अगर प्रबंधन सभी मांगों पर बिचार नहीं करती हैं तो 21नवम्बर से सभी परियोजनाओं में गेट मिटिंग तथा 25 नवम्बर को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष घेराव किया जाएगा .इसके बाद खदान तथा कोयला डिसपेंच बंद किया जाएगा जिसकी सारी जबादेही प्रबंधन की होगी.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत गुरुवार को पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव स्थित नेहरू आदर्श विद्यालय में हिंदी निबंध,स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा के देख-रेख मे आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के कई बच्चे शामिल हुए।इस संबंध मे कार्मिक प्रबधंक रवि बाड़ा ने कहा कि सीसीएल पिपरवार एरिया मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है,जिसके तहत प्रबंधन के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को कर्तव्य और ईमानदारी के साथ कार्य करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सर्तकता विषय पर पर नेहरू आदर्श विधालय बेंती मे हिन्दी निबंध,श्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के कई बच्चों ने भाग लिया।उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों को भी सतर्कता जागरूकता के उद्देश्य के बारे मे जानकारी दी।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प में सेवानिवृत हवलदार को दी गई विदाई

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप से सेवानिवृत हुए हवलदार मृत्युजंय महतो को विदाई दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता अवर निरीक्षक सत्येंद्र मिश्रा और संचालन रंजीत कुमार ने किया।समारोह मे उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने सेवानिवृत्ति हवलदार मृत्युजंय महतो का माला पहनकर एवं बुके देकर स्वागत किया।इसके अलावे उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने उनके कार्यों की प्रशंसा की।साथ ही उनके उज्जवल एवं सुखमय भविष्य की कामना की।इस मौके पर अवर निरीक्षक मणि मोहन प्रसाद,शमशाद खान, परेश मरांडी,संजीव कुमार श्रृंगारी,मनोज कुमार,नूनू राम मेहरा,संजय कुमार यादव, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर खान,मंत्री सुजीत कुमार,सुशील कुमार पांडेय,गोल्डन चौबे,प्रदीप रजक,सुरेश प्रजापति,जितेंद्र शुक्ला,कन्हैया कुमार,सुशील पाल, पवन महतो,नागेंद्र सिंह,पवन कुमार,राजीव रवि सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

पुरनानगर उत्क्रमित उच्च विद्यालय में नव प्रतिनियुक्त शिक्षकों का स्वागत किया गया

अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता): खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के पुरनानगर गांव स्थित राजकीय उत्क्रमिक उच्च विद्यालय में गुरुवार को नव पदस्थापित शिक्षकों के प्रतिनियक्ति पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर अड़की के सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू ,पूरनानगर मुखिया कृष्णा मुंडा ,सेवानिवृत्ति शिक्षक रोहित हाजाम, ज्योति नारायण साहू मुख्य रूप से मौजूद थे।सम्मान समारोह में विधालय के छात्र- छात्राओं के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम की खूबसूरत प्रस्तुति की गई जिसमें खास तौर पर नाटक के माध्यम से 卐बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ卐 का संदेश दिया गया।कार्यक्रम मे शिक्षक सचिदानंद गोराई , अरविन्द कुमार शाह ,रतन लाल मुंडा, रामचरण महतो ,बसंत महतो, नव प्रतिनियुक्त शिक्षक संजय कुमार यादव ,यमुना साहू, मनोज कुलदीप होरो, उपमुखिया कमलेश प्रमाणिक, ग्राम प्रधान अमरसिंह मांझी ,प्रेमानंद साहू ,रेखा देवी, सरिता देवी एवं विधालय के छात्रों के अभिभावक उपस्थित रहे।

तमाड़ में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के जनता दरबार में राशन कटौती का मामला छाया रहा

तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से झारखंड सरकार के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने आमजन की समस्याएं सुनी और त्वरित रूप से सामाधान करने को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारीयों और कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया।इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा दर्जनों मामलों को लेकर कुल 56 आवेदन दिए गए। जिसमें राशन डीलरों द्वारा राशन कटौती की शिकायत का मामला अत्यधिक रहा और जनता दरबार में यह राज्य स्तरीय शिकायत तमाड़ के जनता दरबार में छाया रहा। राशन कटौती पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा की आपकी शिकायतों का निष्पक्ष जांच किया जाएगा,दोषी पाए जाने पर संबंधित डीलरों या अधिकारियों पर तत्काल कड़ा निर्णय लेते हुए त्वरित कारवाई किया जाएगा. वही ग्रामीणो द्वारा दिए गए आवेदनों को संबंधित विभाग को जांच कर कारवाई करने के लिए स्थानांतरित किया गया. और कुछ आवेदनों को मंत्री श्री उरांव अपने साथ लें गए. पंचायत स्वयंसेवक संघ द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया.

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक घायल

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के मुरतो बजार टांड के समीप बेड़ो नरकोपी सड़क पर बुधवार की देर शाम दो मोटरसाईकिल के जोरदार टक्कर से महुगाँव नवाटोली निवासी की सोमरा उराँव 46 वर्ष की मौत हो गयी। वहीं इडरी गांव निवासी 45 वर्षीय फोनेशियन एक्का घायल हो गए। परिजनो ने ग्रामीणों के सहयोग से उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया। जहां रिम्स जाने के दौरान रास्ते में सोमरा उराँव की मौत हो गयी। सोमरा उराँव अपने पीछे पत्नी बिरसी उराईन 38 वर्ष, पुत्री मनीशा बड़ा 20 वर्ष, तीन पुत्र मनिस उराँव 18 वर्ष, अनिश उराँव 15 वर्ष और सचिन उराँव 13 वर्ष छोड़ गये। गुरूवार को शाम 4 बजे आदिवासी रीति रिवाज से गांव के मसना में अंतिम संस्कार किया गया।

वीर बिरसा मुंडा के प्रतिमा लगाने हेतु भूमि पूजन

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति नामकुम प्रखंड के द्वारा आज 2/11/2023 को रामपुर रिंग रोड़ चौक पर वीर बिरसा मुंडा का प्रतिमा लगाने के लिए विधिवत् पहान के द्वारा भूमि पूजन किया गया । इस मौके पर गांव के पहान अनिल लकड़ा, खरसीदाग पहान जुरा पहान, जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा,जिला परिषद सदस्य बिपिन टोप्पो, आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा,52 पडाह के अध्यक्ष प्रदीप तिकी, हाहाप मुखिया नन्हे कच्छप, ग्राम प्रधान रामपुर लक्ष्मण लकड़ा,पडाह समिति के महिला सचिन मरियम लकड़ा, समाज सेवी प्रदीप लकड़ा, समिति के मिडिल प्रभारी उत्तम गोप, समाजसेवी मदन टुटी,समाज सेवी बुलू लिंडा, समाजसेवी वाल्टर टोप्पो, समाजसेवी चामू बेग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

काली पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): युवा मोर्चा काली पूजा समिति टाटीसिल्वे द्वारा पंडाल निर्माण को लेकर भूमि पूजन पुरोहित विमलेश मिश्रा ने पूजा अर्चना कर पंडाल निर्माण की नीव रखी। इस वर्ष काल्पनिक मन्दिर के रूप मे भव्य बनाया जायेगा। पंडाल बनाने की जिम्मेवारी यश टेंट हाउस टाटीसिल्वे एवम विधुत साज सज्जा यूनिक साउंड अंगडा को दी गई है। समिति के अध्यक्ष सनील जॉय ने बताया की 12 नवंबर को रात 12 बजे काली पूजन, 13 को आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो द्वारा पंडाल का उद्घाटन के साथ माता जागरण, 14 को महाआरती व महाभोग प्रसाद वितरण, 15 को प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया जायेगा। इस अवसर पर रोशन गुप्ता, अमित मिश्रा, मोहित भट्ट, मनोज ठाकुर, उप प्रमुख नामकुम वीणा कुमारी इत्यादि ग ण मान्य लोग उपस्थित थे।

सरदार पटेल की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): संत माईकल स्कूल मुरी में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय सरदार बल्लभ भाई पटेल का जीवन एवं कार्य दर्शन रहा। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल की पेंसिल से ड्राइंग बनाए तथा उनकी जीवनी पर भाषण दी। विद्यालय परिसर मे निर्देशक राकेश कुमार प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने कहा कि भारत के लौह पुरुष की जयंती पर, हम देश की एकता और अखंडता के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य के लिए खुद को फिर से समर्पित करते है। आजादी के लिए कई लड़ाईयां लड़ी गई, कई लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी, हमें ज्ञात-अज्ञात सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देनी है, उन्हें याद करना है और उनसे प्रेरणा लेनी है। युवाओं को अपने त्याग की भावना से राष्ट्र निर्माण में आगे आना होगा। इस मौके पर दीपिका कुमारी, सीमा कुमारी, श्वेता सिंह, शोभा शर्मा, श्वेता रेजिस भेंगरा, अनुरिमा कुमार, प्रशांत गौराई आदि उपस्थित थे।

ईसाई समुदाय ने मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : प्रखंड के कलवाडीह स्थित कब्रिस्तान में गुरुवार को मसीही समुदाय के लोगों ने मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस मनाते हुए अपने पूर्वजों के कब्र पर मोमबत्तियां जलाई और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पुरोहितों द्वारा कब्र पर आशीष जल का छिड़काव किया गया। देर शाम गांव के कब्रिस्तान मोमबत्ती की रोशनी से जगमगा उठा। इस आयोजन के लिए एक सप्ताह पुर्व से कब्रस्थानों की सफाई तथा अपने पूर्वजों के कब्र की लिपाई पुताई कर फूलों से सुंदर ढंग से सजाया गया। इस दौरान प्रार्थना का आयोजन किया वहीं पूर्वजो को याद कर लोगों की आंखें नम हो उठी। फादर विल्यानुस मिंज एवम एंथ्रेस डुगडुग ने बताया कि अन्य धर्मों के तथा ईसाई धर्मों में भी अपने पूर्वजों के आत्माओं को याद किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 2 नवंबर को रोमन कैथोलिक धर्मवलंबी अपने पुर्वजों के लिए विशेष मसीही प्रार्थना किया जाता है। इसके पीछे विश्वास है कि ये आत्माएं भी ईसा मसीह की तरह जी उठेंगी। आज के दिन मसीही लोग कब्र के पास आकर अपने पूर्वजों को याद करते हैं और अपने बाल-बच्चों के साथ पूर्वजों के रिश्तों को पुनर्जीवित करते हैं।

आदिवासी समाज की संस्कृति है जतरा : सन्नी टोप्पो

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के दिघिया पंचायत के तुको गांव में गुरुवार को इक्कीस पाड़हा सरना कन्दा जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उनका भव्य स्वागत किया गया। जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा सन्नी टोप्पो का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि जतरा आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है। उन्होंने कहा कि जतरा आदिवासियों की पहचान है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रारंभ किए गए जतरा का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व है। जतरा के माध्यम से आदिवासियों के रीति-रिवाज परंपरा को प्रगाढ़ता मिलती है। साथ ही साथ समाज को जतरा एक दूसरे से समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करता है। हमारे पूर्वजों ने जतरा का आयोजन सोच समझ कर किया था। हमलोगों के पुर्वज पहले खोड़हा नृत्य देखते थे पर आज के आधुनिक युग में परिस्थिति बदल रही है लेकिन एक कहावत है जे नाची से बाची इस बात को नहीं भुलना चाहिए।

उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा (खनन शाखा)

बालू घाटों का **MDO** चयन हेतु अति– अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।

क्र0	बालू घाट का नाम	प्रखण्ड	मौजा	प्लॉट नम्बर	रकवा (है0 में)	Yearly Excavation in Tonnes	e- Tender Reference No :-	बेवसाईट में ई– निविदा प्रकाशन की तिथि	ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	ई– निविदा खोलने की तिथि	नियम एवं शर्त्ते	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता
1	Dudhi 01	Jainagar	Jamkati	1	0.38	3534	Dudhi01/01/23-24	03.11.2023	10.11.2023 11,00 बजे पूर्वाहन तक	11.11.2023 14.00 बजे	JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप	उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा।
		Chandwara	Kanko	135								
		Chandwara	Pokdanda	987								
2	Dudhi 02	Chandwara	Kanko	135	0.09	837	Dudhi02/02/23-24					
3	Dudhi 03	Chandwara	Kanko	135	0.16	1488	Dudhi03/03/23-24					
4	Dudhi 04	Chandwara	Kanko	135	0.18	1674	Dudhi04/04/23-24					
5	Dudhi 05	Chandwara	Garaindih	373	0.08	744	Dudhi05/05/23-24					
6	Dudhi 06	Chandwara	Garaindih	699	0.65	6045	Dudhi06/06/23-24					
		Chandwara	Garaindih	373								
		Chandwara	Majhgaon	799								
7	Akto 01	Jainagar	Gopaldoh	1361	0.74	6970.8	Akto01/07/23-24					
		Jainagar	Kakarcholi	1								
		Jainagar	Kakarcholi	307								
8	Akto 02	Jainagar	Gopaldoh	1361	0.63	5934.6	Akto02/08/23-24					
		Jainagar	Kakarcholi	1								
		Jainagar	Kakarcholi	307								
		Jainagar	Santh	731								
9	Akto 03	Jainagar	Irgobad	1110	3.82	35984.4	Akto03/09/23-24					
		Jainagar	Irgobad	1479								
		Jainagar	Sarmatanr	1								
10	Akto 04	Jainagar	Behradih	1586	0.49	4615.8	Akto04/10/23-24					
		Jainagar	Jogiatila	1700								
		Jainagar	Jogiatila	753								
		Jainagar	Jogiatila	1468								
		Jainagar	Mandaria	843								
11	Akto 05	Jainagar	Behradih	1586	0.76	7159.2	Akto05/11/23-24					
		Jainagar	Jogiatila	1700								
		Jainagar	Jogiatila	753								
		Jainagar	Jogiatila	1468								
12	Akto 06	Jainagar	Behradih	1586	0.94	8854.8	Akto06/12/23-24	03.11.2023	10.11.2023 11,00 बजे पूर्वाहन तक	11.11.2023 14.00 बजे	JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप	उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा।
		Jainagar	Jogiatila	1700								
		Jainagar	Jogiatila	753								
		Jainagar	Jogiatila	1468								
		Jainagar	Tilokri	1502								
13	Akto 07	Jainagar	Tilokri	1502	2.86	26941.2	Akto07/13/23-24					
		Jainagar	Tilokri	1502								
		Jainagar	Jogiatila	1700								
		Jainagar	Jogiatila	753								
		Jainagar	Jogiatila	1468								
14	Akto 08	Jainagar	Jogiatila	1700	1.69	15919.8	Akto08/14/23-24					
		Jainagar	Jogiatila	753								
		Jainagar	Jogiatila	1468								
		Jainagar	Tilokri	1502								
15	Akto 09	Jainagar	Jogiatila	1700	2.17	20441.4	Akto09/15/23-24					
		Jainagar	Jogiatila	753								
		Jainagar	Jogiatila	1468								
		Jainagar	Tilokri	1502								
16	Keso 01	Markacho	Birajpur	1	0.89	16767.6	Keso01/16/23-24					
		Domchanch	Nimadih	1066								
		Markacho	Bansdih	911								
		Markacho	Bansdih	1129								
		Markacho	Bansdih	1								
		Markacho	Bansdih	1132								
		Markacho	Bansdih	2								
17	Keso 02	Markacho	Bansdih	911	1.56	29390.4	Keso02/17/23-24					
		Markacho	Bansdih	1129								
		Markacho	Bansdih	1								
		Markacho	Bansdih	1132								
		Markacho	Bansdih	2								
		Domchanch	Nimadih	1066								
18	Keso 03	Markacho	Bansdih	911	2.15	40506	Keso03/18/23-24					
		Markacho	Bansdih	1129								
		Markacho	Bansdih	1								
		Markacho	Bansdih	1132								
		Markacho	Bansdih	2								
		Domchanch	Nimadih	1066								
		Jainagar	Arwatanr	86								
		Domchanch	Ghutia	128								
19	Keso 04	Markacho	Bansdih	911	2.36	44462.4	Keso04/19/23-24					
		Markacho	Bansdih	1129								
		Markacho	Bansdih	1								
		Markacho	Bansdih	1132								
		Markacho	Bansdih	2								
		Jainagar	Chandra	1428								
20	Keso 05	Markacho	Bansdih	911	3.18	59911.2	Keso05/20/23-24					
		Markacho	Bansdih	1129								
		Markacho	Bansdih	1								
		Markacho	Bansdih	1132								
		Markacho	Bansdih	2								
		Jainagar	Chandra	1428								
		Markacho	Nagirto	391								
		Jainagar	Badulia	1								
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
21	Keso 06	Markacho	Nagirto	391	1.91	35984.4	Keso06/21/23-24					
		Jainagar	Badulia	1								
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
22	Keso 07	Markacho	Nagirto	391	0.6	11304	Keso07/22/23-24					
		Jainagar	Badulia	1								
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
23	Keso 08	Markacho	Nagirto	391	0.33	6217.2	Keso08/23/23-24					
		Jainagar	Badulia	1								
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
24	Keso 09	Markacho	Nagirto	391	1.24	23361.6	Keso09/24/23-24					
		Jainagar	Badulia	1								
25	Keso 10	Jainagar	Badulia	1	0.39	7347.6	Keso10/25/23-24					
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
26	Keso 11	Jainagar	Badulia	1	0.95	17898	Keso26/26/23-24					
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
		Markacho	Chopnadih	289								
27	Keso 12	Jainagar	Badulia	1	3.74	70461.6	Keso12/27/23-24					
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
		Markacho	Chopnadih	289								
		Markacho	Beladih	1								
		Markacho	Beladih	904								
28	Keso 13	Jainagar	Badulia	1	1.74	32781.6	Keso13/28/23-24					
		Jainagar	Badulia	286								
		Jainagar	Badulia	925								
		Jainagar	Badulia	916								
		Markacho	Beladih	1								
		Markacho	Beladih	904								
29	Keso 14	Jainagar	Ambadih	826	5.35	100794	Keso14/29/23-24					
		Markacho	Dasaro Khurd	2263								
		Markacho	Dasaro Khurd	1890								
30	Keso 15	Jainagar	Ambadih	826	3.21	60476.4	Keso15/30/23-24					
		Markacho	Dasaro Khurd	2263								
		Markacho	Dasaro Khurd	1890								
31	Keso 16	Markacho	Dasaro Khurd	2263	1.00	18840	Keso16/31/23-24					
		Markacho	Dasaro Khurd	1890								

नोटः– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category-A के तहत यचनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई– निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा। | अपर समाहर्त्ता कोडरमा। | उपायुक्त कोडरमा।

PR.NO.310483 Mines and Geology(23-24):D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधव सिंह मानकी का हाल जानने रांका गांव पहुंचे सविता महतो

चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता): वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य माधव सिंह मानकी का हाल जानने गुरुवार को विधायक सविता महतो नक्सल प्रभावित रांका गांव पहुंचे। इस दौरान विधायक ने उनका हाल जाना एवं शाल उड़ा कर सम्मानित किया। साथ ही विधायक ने उनसे किसी भी प्रकार के जरूरत पड़ने पर संपर्क करने को कहा। मालूम हो कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता माधव सिंह मानकी का बिगत दिनों तबीयत खराब होने से उनका ईलाज जमशेदपुर के अस्पताल में चल रहा था। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण किशोर महतो, जिला सह सचिव अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, मुखिया प्रतिनिधि कुनाराम मांझी, बाबलू मांझी, शिबू महतो आदि झामुमो कार्यकर्ता व परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने किया अंचलाधिकारी का स्वागत

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के नव पदस्थापित अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद का भाजपा के जिला आई टी सेल प्रभारी गंगा सागर पाल ने आज ईचागढ़ अंचल कार्यालय में बुके देकर स्वागत किया। वहीं गंगा सागर ने विद्यार्थियों का आय, आवासीय, जाति आदि प्रमाण पत्र समय पर देने सहित कई जन समस्याओं पर अंचलाधिकारी का ध्यानाकृष्ट कराया। बताया प्रमाण पत्र निर्गत करने में काफी विलंब होता है। जमीन का खारिज दाखिल एवं छुटे हुए जमीनो का कागजातों का आनलाइन कराने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मौके पर राकेश उरांव, अमर, राजेश आदि मौजूद थे।

मुखिया करम सिंह के नेतृत्व में कुचाई बीडीओ का हुआ स्वागत

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुचाई प्रखंड क्षेत्र के सभी दस पंचायत के मुखियाओं ने गुरुवार को कुचाई प्रखंड मुख्यालय में नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम का बुके देकर स्वागत किया। वहीं बीडीओ श्री देवगम? ने सभी मुखिया से परिचय प्राप्त कर पंचायतों की सर्वांगीण विकास के लिए दिशा निर्देश दिया। साथ ही सभी पंचायत के मुखियाओं के साथ आपसी तालमेल व सामान्य स्थापित कर विकास कार्य को करने के साथ अपने अपने पंचायतों के ज़रूरी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उन्हें पूरा करने की सलाह दी। इस दौरान मुख्य रूप से रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा, तिलोपदा पंचायत के मुखिया राम सोय, गोमियाडीह पंचायत के मुखिया मंगल सिंह मुंडा, छोटासेगोई पंचायत के मुखिया लुदरी हेंब्रम, बारुहातु पंचायत के मुखिया रेखामनी उरांव, दशरथ उरांव, गोविंद हेमरम, महेंद्र लाल सोय आदि उपस्थित थे।

टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन एक्सपो आज से

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटा स्टील जमशेदपुर रन-ए-थॉन के आठवें संस्करण के लिए तैयार हो रही है, 3-4 नवंबर, 2023 तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। एक्सपो का उद्घाटन कल सुबह 10:00 बजे होगा। एक्सपो में वा विभिन्न रन-ए-थॉन के ऑफिशियल पार्टनर हिस्सा लेंगे। एक्सपो में 3-4 नवंबर को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे और दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे के बीच टी-शर्ट और बीआईबी वितरण भी किया जाएगा। एक्सपो के दौरान, एथलीटों को उन तेज धावकों से भी बातचीत करने का मौका मिलेगा जो दौड़ के दौरान उनके साथ होंगे। 5 नवंबर, 2023 (रविवार) को सुबह 6 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता- ज्योति याराजी द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी। अभी तक विभिन्न श्रेणियों में 5000 से अधिक धावकों ने दौड़ के लिए पंजीकरण कराया है। रविवार, 5 नवंबर को, सीएच एरिया से मरीन ड्राइव तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से शुरू होने और वापस लौटने के रूट मैप में चिह्नित सड़कें निर्धारित कार्यक्रम के कारण जनता के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेंगी।

वनाधिकार समिति के अध्यक्ष चुने गए अरुण सचिव बने राजू

जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के वीर ग्राम ग्रामप्रधान सुंदर लाल दास की अध्यक्षता में आज ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में वीर ग्राम वनाधिकार समिति का सर्वसम्मति से अरुण दास को वन वनाधिकार समिति का अध्यक्ष घोषित किया, जबकि सचिव के तौर पर राजू दास को चुना गया। इस ग्राम सभा में ग्राम प्रधान सुंदरलाल दास,तरुण दास, आसुतोष दास, पद्मोलोचन दास, निरंजन दास, राधा रानी दास, सुभाष दास पदावती दास, राजू दास समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

कतर जेल में बंद कमांडरों की रिहाई की मांग को लेकर उपायुक्त को दिया ज्ञापन

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): वैश्य समन्वय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा आरक्षी अधीक्षक डॉ विमल कुमार को ज्ञापन सौंपकर विगत एक साल से कतर के जेल में बंद कमांडर संजीव गुप्ता सहित सभी आठ नौसैनिक अधिकारियों को रिहाई करवा कर स्वदेश वापस लाने की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार को भी प्रेषित की गई है। विदित है कि कतर की एक अदालत में कमांडर संजीव गुप्ता सहित आठ पूर्व नौसैनिकों पर लगाए गए आरोप संदिग्ध होने के बावजूद बीते 26 अक्टूबर को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इससे पूर्व दूर्गापूजा पूरे जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बधाई देते हुए पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, पंसस सह प्रवक्ता सुनील गुप्ता, महिला विंग की अध्यक्ष रीमा जायसवाल, वरीय पदाधिकारी शकुंतला देवी, संरक्षक शिक्षाविद एसडी प्रसाद, भरत लाल गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, अर्जुन प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, अरुण शर्मा, योगेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

एनआईटी जमशेदपुर का 13वां दीक्षांत समारोह कल, राज्यपाल करेंगे शिरकत

समारोह में 2 गोल्ड मेडल, 20 सिल्वर मेडल सहित 1040 बच्चों को महामहिम सौपेंगे प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

आदित्यपुर : आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर का 13वां दीक्षांत समारोह शनिवार, 4 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मौजूद रहेंगे। इस दौरान उनके कर कमलों से संस्थान के दो छात्रों को गोल्ड मेडल तथा 20 छात्रों को सिल्वर मेडल सहित कुल 1040 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ0 प्र0 गौतम सूत्रधर ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर उपरोक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह में 42 पीएचडी, 158 एमटेक, 93 एमसीए, 84 एमएससी और 663 बीटेक के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। संस्थान के जिमखाना हॉल में प्रातः 11 बजे से आयोजित इस समारोह में कई अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में संस्थान के विद्यार्थियों के चल रहे कैम्पस के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक का शीर्षस्थ सालाना पैकेज एक ऑस्ट्रेलियन कंपनी अटलांसियन का है जिसने छह छात्रों को 83-83 लाख रुपए का पैकेज दिया है। इस वर्ष 1040 विद्यार्थियों में से 990 छात्रों का कैम्पस देश के विभिन्न नामी कंपनियों ने कर लिया है जिसका प्रतिशत 98.97 फीसदी है। इस मौके पर केंद्र सरकार की स्टार्टअप योजना की जानकारी देते हुए निदेशक ने बताया कि संस्थान के कैम्पस में ही एलुमनी विद्यार्थियों को इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने के लिए 10 हजार एकड़ जमीन उपलब्ध करा दी गई है। एलुमनी के लिए केंद्र सरकार ने भी 4.90 करोड़ रुपए सहायतार्थ आवंटित कर दिया है। भारत सरकार को साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्रालय ने तीन वर्ष तक के केंद्र के कर्मचारियों को वेतन आदि देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इन्क्यूबेशन सेंटर का कार्य आगामी जून 2024 से शुरू हो जाएगा जहां नए उद्यमी तैयार होंगे। प्रेसवार्ता में रजिस्ट्रार निशीथ कुमार राय, डीन एकेडमी सीएम राव और एसोसिएट डीन एकेडमी एम राउत भी उपस्थित थे।

साकची श्रीलेदर्स के आशीष डे 'भाई' को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : साकची श्रीलेदर्स के स्व. आशीष डे भाई की पुण्यतिथि पर साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स एवं होटल स्मिता (होटल डेज ऑनर्स) में परिवार के सदस्य एवं दोनों संस्थानों के सभी कर्मचारियों द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया। उक्त अवसर पर उनके द्वारा दिखाय गए रस्ते पर चलने का एवं उनके किये गए सामाजिक कार्यों को नम आँखों से याद करते हुए संस्थानों के द्वारा किये जाने वाले सामाजिक दायित्वों को निर्वहन करने का प्रण लिया गया। ज्ञात हो कि आशीष डे भाई स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चंद्र डे के तृतीय (सबसे छोटे) पुत्र थे और अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने श्रीलेदर्स को एक नये मुकाम तक पहुंचाया एवं अपने पिता स्व सुरेश चंद्र डे के दूरगामी एवं निस्वार्थ सोच का अपने जीवन में यथार्थ करते हुए हज़ारों परिवार के हाथों को काम एवं लाखों करोड़ों भारतवासीयों को एक उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद उपलब्ध करा रहे है। स्व सुरेश चंद्र डे का सपना एवं संकल्प था कि देश के सभी नागरिकों के पैर में चप्पल हो और वह भी एक गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती दाम पर उपलब्ध हो और इसी सोच को श्रीलेदर्स परिवार आज भी आगे बड़ा रहा है। सरल स्वभाव एवं जरूरतमंदों की मदद को हमेशा तत्पर रहने वाले आशीष डे भाई के नाम से भी जाने जाते थे।

टाटा स्टील कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों को भेंट किए शूज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सामुदायिक कल्याण के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता के तहत, कंपनी के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के कर्मचारियों ने बमनीपाल परिसर में फेरो अलॉयज प्लांट स्थित चार्ज क्रोम प्लांट यूपी (एमई) स्कूल के बच्चों के लिए जूते दान किए। वंचित स्कूली बच्चों की भलाई में सहयोग करने की पहल करते हुए, स्टाफ सदस्यों ने - अपनी कर्मचारी स्वयंसेवा पहल के तहत - स्कूल का दौरा किया और छात्रों के साथ समय बिताया। उन्होंने पुरस्कार और स्नैक्स वितरण के बाद ड्राइंग प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया। कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए, पंकज सतीजा, एग्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी, टाटा स्टील ने कहा, हम हमेशा न केवल आर्थिक विकास में बल्कि उन समुदायों के हित में भी योगदान देने में विश्वास करते हैं जिनको हम सेवा प्रदान करते हैं।

कपाली में बरामद हुआ युवक का शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : कपाली क्षेत्र में एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव गुरुवार सुबह बरामद किया गया है। मृतक की पहचान हंसाडुंगरी निवासी निर्मल कुमार के रूप में की गयी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत हंसाडुंगरी चांद होटल के पास सुबह स्थानीय लोगों ने शव को देखा, जिसकी सूचना कपाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कपाली पुलिस द्वारा छानबीन शुरू किया तो पता चला कि मृतक हंसाडुंगरी का ही रहने वाला है, पुलिस अनुसंधान में पता चला है कि युवक नशे का आदी था, फिलहाल पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। मृत व्यक्ति के शव पर कई गंभीर चोट के निशान हैं। जिससे कयास लगाए जा रहा है की मारपीट कर उसकी हत्या की गई है, फिलहाल पुलिस द्वारा मौत के कारणों को स्पष्ट नहीं किया गया है, पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

विधायक के प्रयास से डांगो साई-सिकीदीकी चौक सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राई बेड़ा, डांगो साई से सिकीदीकी चौक तक 3 हजार 400 फीट पीसीसी सड़क निर्माण योजना की मापी प्रक्रिया ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल के कनीय अभियंता प्रकाश उरॉव द्वारा की गई। सड़क निर्माण को लेकर डांगोसाई के ग्रामीणों में काफी उत्साह है। ज्ञात हो कि इस सड़क को लेकर बरसों से ग्रामीण संघर्षशील रहे हैं। ग्रामीणों की मांग पर विधायक सुखराम उरॉव द्वारा इसके पूर्व भी इस सड़क निर्माण को लेकर आ रही अड़चनों को दूर करने का प्रयास किया गया था। विधायक सुखराम उरॉव द्वारा अनुशंसित योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटे झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी स्थल पर मौजूद रहकर मापी प्रक्रिया में अपना योगदान दिया। मौके पर बन्दगॉव प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष दोडाय जोंको,मनोज डांगिल, प्रदीप महतो आदि मौजूद रहे।

चाचा हत्याकांड का मुजरिम भतीजा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : चाचा सेलाई बोदरा के हत्याकांड का फरार मुजरिम भतीजा विषु बोदरा को मनोहरपुर पुलिस ने बुधवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुजरिम विषु बोदरा को पुलिस ने गुरुवार को सुसंगत धारा में न्यायिक अभिरक्षा में चाईबासा चालान कर दिया है। बता दें कि बीती मंगलवार रात मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत गांव अरवाकोचा बोदरा टोला के रहने वाले 81 वर्षीय बृद्ध सेलाई बोदरा का उसके भतीजे विषु बोदरा ने डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। हत्या की वजह दोनों के बीच पुरानी रंजिश बतायी जा रही है। घटना के दिन गांव में सिकंदर जामुदा के यहां पूजा हो रही थी। वहीं दोनों चाचा भतीजा एक साथ हंडिया पी रहे थे। इस दौरान दोनों में कहासुनी हो गई। गुस्से में भतीजा विषु ने वहां रखे डंडे से चाचा के सर पर वार कर लहुलुहान कर दिया। जिससे चाचा सेलाई की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी।

छठ घाटों का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता

अधिकारियों को दिया दुरुस्त करने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज सोनारी दोमुहानी छठ घाट, कदमा सती घाट, कदमा नील सरोवर छठ घाट का निरीक्षण कर अधिकारियों को छठ घाटों को दुरुस्त करने, साफ सफाई कार्य, लाइटिंग, समतलीकरण, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था संबंधित कार्य, चेंजिंग रूम बनाने संबंधी कार्य,घाट तक आवागमन के लिए सुगम रास्ता बनाने, पीने के पानी की व्यवस्था, डेंजर जोन को चिह्नित कर बचाव के लिए आवश्यक तैयारी,ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव संबंधित कार्यों की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुछ दिनों बाद महा पर्व छठ आ रहा है, छठ पर्व में श्रद्धालुओं एवं छठ वर्तियों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए मैं स्वयं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर डटा रहूंगा, जल्द ही जिला उपायुक्त के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करूंगा। इस दौरान जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उपनगर आयुक्त रवि प्रकाश, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, कैलाश रजक ,संजय तिवारी, माजिद अख्तर, संजय ठाकुर एवं अन्य उपस्थित थे।

पटमदा में बांग्ला जात्रा सात टाकार संतान का मंचन, उमड़े दर्शक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : कोजागारी लक्खी पूजा के उपलक्ष्य में बुधवार को पटमदा बाजार में एमेच्योर क्लब मिलनी नाट्य संघ द्वारा सात टाकार संतान बांग्ला जात्रा का मंचन किया गया। रात्रि 9 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक सह झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल षड़ंगी ने फीता काटकर किया। मौके पर विभिन्न गांवों से आए हजारों की संख्या में दर्शकों ने रात करीब 1 बजे तक कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस संबंध में मिलनी नाट्य संघ के सदस्य मंटू चरण दत्त ने बताया कि यह परंपरा दशकों से चली आ रही है। पहले दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में आयोजन होता था लेकिन पूजा कमेटी से जुड़े सदस्यों की व्यस्तता के कारण अब लक्ष्मी पूजा के बाद होता है। इसमें भाग लेने वाले कलाकारों में मंटू दत्त, सुब्रत दत्त, पतित पावन दत्त, प्रशांत दत्त, पंचानन प्रमाणिक, अशोक दास, खिरोद दत्त, राकेश लायेक, बाबलू प्रमाणिक, आलोक महतो, विजय कुमार सिंह, मुरारी मोहन पाल, भवानी दास व गंभीर महतो के अलावे गोलकुंडा मां शारदा ड्रेस हाउस से जुड़ी कोलकाता की महिला कलाकार लक्खी राय व सपना राय आदि शामिल हैं।

फुलो झानो आशीर्वाद योजना ने कौशल्या कर्माकर के जीवन को दी नई राह

हड़िया-दारू बेचना छोड़, अपनाया सम्मानजनक रोजगार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : घाटशिला प्रखंड अंतर्गत काशीदा पंचायत की चेंगजोड़ा गांव की रहने वाली कौशल्या कर्माकर की कहानी एक ऐसी महिला की कहानी है जो जीवन की चुनौतियों से मुकाबला करने और उनपर जीत हासिल करने की प्रेरणा देती है। पति की मृत्यु के बाद आर्थिक समस्याओं को देखते हुए इन्होने हड़िया दारू बेचना जरूर शुरू किया लेकिन अपने बच्चों के भविष्य पर इसका बुरा असर नहीं पड़े इसे देखते हुए उस व्यवसाय को छोड़ने में भी देर नहीं की और इसका श्रेय वे राज्य सरकार की योजना फुलो झानो आशीर्वाद योजना को देती हैं। कौशल्या कर्माकर आज जेनरल स्टोर खोलकर घरेलू सामान, सब्जियां और फास्ट फूड बेचकर अच्छा जीवन व्यतीत कर रही हैं। फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 10,000 रुपये की सहायता राशि मिली, यह सहायता उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाई और उन्होंने दारू बेचने का काम छोड़ दिया । कौशल्या कर्माकर की यह कहानी हमें यह सीख देती है कि विश्वास और संघर्ष से जीवन के किसी भी विपरीत परिस्थिति में बदलाव लाया जा सकता है बशर्ते हम दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के साथ अपने जीवन में आगे बढ़े । झारखंड सरकार द्वारा संचालित फुलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत जिले में अबतक 1527 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार हड़िया दारू के रोजगार से जुड़ी सभी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ने के लिए यह अभियान जारी है ।

स्थापना समिति की बैठक में स्थनांतरण संबंधित 44 आवेदन स्वीकृति के लिए अनुशंसित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति (माध्यमिक शिक्षा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा ने समिति सदस्यों को बताया शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल माध्यमिक शिक्षा के माध्यम से पी.जी.टी में 13 एवं टी.जी.टी में 37 कुल 50 अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमे पी.जी.टी तथा टी.जी.टी में 1-1 आवेदन अस्वीकृत किया गया है वही पी.जी.टी एवं टी.जी.टी में 3-3 आवेदन मेडिकल स्तर पर प्राप्त हुए है। मेडिकल जाँच दल द्वारा अंतर जिला के 01 एवं जिला अंतर्गत 02 आवेदन रिजेक्ट किया गया है तथा 01 आवेदन लाभुक द्वारा वापस लिया गया है। उपायुक्त एवं समिति सदस्यों द्वारा बिंदुवार चर्चा कर सर्व सहमति से शेष बचे 44 आवेदन (टीजीटी- 34 तथा पीजीटी- 10) पर विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में स्थानांतरण हेतु विभाग को अनुशंसित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

संपादकीय

अब राम या गांधी नहीं हैं

चारों ओर मार-काट मची है। बम, मिसाइलों और बारूद की अन्य किस्मों से विध्वंस किए जा रहे हैं। हररोज, हर पल अनेक नरसंहार भी किए जा रहे हैं। दुनिया का एक हिस्सा खंडहर और मलबा हो चुका है। ये किसी बुराई के खिलाफ अच्छाई अथवा असत्य पर सत्य की जीत के युद्ध नहीं हैं। साबित किया जा रहा है कि मानव विभिन्न हथियारों के सामने कितना बौना, असहाय और असमर्थ है! मानवता और इनसानियत के मूल्य गायब हैं। लगता है, इन देशों में कोई राम या गांधी नहीं हुए! कोई तो आराध्य होंगे? किसी धर्म, मजहब और उनके मूल्यों को तो ये देश मानते होंगे! दशहरा और दीपावली सरीखे मानवीय सरोकार और सौहार्द के पर्व ऐसे जंगी देश कहां मनाते होंगे! वे बुनियादी तौर पर आतंकवादी हैं, अमानवीय हैं, जैसे किसी युग में दैत्य होते थे। उन्हें सिर्फ मारना या प्रतिशोध लेना आता है। ये तो 'रावण' भी नहीं हैं, क्योंकि उस महाज्ञानी, महाशक्तिशाली राजा के प्रतिशोध का भी मकसद था। इजरायल और हमास युद्ध के संदर्भ में देखें, तो लगभग पूरी दुनिया 'कुरुक्षेत्र' में मौजूद लगती है। अथवा औसत देश एक पक्ष जरूर है। हमास के आतंकियों ने इजरायल पर अचानक हमला किया और कुल 1400 से अधिक मासूमों की हत्या कर दी और 200 बेकसूर लोगों को बंधक बना लिया। यकीनन यह आक्रमण नरसंहार की परिधि में आता है। इजरायल पलटवार क्यों न करता? नैतिकता, धर्म, मूल्य उसे क्या सिखाते हैं? प्रभु राम ने भी रावण पर हिंसक पलटवार किया था। मासूम और बेगुनाह उस युद्ध में भी हताहत हुए थे। यह तो किसी भी युद्ध की नियति है। लेकिन राम का आखिरी मकसद युद्ध नहीं था। वह युद्ध के पक्षधर नहीं थे। उन्होंने अपने दूत भेजकर रावण को समझाने और माता सीता को लौटाने के अनुरोध किए थे। अहंकार ने इसे कायरता समझा, लिहाजा राम पक्ष को युद्ध के लिए बाध्य किया गया था। प्रभु राम के राजक्षेत्र में युद्ध नहीं होते थे, लिहाजा उनकी जन्मस्थली को 'अयोध्या' नाम दिया गया। बहरहाल इन रूपकों का अब कोई मतलब नहीं है। हमास ने 7500 से ज्यादा 'हत्यारे' रॉकेट और मिसाइल दागे हैं, तो इजरायल ने भी गाजा पट्टी, लेबनान, सीरिया में 11,000 से अधिक बम बरसाए हैं। विध्वंस अभी जारी है। दुनिया के प्रमुख देश विभाजित हो चुके हैं। एक तरफ अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय देश आदि इजरायल के समर्थन में हैं। दूसरी तरफ ईरान, लेबनान, चीन, रूस आदि फिलिस्तीन समर्थक हैं, लिहाजा परोक्ष रूप से हमास के हिमायती हैं। इनमें से कोई भी देश हमास को 'आतंकी' करार देने को तैयार नहीं है, अलबत्ता इजरायल को 'आतंकवादी' और 'हत्यारा' करार देने में ये देश बिल्कुल तैयार हैं। बहरहाल अभी तक दोनों पक्षों के 5100 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इनमें बीते 24 घंटे में मौत के घाट उतार दिए गए 436 ऐसे लोग भी हैं, जिनमें 182 बच्चे भी शामिल थे। ये प्राणी की दया नहीं पालते, तो अहिंसक कैसे बनेंगे? मूल्यों को क्यों मानेंगे? घायलों की संख्या भी 15,000 से अधिक बताई जा रही है। ये वे आंकड़े हैं, जो सार्वजनिक किए जा चुके हैं। हकीकत तो दुनिया को पता ही नहीं है। चीन ने मध्य-पूर्व में अपने 6 युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। रूस का युद्धपोत 'काला सागर' में तैनात है। इन युद्धपोतों पर 'हत्यारे हथियार' भी लगे हैं। अमरीका ने इजरायल का सुरक्षा-कवच तान लिया है। यमन के हूती आतंकियों ने हवाई हमले किए थे, तो अमरीका ने उन्हें निरस्त कर दिया था। ब्रिटेन और कनाडा के लड़ाकू विमानों को चीन ने इंटरसेप्ट किया था। हालांकि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, बहरीन, मोरक्को और मिस्र सरीखे अरब और इस्लामी देश युद्ध के किसी भी पाले में नहीं हैं, लिहाजा 'सांप्रदायिक' आधार पर लामबंदी बहुत मुश्किल लगती है। मुसलमान देश दूसरे मुस्लिम देश के खिलाफ 'वर्चस्व की लड़ाई' में भी उलझा है, लेकिन ईरान जैसा ताकतवर देश अमरीका और इजरायल को लगातार धमकियां भी दे रहा है। वह जिस पल युद्ध में उतरा, तो तय है कि यह 'महायुद्ध' में तबदील हो जाएगा। सवाल है कि यदि आज के दौर में राम या गांधी होते, तो क्या युद्धों को शांत कर सकते थे? क्या मानवता आपस में भाईचारे के साथ जिंदा रह सकती थी।

रहरोज, रह पल अनेक रनसंहार भी किए जा रहे हैं। दुनिया का एक हिस्सा खंडरह और मलबा हो चुका है। ये किसी बुराई के खिलाफ अच्छाई अथवा असत्य रप सत्य की जीत के युद्ध नहीं हैं। साबित किया जा रहा है कि मानव विभिन्न हथियारों के सामने कितना बौना, असहाय और असमर्थ है! मानवता और इनसानियत के मूल्य गायब हैं। लगता है, इन देशों में कोई राम या गांधी नहीं हुए! कोई तो आराध्य होंगे? किसी धर्म, मजहब और उनके मूल्यों को तो ये देश मानते होंगे! दशरहा और दीपावली सरीखे मानवीय सरोकार और सौहार्द के पर्व ऐसे जंगी देश कहां मनाते होंगे! वे बुनियादी तौर रप आतंकवादी हैं, अमानवीय हैं, जैसे किसी युग में दैत्य होते थे। उन्हें सिर्फ मारना या प्रतिशोध लेना आता है। ये तो 'रावण' भी नहीं हैं, क्योंकि उस महाज्ञानी, महाशक्तिशाली राजा के प्रतिशोध का भी मकसद था। इरजायल और हमास युद्ध के संदर्भ में देखें, तो लगभग पूरी दुनिया 'कुरुक्षेत्र' में मौजूद लगती है। अथवा औसत देश एक पक्ष जरूर है। हमास के आतंकियों ने इरजायल रप अचानक हमला किया और कुल 1400 से अधिक मासूमों की हत्या रक दी और 200 बेकसूर लोगों को बंधक बना लिया। यकीनन यह आक्रमण रनसंहार की परिधि में आता है।इरजायल पलटवार क्यों न रकता?नैतिकता, धर्म, मूल्य उसे क्या सिखाते हैं? प्रभु राम ने भी रावण रप हिंसक पलटवार किया था। मासूम और बेगुनाह उस युद्ध में भी हताहत हुए थे।यह तो किसी भी युद्ध की नियति है।

कुछ अलग

यह सिर्फ मैच नहीं

क्योंकि यह हिमाचल के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में हुआ, इसलिए प्रकृति के विहंगम दृश्यों का समावेश वर्ल्ड मैचों की शृंखला का शृंगार बढ़ा गया। खास तौर पर जब बादलों की एक टोली स्टेडियम में आई और मैच की निगाहों में वो फलसफा बन गए जो जानते नहीं थे कि यहां तो कृत्रिम प्रकाश में भी खलल पड़ जाएगा। एक अच्छी क्रिकेट रविवार की दोपहरी में उगी और शाम से रात आते-आते पर्यटन की नजरों में समा गई। बेशक अच्छी क्रिकेट ने मन, भारतीय टीम ने दिल जीता, लेकिन दर्शक दीर्घा का वीआईपी अंदाज सियासी वीरता के नगमों में तल्लीन रहा। कितना सौहार्द है इस पैमाने में, न होंठ तेरे बुझे, न मेरे जले। उस हंसी की बिसात का कोई टिकट नहीं और न ही कहीं से पकड़े जाने का गिला। पकड़े तो स्टेडियम से बाहर दर्शक गए, क्योंकि नकली टिकट बिक रहे थे। ब्लैकमेल भी इसी स्टेडियम के इसी मैच की निशानी दे गया। सब कुछ घर जैसा था, सिर्फ प्रदेश में कुछ अलग था क्योंकि वहां स्टेडियम के बादलों से भिन्न जिन बादलों ने घर उजाड़े थे, उसकी शिकन कहां क्रिकेट के मनोरंजन में खलल डाल सकती होगी। यहां तो ताली भी वीआईपी अंदाज में बजनी थी, तो खूब बजी। एक हाथ भाजपा तो दूसरा कांग्रेस का बजा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर वहां क्रिकेट के मसीहा थे, वैसे वह आजकल हमीरपुर से कांगड़ा तक की सडक़ों पर छाए हैं और क्रिकेट के प्रशंसकों का स्वागत करते नहीं थक रहे, लेकिन स्टेडियम में जो आए, उन्हीं के बुलावे पर आए, वरना इस शहर को तो बस मिला यातायात प्लान, मीलों के घुमाव और जाम में ठहराव। बेशक कुछ होटल भर गए, लेकिन स्टेडियम में वही खुशनसीब थे जिन्हें पास के साथ मुफ्त भोजन का ईनाम मिला, वरना स्टैंड में बिकते पानी की कीमत सुनकर तो पसीना दर्शकों को भी खूब आया होगा। वहां कितने क्रिकेट प्रेमी और कितने सियासी सैलानी रहे होंगे, यह तुलनात्मक अध्ययन की बिसात तय करेगी। यह दीगर है कि जहां कैमरों की निगरानी में खुशामदीद कहा जा रहा था, वहीं खेलों का हिमाचली नायक नदारद था। बेहतर होता उस हुजूम में एक अदद निमंत्रण एशियन गेम्स से लौटे हिमाचली खिलाडियों का चेहरा भी दिखा देता। वाकई कबड्डी के अंतरराष्ट्रीय मैदानों से उस दिन बहुत बड़ा था क्रिकेट का स्टेडियम। कितने छोटे हैं बिलासपुर की स्नेहलता के प्रयास, जिसने अपने खेतों में प्रशिक्षण देते हुए हैंडबाल की ऐसी नर्सरी उगा दी जो देश के लिए अंतरराष्ट्रीय तमगे ले आती है। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम की रौनक के ठीक नीचे भारतीय खेल प्राधिकरण का स्टेडियम और समीपवर्ती कालेज की घास भी रही होगी।

आजादी के बाद लेह-लद्दाख की सरजमीं पर तिरंगा फहराने का श्रेय लाहौल के ठाकुरों को जाता है

लाहौल के रणबांकुरों का गौरवपूर्ण इतिहास

प्रताप सिंह पटियाल

भारतीय सशस्त्र सेनाओं के विभाजन के बाद पाक सेना में जाने वाले सैन्य अफसरों के लिए छह अगस्त 1947 को नई दिल्ली में एक विदाई पार्टी का आयोजन किया गया था। एडमिरल माऊंटबेटन, फील्ड मार्शल औचिनलेक व ले. ज. करियप्पा जैसे गणमान्य व्यक्ति उस विदाई भोज में शामिल थे। विदाई पार्टी में ले. ज. करियप्पा ने कहा कि 'हमने इतने वर्ष इक_ सेना में कार्य किया व विश्व युद्ध लड़े। उम्मीद है कि अलग होने के बाद भी ये भावनाएं बनी रहेंगी'। पाक सेना की तरफ से ब्रिगेडियर ए. एम. रजा ने कहा कि हम भारतीय सेना की परंपराओं को बनाए रखेंगे। मैं भारतीयों को विश्वास दिलाता हूं कि जब भी जरूरत होगी, हम सदैव आपके साथ रहेंगे। लेकिन वक्त ने करवट ली और पाकिस्तान ने अपना असल चेहरा दिखा दिया। पाक हुक्मरानों ने विभाजन के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर रियासत पर हमले की रणनीति के लिए पाकिस्तान के गुजरात में 'आजाद कश्मीर' नाम से एक सैन्य मुख्यालय स्थापित कर दिया। विभाजन से पूर्व 'आजाद हिंद फौज' के सैनिक रहे मे. ज. 'मो. जमान कियानी' उसके कमांडर तथा ब्रिगेडियर 'राजा हबीबु रहमान' उप कमांडर थे। हबीबु रहमान नेता जी सुभाष चंद्र बोस के सबसे खास सहयोगी थे तथा नेता जी के जीवन के अंतिम क्षणों में 'ताइपे' तक भी साथ थे। जम्मू के 'चिब' राजपूत खानदान से ताल्लुक रखने वाले हबीबु रहमान ने कश्मीर के पाकिस्तान में विलय के लिए महाराजा हरि सिंह से भी भेंट की थी तथा कश्मीर पर हमले का एक बड़ा मंसूबा तैयार करके 'भिम्बर' को फतह करने में एक बड़ा किरदार अदा किया था। आखिर पाक सेना ने हजारों पश्तून लड़ाकों के साथ मिलकर 22 अक्तूबर 1947 के दिन कश्मीर पर हमला कर दिया था। जम्मू-कश्मीर रियासत की सेना पाक हमले से निपटने में असमर्थ थी। कश्मीर के भारत में विलय के लिए महाराजा हरि सिंह द्वारा 'इस्ट्रूमेंट ऑफ एक्शेसन' पर दस्तखत होने के बाद 27 अक्तूबर 1947 को भारतीय सेनाएं कश्मीर में पहुंचने लगी थीं। कश्मीर में कुछ खास लक्ष्य को हासिल करने के लिए पाक सेना ने टाईगर फोर्स, आईबेक्स फोर्स व एस्किमो फोर्स जैसे सैन्य दस्ते तैयार करके उनमें कबायली लड़ाकों के अलावा ज्यादातर उन सैनिकों व अफसरों को शामिल किया था जो जम्मू-कश्मीर रियासत की फौज से गद्दारी करके पाक सेना में जा मिले थे।

पाक हुक्मरानों ने विभाजन के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर रियासत पर हमले की रणनीति के लिए पाकिस्तान के गुजरात में 'आजाद कश्मीर' नाम से एक सैन्य मुख्यालय स्थापित कर दिया। विभाजन से पूर्व 'आजाद हिंद फौज' के सैनिक रहे मे. ज. 'मो. जमान कियानी' उसके कमांडर तथा ब्रिगेडियर 'राजा हबीबु रहमान' उप कमांडर थे। हबीबु रहमान नेता जी सुभाष चंद्र बोस के सबसे खास सहयोगी थे तथा नेता जी के जीवन के अंतिम क्षणों में 'ताइपे' तक भी साथ थे। जम्मू के 'चिब' राजपूत खानदान से ताल्लुक रखने वाले हबीबु रहमान ने कश्मीर के पाकिस्तान में विलय के लिए महाराजा हरि सिंह से भी भेंट की थी तथा कश्मीर पर हमले का एक बड़ा मंसूबा तैयार करके 'भिम्बर' को फतह करने में एक बड़ा किरदार अदा किया था।

पाक सिपहसालारों ने लेह-लद्दाख पर कब्जा करने का जिम्मा 'एस्किमो फोर्स' को देकर उसकी कमान कै. हसन खान व शाह खान को सौंपी थी। सन 1948 के शुरू में हजारों की तादाद में पाक सैन्य दस्ता स्कर्दू से कारगिल के रास्ते लेह की तरफ पेशकदमी कर रहा था, लेकिन उससे पूर्व भारतीय सेना की 'द्वितीय डोगरा रेजिमेंट' के हिमाचली शूरवीर लाहौल निवासी मेजर 'ठाकुर पृथी चंद' व मे. खुशाल ठाकुर तथा सूबेदार भीम सिंह ने अपने कुछ सैनिकों के साथ 25 फरवरी 1948 को जोजिला दर्रे को पार करके आठ मार्च 1948 को लद्दाख में तिरंगा फहरा दिया था। बेहद कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, सीमित संसाधन तथा पाक लश्कर के मुकाबले डोगरा सैनिकों की संख्या बहुत कम थी। लेह-लद्दाख पर पाक हमले का सामना करने के लिए मे. पृथी चंद ने लद्दाख के स्थानीय युवाओं की वालंटियर भर्ती शुरू की तथा उस सैन्य दल को 'नुब्रा गाड्र्स' नाम दिया था। सूबेदार भीम सिंह के नेतृत्व में नुब्रा गाड्र्स को 'गुरिल्ला युद्ध' का प्रशिक्षण दिया गया। सेना के प्रति युवाओं का उत्साह इस कदर बढ़ा कि लद्दाख का सत्रह वर्षीय बालक 'चेवांग रिंचिन' भी नुब्रा गाड्र्स में भर्ती हो गया। युवा जोश से लबरेज नुब्रा गाड्र्स ने लद्दाख में हजारों फीट की बुलंदी पर मौजूद 'लामा' चौकी पर मोर्चा संभाल चुके पाक लश्कर पर जोरदार हमला करके पाक फौज के मंसूबे खाक में मिला दिए तथा लद्दाख के वियांगडांगो पर हमला करके कबायली लश्कर को खदेड़ कर शत्रु के हथियार भी छीन लिए थे। उन हमलों में अहम किरदार निभाने वाले 'चेवांग रिंचिन' को सेना ने 'महावीर चक्र' से अलंकृत किया था। नुब्रा गाड्र्स की मदद से मे. खुशाल ठाकुर ने 'खाल्टसी पुल' पर कई दिनों तक मोर्चा संभाल कर कबायली हमले को नाकाम किया था। 1947-48 के पाक हमले से लेह-लद्दाख को बचाने में सफल नेतृत्व व शूरवीरता का परिचय देने वाले मे. पृथी चंद व मे. कुशाल ठाकुर दोनों भाईयों को भारत सरकार ने 'महावीर चक्र' प्रदान किए थे तथा उनके चाचा सूबेदार भीम सिंह ठाकुर को 'वीर चक्र' से दो बार नवाजा था। उसी युद्ध में बहादुरी का मुजाहिरा करने वाले लाहौल के नायक 'तोबगे' को भी 'वीर चक्र' से सरफराज किया था। उसी नुब्रा गाड्र्स ने 1962 की जंग में 'जम्मू-कश्मीर मिलिशिया' के रूप में चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया था। 27 अक्तूबर 1962 को लद्दाख के महाज पर कई चीनी सैनिकों को हलाक करके बलिदान हुए कुल्लू के हवलदार 'स्टेंजिन फुंचोक' 'महावीर चक्र' उसी मिलिशिया फौज का हिस्सा थे। 1962 की जंग में चेवांग रिंचिन को भी 'सेना मेडल' से नवाजा गया था। 1971 की जंग में कारगिल के तुर्तुक में पाक सेना पर हमला करके वहां चौकी पर कब्जा करने में अहम रोल निभाने के लिए सेना ने 'चेवांग रिंचिन' को दोबारा 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया था। ठाकुर पृथी चंद की दूरदर्शी सोच वही नुब्रा गाड्र्स वर्तमान में भारतीय सेना में 'लद्दाख स्काउट्स' बन चुका है। चेवांग रिंचिन सन 1984 में इसी 'लद्दाख स्काउट्स' से कर्नल रैंक में सेवानिवृत्त हुए थे। स्मरण रहे पृथी चंद के पिता 'ठाकुर अमर चंद' ने प्रथम विश्व युद्ध में अपनी रियासत के दो सौ ठाकुर सैनिकों का नेतृत्व करके मैसोपोटामिया के मोर्चे पर तुर्क सेना से जंग लड़ी थी। बर्तानिया बादशाही ने जंग में बहादुरी के लिए ठाकुर अमर चंद को 'राय बहादुर' की उपाधि दी थी। बहरहाल आजादी के बाद लेह-लद्दाख की सरजमीं पर तिरंगा फहराने का श्रेय लाहौल के ठाकुरों को जाता है। अतः देश की सबसे बड़ी पंचायत में बैठकर एक नज्म के जरिए ठाकुरों पर तनकीद करने वाले सियासतदातों को ठाकुरों के शौर्य से मुखातिब होना होगा। यदि भारत के मानचित्र पर लेह-लद्दाख सुशोभित है तो इसके पीछे लाहौल के ठाकुरों की शूरवीरता व सैन्य निष्ठा का गौरवपूर्ण इतिहास है।

रामगढ़ आस-पास की खबरें

विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों ने सौंदा बस्ती से पदयात्रा कर महाप्रबंधक कार्यालय तक पहुंचे

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : सौंदा बस्ती एवं सरिया टोला के विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों के द्वारा गुरुवार को सैंकड़ो की संख्या में नाराबाजी करते हुए पदयात्रा निकाली। वहीं यह पदयात्रा सयाल डी परियोजना पदाधिकारी कार्यलय से होते हुए महाप्रबंधक बरका सयाल कार्यलय तक गई। वहीं इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य किसी भी राजनीति दल और इसके प्रतिनिधियो को सेल से बाहर रखने का संदेश दिया गया। वही सेल संचालन समिति के अध्यक्ष नितेश कुमार ने कहा हमलोग किसी भी किमत में राजनीति सगंठन के लोगो का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करेंगे। साथ ही मिडिया के माध्यम से उन लोगों को बताना? चाहता हूं कि हमलोग बेरोजगार है इसीलिए किसी भी तरह से लोकल सेल में रुकावट आती हैं तो अगला आंदोलन जेल भरो आंदोलन होगा क्योंकि इसके बाद हम सभी सौंदा बस्ती तथा सरैया टोला के ग्रामीणों के पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। वही कोषाध्यक्ष अंबर कुमार ने कहा 1982 के बाद एक बार फीर से लोकल सेल 2023 में सयाल डी में चालू होने जा रहा है। जब हम संघर्षरत थे तब आउटसोर्सिंग कम्पनी में रोजगार के मुद्दों पर सेल जल्द चालू करवाने को लेकर राजनीति दल के किसी भी प्रतिनिधि ने हमारा सहयोग नहीं किया।और अब यदी ग्रामीणों के विकाश के मुद्दों पर

किसी दल के प्रतिनिधी अपना वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास करते हैं तो हम ग्रामीणों आगामी चुनाओ में उस दल का पूर्ण रुप ने बहिस्कार करेंगे।हम आस्वस्त करते हैं की प्रबंधन को कोयला उठाने में पुरा सहयोग किया जायेगा डीओ होल्डर निर्भीक होके अपना कोयला का उठाओ कर सक सकेंगे। इसके लिए समिति सक्षम है। इस मौके पर धनेश प्रसाद, ललन प्रसाद,अखिलेश प्रसाद, अरविंद गिरी, अरविंद प्रसाद, शिवसेवक प्रसाद, सुरेश गिरी, सरिता देवी, सुलोचना देवी, करिश्मा कुमारी, किरण देवी, कुमकुम देवी, सुषमा देवी,चिंता देवी, सोहान साव, त्रिलोकी गिरी सोनू, श्रीकांत,मदन करमाली, शशीकांत, रुपेश कुमार, बंटी बाउरी, पिंकू राज,अनूप बाउरी, जयंत कुमार, शिवनारायण प्रसाद, कमल प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

सीसीएल पुराना कर्मशाला से स्क्रैप कटिंग की आड़ में लोहे टपाने की थी तैयारी, सुरक्षा विभाग ने रोका

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल पुराना कर्मशाला में स्क्रैप लोहा कटिंग की आड़ में गुरुवार को दिन दहाड़े एक लाल बिना नंबर के ट्रैक्टर में लोहे लदे चादर स्क्रैप टपाने का कार्य किया जाना था। लेकिन इसकी भनक सुरक्षा विभाग सिरका व एरिया सिक्युरीटी को लग गई। इसके बाद लोहे लदे ट्रैक्टर को रोक दिया गया। इससे अफरा तफरी और हड़कंप व्याप्त हो गया। अधिकारियों के निर्देश के बाद ट्रैक्टर से लोहे को उतार लिया गया। तब जाकर प्रबंधन और सुरक्षा विभाग की सांस में सांस आई। बताया जाता है कि यहां के एक नेता के द्वारा दो लोहे के चादर मंगवाने के कार्य किया जा रहा था। जिसे लेकर उसके लोगों के द्वारा ट्रैक्टर में लोहे उठाने का कार्य किया गया। सुरक्षा कर्मियों के पूछने

पर ऊपर बात होने का हवाला दिया जा रहा था। लेकिन जांच पड़ताल के बाद मामला सत्य नहीं पाया गया। जिस पर सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई की। इस संबंध में सुरक्षा विभाग सिरका इंस्पेक्टर राजू राम ने बताया कि सूचना पर ट्रैक्टर से लोहा उठाने वालों को रोका गया। मामले की जांच पड़ताल कर प्रबंधन निर्देश पर लोहा उतार लिया गया। बताया कि किसी भी हाल में गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। आगे प्रबंधन निर्देश पर कागजी कार्रवाई होगी। हालांकि प्रबंधन ने इसकी खबर पुलिस को नहीं दी हैं। मौके पर हवलदार गंगा बेदिया, प्रहरी शंकर, होमगार्ड जवान व अन्य उपस्थित थे।

गिद्दी सी सतर्कता जागरूकता में भ्रष्टाचार पर आवाज उठाने का दिया संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्दी : सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी सी में सिटीजन फॉर्म विद्यालय के बच्चों द्वारा नुक्कड़ सभा आयोजित हुई। जिसमें नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने का संदेश अधिकारियों, कामगारों व अन्यो को दिया गया। बताया गया कि आगामी 5 नवंबर तक विजिलेंस सतर्कता अभियान चलेगा। मौके पर मुख्य रूप से जियोगी डीसी रामाशीष राम नोडल संचालन करता नोडल अधिकारी निखिल श्रीवास्तव मैनेजर अनिल कुमार मनीष संतोष चंद्रवेश राजीव ठाकुर कर्मचारी दुर्गेश कुमार सिंह मधुसूदन सिंह सुमित कई कामगार उपस्थित थे।

कोलयरी सिरका आउटसोर्सिंग दो अवैध कोयला खनन मुहान पर चला पेलोडर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल सिरका प्रबंधन के द्वारा गुरुवार को कोलियरी आउटसोर्सिंग के समीप दो अवैध कोयला खनन मुहानो पर पेलोडर चला। यहां मिट्टी व छोटे पत्थरों को अवैध सुरंग मुख पर गिरा बंद करवाया गया। सुरक्षा विभाग ने बताया कि सूचना मिली थी कि यहां अवैध कोयला खनन जारी हैं। जो खतरनाक हैं। मौके पर सुरक्षा सिरका प्रभारी राजू राम, हवलदार गंगा बेदिया, ओवरमैन संतोष कुमार सिंह, होमगार्ड जवान, ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

उरीमारी डीएवी स्कूल के बच्चों बीच साइकिल रैली का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : डीएवी स्कूल उरीमारी में सीसीएल द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। वहीं इस रैली में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। इस रैली को एसओपी अजय कुमार,एसओ सीएसआर रोमित कुमार,चंदन राय,डिप्टी मैनेजर बिरसा परियोजना प्रिंस कुमार, डीएवी स्कूल के पर्चाया उत्तम कुमार राय ने सभी बच्चो को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सभी बच्चो की साइकिल में भ्रष्टाचार निरोधक नारे व स्लोगन तख्ती लगे हुए थे। वही यह रैली डीएवी स्कूल से उरीमारी चेक पोस्ट शिव मंदिर तक आयोजित किया गया। डीएवी स्कूल के असीम घटक, भारतेंदु पुष्टि,डीके मंडल, राहुल कुमार सिंह, हरिहर पाढी सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोगों ने रैली में शामिल हुए। वहीं इस कार्यक्रम की शुरुआत बाल सभा में विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय द्वारा सत्य निष्ठा के लिए शपथ दिलाकर की गयी। उन्होंने भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए सभी शिक्षकों एवं बच्चों को सत्य निष्ठा के साथ उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होने की प्रतिज्ञा दिलाई।

उपरबरगा पंचायत में युवा चौपाल का आयोजन युवाओं को हुनरमंद बनाने पर जोर

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड क्षेत्र के उपरबरगा पंचायत भवन में ग्लोबल ऑपरट्यूनिटी यूथ नेटवर्क प्रोग्राम के तहत युवा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ संजय कुमार सांडिल्य ,मुखिया जीतलाल टुडू मौजूद थे। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि युवाओं को हर क्षेत्र में आगे आने की आवश्यकता है। सरकार युवाओं के लिए कई तरह का कार्यक्रम चला रही है। इसका फायदा लेने की आवश्यकता है। ताकि युवाओ का भटकाव नही हो। टीआरआई एवं अग्रगति संस्था के हब कॉर्डिनेटर सऊद आलम ने बताया कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा,कौशल विकाश ,रोजगार, उद्यमिता,तथा कृषि के क्षेत्र में कई कार्यक्रम किये जा रहे है। मौके पर उप मुखिया रतनी देवी , पंचायत समिति सदस्य पार्वती मुंडा , रोजगार सेवक देवनाथ राम , पंचायत सेवक विवेक कुमार , वार्ड सदस्य बंसीधर महतो, मोहम्मद हासिम ,फील्ड मोबिलाइजर ममता देवी, सुमित्रा देवी तथा रीना देवी आदि मौजूद थे।

रोजगार दिवस को लेकर बीडीओ ने उपरबरगा पंचायत सचिवालय में की बैठक योजना से संबंधित दी जानकारी

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): रोजगार दिवस को लेकर प्रखंड क्षेत्र के उपरबरगा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य के द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधी व ग्रामिणों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही उन्होंने इस मौके पर दीदी बाड़ी योजना, कौशल विकास योजना के संबंध में जानकारी दी गई। मनरेगा के तहत डोभा कार्य कराने की बात कहा गया। इस दौरान बीडीओ संजय कुमार शांडिल्य ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा की इस तरह प्रत्येक गुरुवार को सभी पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया जाएगा और लोगों को विकास कार्यों से संबंधित जानकारी दी जायेगी। मौके पर मुखिया जीतलाल टुडू,पंचायत सेवक अर्जून महली,रोजगार सेवक देवनाथ कुमार, रणधीर कुमार बसेरिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी व ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर आजसू ने निकाली रैली व किया धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर आजसू पार्टी ने बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली बाजार टांड से शुरू हुई, जो मुख्य सड़क होते हुए समाहरणालय पहुंची। जहां रैली धरना में तब्दील हो गई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू करो, मुख्यमंत्री कुछ तो बोलो, डिग्री कॉलेज का ताला खोलो, हेमंत को मिला मौका, छात्रों को दिया धोखा, हेमंत सोरेन आए थे छात्रों को टोपी पहनाए थे। जैसे कई नारे लगाए गए। रैली का नेतृत्व आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आठ माह पहले जिला मुख्यालय में दो डिग्री कॉलेज का उद्घाटन तो कर दिया, लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं किया गया है। जिस कारण लातेहार के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहर में पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि लातेहार जिले में दो डिग्री कॉलेज के भवन बनकर तैयार है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भवन का उद्घाटन भी कर चुके हैं, लेकिन पढ़ाई शुरू नहीं होना दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार करने में व्यस्त है। जनता की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। आजसू के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि डिग्री कॉलेज के उद्घाटन होने के बाद यहां के छात्रों को लगा था कि अब पढ़ाई के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन लातेहार जिले के लिए दुर्भाग्य है कि अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हुआ है। यह राज्य सरकार की नाकामी है। उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद ने कहा कि डिग्री कॉलेज के भवन बन जाने से बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं मिलती है। जब तक उसमें पढ़ाई शुरू नहीं होगी, तो यह भवन बेकार है। आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता रितेश पांडेय ने कहा कि आजसू पार्टी लगातार जनहित मुद्दे को लेकर आंदोलन करती रही है। अगर डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगी। मौके पर परसही पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, पेशरार पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, आरागुंडी पंचायत समिति सदस्य रजंती देवी, भुसूर के पंचायत समिति सदस्य पुनीत भुइयां, धनकारा के पंचायत समिति सदस्य उषा देवी, मोंगर के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू रजक, राकेश सिंह, पंकज कुमार, अमर उरांव, अभिषेक राज, अभिजीत कुमार, विपिन शुक्ला, शंकर उरांव, पंकज जायसवाल, शेषनाथ पांडेय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। **ज्ञापन लेने वाले कोई अधिकारी नहीं कार्यकर्ताओं ने जताया नाराजगी :** धरना के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे थे, लेकिन ज्ञापन लेने वाले कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं रहने पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर किया है। जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि धरना प्रदर्शन को लेकर परमीशन लिया गया है। धरना की जानकारी जिला प्रशासन को होने के बाद भी मांग पत्र नहीं लेना जिले के लिए दुर्भाग्य है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास समिति की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उग्रवादियों के प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास नीति में आंशिक संशोधन एवं उग्रवादियों के प्रत्यार्पण-पुनर्वास नीति के तहत देय विभिन्न सुविधा के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने आत्म समर्पण करने वाले उग्रवादियों की पूर्ण जानकारी लेते हुए उन्हें ओपन जेल में रखने को लेकर विभाग से प्राप्त निदेशों के अनुरूप समिति द्वारा विचार विमर्श कर संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, मंडल कारा अधीक्षक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा उपस्थित थे।

साप्ताहिक हाट में भारी वाहनों के परिचालन से बाजार कर्मियों की बढ़ी परेशानी

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड क्षेत्र में गुरुवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट में इन दिनों भारी वाहनों के परिचालन से एक तरफ जहां आवागमन वाधित हो रहा हकी वहीं भारी वाहनों का हाट के दिन चलने से एक बड़ी दुर्घटना का भय व्याप्त रहता है। बता दें कि यह साप्ताहिक हाट सबसे बड़ा हाट है। जो गुरुवार को लगता है। जगह के अभाव में टंडवा मुख्य सड़क के किनारे लगती है ।जिसमें जिले से लेकर अन्य जिले के खरीदार एवं बिक्रेता आते है। जबकि यह हाट लगभग एक किलोमीटर की दूरी में लगता है दोनों ओर खचाखच भीड़ बिक्रेता से लेकर क्रेता तक रहती है यदि हम भीड़ की बात करें तो हाट में लगभग 50 हजार की भीड़ रहती है। जहां हाट में पैदल चलने में काफी परेशानी होती है वहां ईट ढोने वाला 407 से लेकर ट्रक्टर तक घुस जाती है वहीं बस का तो हमेशा परिचालन होते रहना है। वैसे में एक बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि समय रहते भारी वाहनों का परिचालन साप्ताहिक हाट के दिन रोक लगाई नहीं गयी तो कभी भी बड़ी हादसा हो सकती है।

हाइवा ने युवक को मारी टक्कर, घायल

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक के समीप गुरुवार को एक अनियंत्रित हाईवा जेएच 10सीजे 4659 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक चंदन कुमार पिता शंकर श्रीवास्तव ग्राम चटी टोला थाना बालूमाथ निवासी ब्लॉक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान शहीद चौक के समीप अनियंत्रित हाइवा ने टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घटना के बाद गुस्साये लोगों ने बालूमाथ शहीद चौक में ट्रांसपोर्ट कंपनी मां अम्बे की गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ा करवा दिया।

हाइवा ऑनर एशोसिएशन का हड़ताल स्थगित

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): भाड़ा वृद्धि, स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता देने सहित कई मांगो को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हाइवा ऑनर एशोसिएशन गुरुवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए ।ऑनर एशोसिएशन सचिव मो0शहनवाज के नेतृत्व में बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ हाइ स्कूल के समीप अपनी-अपनी गाड़ियों को खड़ा कर धरना दिया। मामले की सूचना पाकर बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ थाना प्रभारी धमेंद्र महतो धरना स्थल पहुंचे। जहाँ लातेहार एसडीओ मो0परवेज के पहल पहुंचे मां अम्बे कंपनी के लाइजनर बलराम पांडे और धरना पर बैठे लोगों के बीच वार्ता हुई। जिसमे लाइजनर बलराम पांडे द्वारा ऑनर एशोसिएशन को लिखित आश्वासन दिया गया कि मां अम्बे कंपनी के जीएम सुमित चटर्जी के उपस्थिति में नौ नवम्बर को बालूमाथ में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित होगी। जिसमे सभी एशोसिएशन की मांगो पर चर्चा होगा। मिले आश्वासन के बाद ऑनर एशोसिएशन ने आंदोलन को स्थगित कर दिया।

शिक्षा विभाग का खेल निराला, 9 सौ का बोर्ड 3 तीन हजार वसूला

एके इंटरप्राइजेज द्वारा महज 9 सौ का शिकायत बोर्ड 3 हजार की वसूली करने का मामला सामने आया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों शिक्षा विभाग का पोल पट्टी खुलता नजर आ रहा है। जिसमें सभी विद्यालयों में शिकायत बोर्ड लगाया जा रहा है। जहां महज 8 से 9 सौ का शिकायत बोर्ड 3 हजार रुपये का वसूली एके इंटरप्राइजेज द्वारा की जा रही है। एके इंटरप्राइजेज ने सभी विद्यालयों में यह शिकायत बोर्ड देकर बाजबरन विद्यालय सचिव के हाथ में भाउचर थमा दिया है। शिक्षकों का कहना है कि यह बोर्ड विद्यालय प्रबंधन द्वारा बनाई जाती तो मात्र 8 से लेकर 9 सौ रुपये में बन कर तैयार हो जाती ।किन्तु शिक्षा विभाग द्वारा टेंडर देकर इसे 3 हजार की वसूली करवाई जा रही है। जिससे शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है। चुकी यह अतिरिक्त बेमतलब का खर्च का बोझ पड़ रहा है। आपको बता दें कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय रंग रौग़न से लेकर अन्य विकास कार्य के लिए एक सौ बच्चे वाले विद्यालय में 25 हजार, एक सौ से अधिक बच्चे वाले विद्यालय में 50 हजार रुपये 2 सौ बच्चे की संख्या वाले विद्यालय में एक लाख तक दी जाती है। परंतु उसी रुपये में एक शिकायत बोर्ड भी लगाया जाना है। जहां इस तरह की वसूली कक खेल निरंतर जारी है।

श्रीराम फाइनेंस के कर्मी रॉकी का मिला शव, हत्या की आशंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुंदा : कुंदा से प्रतापपुर जाने वाली मुख्य सड़क स्थित जगन्नाथपुर गांव के समीप सड़क के किनारे झाड़ी से रॉकी कुमार वर्मा पिता मोहन राम का शव पुलिस ने बरामद किया है।इस घटना को लेकर परिजनों ने विवाद को लेकर घटना का अंजाम देने का आरोप हत्यारा पर लगा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि रॉकी को पहले बेहरमी से पीट कर उसे गला दबाकर हत्या कर दिया गया बाद में हत्यारों ने साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से घटना को मोटरसाइकिल दुर्घटना का रूप दिया है। घटना की खबर सुन कुंदा और प्रतापपुर से काफी संख्या में लोग घटनास्थल पहुँचे थे इधर घटना की खबर सुन परिजन का रो-रो कर बुरा है वहीं घटना को लेकर पूरे गांव में मातम पसरा हुवा है बताया जाता है कि रॉकी हीरो शोरूम प्रतापपुर में फाइनेंस का काम करता था वह हर रोज कुंदा से प्रतापपुर आना-जाना करता था। सोमवार देर शाम जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन काफी खोजबीन करने लगे लेकिन कहीं किसी तरह का कोई अता पता नहीं चल पाया मंगलवार को शाम 4ः00 बजे रॉकी का शव झाड़ी से पाया गया घटना स्थल से मोटरसाइकिल जेएच 02 डब्लू 2483 मिला है घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान विभाग) झारखंड सरकार के तत्वधान में जिला उद्यान कार्यालय के अंतर्गत आदिवासी कृषक महिला कल्याण परिषद के सहायता से पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इस प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर मिथिलेश नायक व अनुराग हेरेंज ने कृषको को खेती के विभिन्न तरिको के बारे में बिस्तार से जानकारी देते हुए, फसलो मे होने वाले विभिन्न बिमारियों एवं उसके रोक थाम के बारे में बताया। इस प्रशिक्षण मे ग्राफ्टिंग, एयर लेयरिंग बहुउद्देशीय खेती के साथ साथ केचुआ खाद बनाने की विधि गेंदा फुल की खेती के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उद्यान मित्र राकेश प्रसाद कृषक मित्र रामा गंझु कृषक बाल्मिकी यादव शंकर भगत ,रामफल उरांव, विनोद भुइयां, रामचरित्र सिंह, संतोष गंझु, पपू महतो, रीना देवी मीना कुमारी, प्रमीला कुमारी, शांति देवी, झानो देवी, देवन्ती देवी व सुमो देवी सहित अनेको महिला पुरूष कृषक शामिल हुए।

मनरेगा समाजिक अकेंक्षण कार्य का न्यायिक बोर्ड के माध्यम से किया गया निष्पादन

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : प्रखंड के कोयद पंचायत अंतर्गत सभी गांवों में विगत 2 वर्षों से किए गए मनरेगा कार्य का सामाजिक अकेंक्षन किया गया। अकेंक्षन कार्य पूर्ण होने के उपरांत प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा की गई, उसके उपरांत बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत कोयद के पंचायत सभागार में किए गए सामाजिक अकेंक्षन में पाए गए त्रुटियों के निराकरण हेतु आम सभा आयोजित किया गया। टंडवा प्रखंड कार्यालय द्वारा नियुक्त किए गए पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक निहाल वारसी ने सभा की अध्यक्षता की। इस बैठक में पांच लोगों का एक न्यायिक बोर्ड बनाया गया। जहां सामाजिक अकेंक्षन करने आए टीमों के द्वारा पाए गए त्रुटियों को बोर्ड के सामने बारीकी से प्रस्तुत किया गया। जिसका निराकरण करते हुए संबंधित बोर्ड के द्वारा मनरेगा लाभुकों को फाइन लगाया गया एवं कुछ अपूर्ण कार्यों को जल्द ही पूरा करने हेतु कुछ दिनों का मोहलत दिया गया। इस बैठक में ग्राम पंचायत के लोगों के अलावे पंचायत के मुखिया किशुन राम, पंचायत समिति सदस्या देवंती देवी, सचिव मोहम्मद इमरान, रोजगार सेवक रोहित कुमार, स्वयं सहायता समूह के महिलाएं इत्यादि कई उपस्थित थे।

पुराना योजना का शिलान्यास कर सस्ती लोकप्रियता बटोर रहे हैं विधायक : छोटू राजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मनिका : भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह पर निशाना चाहते हुए कहा कि मणिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह सस्ती लोकप्रियता बटोर रहे हैं उन्होंने पुराने काम को दोबारा शिलान्यास कर अपना क्रेडिट लेना चाह रहे हैं श्री राजा ने कहा कि वर्ष 2019 में भाजपा सरकार में निवर्तमान विधायक हरिकृष्ण सिंह ने मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया था लेकिन अभी के वर्तमान विधायक पुनः उसी कार्य को शिलान्यास करके क्रेडिट बटोर रहे हैं। श्री राजा ने कहा कि कांग्रेस के विधायक दूसरे के चूल्हा दूसरे के तवा में रोटी सेकने का कार्य कर रहे हैं। लेकिन जनता सब जान चुकी है। विधायक जी को कुछ नया करके शिलान्यास करना चाहिए। मौके पर भाजपा नेता कौशल किशोर प्रसाद, मनदीप कुमार, अमरदीप कुमार, अंकित राज गोलू, परमेश्वर सिंह उपस्थित थे।

विद्यालय से लापरवाह शिक्षक नदारद

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था दिन ब दिन धाराशाई होते चला जा रहा है, वजह अधिकारियों की शह, प्रबंधन समिति की उदासीनता, अभिभावकों की अनदेखी और इस बीच विद्यालय के शिक्षकों की मनमानी सर चढ़कर बोलता है। जहां शिक्षकों को उनके महीने का उपस्थिति का ही ख्याल है समय से उपस्थिति दर्ज कर और फिर फुर्सत।इसे लेकर गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल अपनी कीमती समय निकाल कर पंचायत बेतला के विद्यालयों का दौरा किया जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेतला उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलपुरवा ,अखरा जहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पोषण युक्त भोजन की क्या बात करना । प्रखंड के प्रतिनिधियों के दौरे के दौरान स्कूली बच्चों के भविष्य की चिंता जाहिर की गई। जहां प्रमुख उप प्रमुख के द्वारा बताया गया कि उक्त विद्यालय के शिक्षक प्रभारी शिक्षक अणेश्वर सिंह, हरेंद्र सिंह, मो आबिद अंसारी, मो उस्मान अंसारी विद्यालय के वक्त पर नदारद पाए गए वहीं अखरा विद्यालय बगैर शिक्षक संचालित देखा गया जो यह दिखाता है कि शिक्षक कितने लापरवाह हैं और इनके अधिकारियों की बात करें तो वह भी संबंधित जानकारियों पर चुप्पी साधे रहते हैं और यह सिलसिला जारी रहता है। उन्होंने बताया कि भ्रष्ट सिस्टम में भ्रष्टाचार का स्तंभ इतनी मजबूती के साथ खड़ा हो गया है मानो बरगद जो उखड़ नहीं सकता पर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और भ्रष्टाचार के स्तंभ को हिलाने की कोशिश जारी रहेगी। उन्होंने इस संबंध में जिले के उपायुक्त को पत्राचार करने की बात कही है।

सेवानिवृत्ति अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता): महुआडार थाना परिसर में दिन गुरुवार को सेवानिवृत्ति अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने समारोह को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने सरल स्वभाव के कारण लोगों में इनका अच्छा प्रभाव रहा।थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने डीएसपी राजेश कुजुर के साथ बिताए हुए पलों को याद करते हुए बताया की पहली बार खाना प्रभारी बनाए जाने के बाद इसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिला।इस दौरान सेवानिवृत्त अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर ने 1994 से 2023 तक के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि इन दिनों में हमने बहुत सारे उतार-चढ़ाव देखे। अपने बचपन से ही मैं अनुशासन पर ज्यादा ध्यान देता था जिसके कारण अपने कार्यकाल के दौरान सभी चीज सरल होती चली गई। और हमने सफलतापूर्वक अपने 29 वर्षों कार्यकाल पूरा कर लिया। विदाई सह सम्मान समारोह में भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रभात रंजन चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, महुआडार थाना प्रभारी आशुतोष यादव, गारू थाना प्रभारी राजीव भगत, बारेसांड़ थाना प्रभारी रंजीत यादव, अंचल पदाधिकारी संतोष बैठा, जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, महुआडांड़ अनुमंडल के सभी पुलिस जवान, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जयसवाल, संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य फा दिलीप एक्का, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि एफ़्तेख़ार अहमद, सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि व प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राज्यस्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता में कई बच्चियों ने मेडल प्राप्त कर किया प्रखण्ड को गौरवान्तित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के लेपो विद्यालय में राज्य स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त हुए सभी एथलीटों को सम्मान समारोह के तहत विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेडल एवं फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में खेल गांव रांची में आयोजित राज्य स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता किया गया। जिसमें उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो ,प्रखण्ड सिमरिया जिला चतरा के कुल आठ बालिकाओं ने मेडल प्राप्त हुआ की हैं।जिसमें क्रमशः अंडर 14 बालिका 4 ×100 मीटर रिले रेस में सोनी कुमारी, कांति कुमारी, प्रिया कच्छप एवं प्रियंका कच्छप ने ब्रोच मेडल प्राप्त की है ।वहीं अंडर-19 बालिका 4 × 400 मीटर रिले रेस में लीलावती कुमारी, रिया कुमारी, मालती कुमारी एवं पूर्णिमा कुमारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त की हैं। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के 24 जिला के एथलेटिक्स शामिल हुए थे।जिसमें लगभग 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संपन्न किया गया। अपने जिला एवं प्रखण्ड के खेल प्रतियोगिता में जीत हासिल की छात्राओं को जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दिनेश मिश्र एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी श्री तुषार राय ने उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामना दिया है। मेडल प्राप्त सभी बालिकाओं के अभिभावक काफी प्रसन्न है उनका कहना है कि आने वाले समय में हमारी बच्चियां निश्चित रूप से और बेहतर करेंगे।विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री अबोध राम ने बताया कि विद्यालय से 19 एथलीट्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिए थे जिसमें आठ बच्चों को मेडल प्राप्त हुआ है ।लेपो विद्यालय के बच्चे एथलेटिक्स के अलावे पूर्व में हॉकी, फुटबॉल, खो खो, कबड्डी में भी मेडल प्राप्त कर चुके है साथ ही साथ तीन बार हॉकी प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय भाग ले चुके हैं। भविष्य में इस विद्यालय के बच्चे स्पोर्ट्स के क्षेत्र में निश्चित ही आगे होंगे और अपना विद्यालय एवं चतरा जिला का नाम रोशन करेंगे ।यह विद्यालय के सभी बच्चे सुदूरवर्ती क्षेत्र से आते हैं जो काफी मेहनत कर रहे हैं ।उम्मीद है कि लगातार अभ्यास से भविष्य में बच्चे नेशनल प्रतियोगिता में भी मेडल प्राप्त अवश्य करेंगे।

मैं जिंदा हूं साहब, आखिर कितनी बार कहूं, पेंशन के लिए दर दर भटक रहा है : मो. शफीक

- खुद को जिंदा साबित करने के लिए दिव्यांग एक वर्ष से दफ्तरों का काट रहा है चक्कर
- सरकारी कर्मियो की लापरवाही का मार झेल भटक रहा है भुक्तभोगी
- उपायुक्त से पेंशन चालू कर उक्त दोषी लोगों पर कार्रवाई की किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : चतरा शहर के चुड़ीहार मुहल्ला के रहने वाले एक दिव्यांग मो. शफीक को जिंदा होने के बावजूद इसके दस्तावेजो में मृत घोषित कर दिया गयका है। यह खेल सत्यापन के दौरान सरकारी विभाग के कर्मचारियों ने कर दिया है। जिससे उसे दिव्यांग पेंशन बंद हो गया और उसे खाने के लाले पड़ने लगा।जिसे लेकर भुक्तभोगी दिव्यांग अपने जिंदा होने की साबित करने के लिए दफ्तरों का चक्कर लगा रहे हैं। जहां दफ्तरों द्वारा अभी तक उसे जिंदा घोषित नहीं कि जा सकी है। भुक्तभोगी वृद्ध शफीक दिव्यांग व्यक्ति हैं। जहां उनके आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं हैं। पेंशन पर ही वह दो जून रोटी पर निर्भर हैं।कई वर्षो से शफीक को पेंशन मिलती आ रही थी, लेकिन 2022 अक्टूबर माह में उसके जीवित होते हुए भी मृत घोषित कर दिया गया जिससे पेंशन बंद कर हो गयी।अब पीड़ित खुद को जिंदा होने का सबूत पेश कर पेंशन चालू कराने के लिए कार्यालयों का चक्कर लगा लगा गुहार लगा रहा हैं। साथ हीं बैंक का भी चक्कर लगाना पड़ रहा हैं। मो. शफीक ने कई बार प्रखंड कार्यालय एवं समाहरणालय में आवेदन दे चुका हैं। अब आस टूट जाने के बाद उपायुक्त से वृद्धा पेंशन चालू कराने की मांग किया है।साथ ही गलत सत्यापन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया ताकि हमारे जैसे कोई अन्य बृद्ध भुक्तभोगी ना हो। गौर तलब है कि उक्त भुक्तभोगी जिस दफ्तर में अपना शिकायत लेकर जाता है उसे सभी केवल आवेदन की हीं मांग करते रहें है। कोई उसका बृद्धा पेंशन चालू अभी तक नहीं कर पाए। क्या जीवित व्यक्ति को मृत बताया जा सकता है । क्या उसपर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। यदि होनी चाहिए तो कब।

आरपीएस ई.डीजिटल लाइफ वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): आरपीएस ई.डीजिटल लाइफ सोलुशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का द्वितीय वर्ष गांठ का उद्घाटन भाजपा नेता राजधानी यादव के द्वारा फिता काटकर किया गया। सर्वप्रथम देमू कि महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायक ललन यादव ब्यास ने एक पर एक भोजपुरी गाने गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि कंपनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देखे गए कैशलेस इंडिया के सपने को साकार करने हेतु कैशलेस अभियान को गांव-गांव तक बेरोजगार युवा-युवतियों के बीच, सरकार द्वारा निर्देशित एप्लीकेशन भीम के माध्यम से जागरुक करने का बीड़ा उठाया है।

संक्षिप्त खबरें

पशुपालन निदेशालय झारखंड सरकार की टीम बड़कागांव पहुंची, योजनाओं का किया निरीक्षण

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड सरकार पशुपालन निदेशालय की टीम ने बड़कागांव प्रखंड का दौरा कर पशुधन संबंधित योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम में शामिल डॉक्टर मुक्ति सिंहा एवं डॉ सीमा अग्रवाल ने बड़कागांव पशु चिकित्सालय पहुंचकर योजनाओं का जायजा लिया एवं भौतिक सत्यापन भी किया । टीम के द्वारा बताया गया कि बड़कागांव प्रखंड में संचालित पशुधन योजनाओं को विस्तृत रूप से संचालन पर जोर दिया गया है। परंतु कई लाभुक अच्छी तरह से योजना का संचालन नहीं कर पा रहे हैं। सरकार के द्वारा अनुदान तो दिया जा रहा है परंतु लाभुक के द्वारा अंशदान नहीं देने के कारण योजना का संचालन अच्छी तरह से नहीं हो पा रहा है। वही टीम ने पशु चिकित्सालय भवन का जीर्णोद्धार करने पर भी जोर दिया। उपस्थित डॉक्टर लाइशरण सिंह ने बताया कि ऑफिस में अब तक बिजली कनेक्शन भी नहीं है, जिसके कारण कंप्यूटर भी बेकार पड़ा हुआ है। पानी बोरिंग में लगी मशीन भी बेकार पड़ी हुई है जो खराब हो रहा है। प्रखंड मुख्यालय में पशुधन सहायक की अत्यंत जरूरी है। पशु चिकित्सालय में अनु सेवक बहाल करने की आवश्यकता है। आगे बताया कि 2022-23 में खुरहा चपका होने पर पशुओं को 50000 वैक्सीनेशन किया गया है। वही 2023- 24 में लंपी स्किन डिजीज के 5499 गाय को वैक्सीन दिया गया और 3122 शुकर को स्वाइन फ्लू मामले में वैक्सिनेशन किया गया। मौके पर उपस्थित कई लाभुक के बीच पशुओं के लिए दवा का वितरण किया गया एवं पशुओं के रखरखाव बीमारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। टीम ने बड़कागांव हॉस्पिटल के पास संचालित मेघा डायरी बल्क मिल्क कूलर सेंटर का निरीक्षण किया। इसमें बताया गया कि 2000 लीटर क्षमता वाली मशीन किसानों के द्वारा 1200 लीटर दुग्ध खरीदी जा रही है और ठंडी रखी जा रही है ताकि दुग्ध खराब नहीं हो। किसानों को दुग्ध की राशि सीधे उनके खातों में भेजा जा रहा है। दुग्ध की गुणवत्ता के आधार पर किसानों को राशि दी जाती है। अधिकारियों ने कहा कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाने व बेहतर करने के लिए कार्य किए जाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से गव्य तकनीकी पदाधिकारी जिला गव्य विकास कार्यालय हजारीबाग के अरविंद कुमार, अजीत कुमार सिंह सहायक प्रबंधक मेघा डायरी हजारीबाग, महेश कुमार पशुधन सहायक, बालेश्वर करमाली, अरविंद कुमार, लाभुकों में खुशबू देवी, पिंकी कुमारी, दशरथ महतो के अलावा अन्य लाभुक्त उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली में सतर्कता दिवस का हुआ आयोजन

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): इंडियन ओवरसीज बैंक, हजारीबाग शाखा के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया द्य शिविर में अध्यक्षता इंडियन ओवरसीज बैंक, हजारीबाग के शाखा प्रबंधक, आशीष कश्यप ने कीद्य मौके पर इंडियन ओवरसीज बैंक ,हजारीबाग शाखा के सहायक प्रबंधक आशीसन मार्की, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव, संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य ,दिनेश कुमार मिश्र की उपस्थिति में यह जागरूकता शिविर संपन्न हुआ । शिविर में बैंक के प्रबंधक ने बताया की बैंक में यदि कोई खाता धारक लिखित शिकायत में अपनी पहचान नहीं बताता है तो इसे नियमों के अनुसार स्वीकार नहीं किया जाएगाद्य लेकिन अगर कोई शिकायत दर्ज कराते समय अपना नाम और पहचान गोपनीय रखना चाहता है तो शिकायत पर गौर किया जाएगाद्य मौके पर शाखा प्रबंधक में खाता धारकों के जागरूकता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश भी डालाद्य इस जागरूकता शिविर में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे एवं आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे।

वार्ड सदस्य के आकस्मिक निधन पर चानो पंचायत में शोक

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चानो पंचायत के वार्ड सदस्य चमेली देवी का आकस्मिक निधन हो गया।वार्ड सदस्य के निधन पर मुखिया गीता देवी ने गहरा दुख ब्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्य चमेली देवी के निधन से मर्माहत हु।उनके निधन से पंचायत में अपूरणीय क्षति हुई जिसे फिलहाल पूर्ति करना सम्भव नही है।कुशल व्यवहारिक व सामाजिक कार्यकर्ता के अनेक गुन उनमे था।हमेशा चमेली देवी सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेती थी।शोक व्यक्त करने वालो में चानो मुखिया गीता देवी ,पसस खेमिया देवी , कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,सारूकुदर मुखिया उत्तम कुमार महतो,,डूमरचन्द महतो,परमेश्वर महतो,दीपक भारती, अनिता देवी,सरिता देवी,अनिल टुडू समेत समस्त वार्ड सदस्य शामिल थे।

प्रभात द्वारा निर्मित झुमका गाना ने मचाया धमाल

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के चौपारण क्षेत्र के युवा कलाकार प्रभात कुमार ने अपना स्वरचित नया गाना झुमका लांच कर दिया है. लॉन्च होते ही गाने को दर्शकों और श्रोताओं का भरपूर प्यार मिला है. जहाँ यूट्यूब पर 32 हज़ार से अधिक दर्शकों ने इसे सुना वहीँ सावन म्यूजिक पर इसके श्रोताओं की संख्या एक लाख के पार हो चुकी है. ख़ास बात यह है कि प्रभात अपने गाने के लिरिक्स, म्यूजिक और कंपोज़ खुद तैयार करे हैं और उसकी शूटिंग से लेकर सभी कुछ हजारीबाग में ही अंजाम दिया जाता है. कुल मिलाकर उनके सभी गाने विशुद्ध रूप से हजारीबाग में ही तैयार किये जाते हैं. वहीँ प्रभात के बड़े भाई मनीष डायरेक्शन का जिम्मा उठाते हैं. गाने में मुख्य भूमिका में प्रभात के साथ माही, तैबा और अंजलि उनका साथ दे रही हैं.

बता दें कि प्रभात द्वारा अबतक दस से ऊपर स्वरचित गाने बनाये जा चुके हैं जो काफी लोकप्रिय भी हुए. मेरे भोले, मुरलीधर, बरसो बदरा, चार दिन की, वी विल फाइट और एक देश है गाने इनके अबतक के करियर के बेहतरीन प्रस्तुतियों में से हैं. श्रोताओं के मिले अपार प्रेम पर प्रभात कहते हैं कि झारखण्ड के हर छोटे बड़े गाँव में एक से एक कलाकार होते हैं, ज़रूरत है तो बस उन्हें प्लेटफार्म मिलने की. सरकार और कई संस्थाओं द्वारा इस ओर बेहतर प्रयास किये गए हैं परन्तु यह प्रयास यदि स्क्रैच लेवल पर हो तभी सार्थक होगा. प्रभात साउंड इंजिनियर हैं और भविष्य में इसी क्षेत्र में बेहतर काम कर के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करना चाहते हैं.

दिपावली तथा छठ पर्व को देखते हुए नगर आयुक्त सह प्रशासक की अध्यक्षता में नगर निगम की बैठक संपन्न हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल की अध्यक्षता में, नगर निगम की बैठक सम्पन्न हुई। दिपावली तथा छठ पर्व को देखते हुए यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में नगर आयुक्त ने युद्ध स्तर पर शहर की सफाई कराने का निदेश दिया। शहर में 27 मुख्य तालाब जहाँ छठ पर्व होती है, उसे विशेष अभियान के तहत निदेश दिया गया। वार्ड जमादारों को पूजा समितियों से संपर्क स्थापित कर पूजा स्थालों को चिन्हित कर उसे प्राथमिकता के आधार पर सफाई कराने का निदेश दिया गया।शहर में अवस्थित दुकान, होटल , लॉज तथा विवाह को डस्टबिन रखने को कहा गया है।उनपर कचरा फैलाने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा।बैठक में सहायक नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रधान जमादार, प्रधान सहायक तथा सभी जमादार उपस्थित थे।

झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर कंपनी की छवि धूमिल करने का हो रहा प्रयास : एनटीपीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना पर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशों का उल्लंघन कर कोयले का ट्रांसपोर्टेशन सड़क मार्ग से करने का आरोप कुछ समाचार पत्रों और वेब पोर्टल के द्वारा लगाया जा रहा है। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पकरी बरवाडीह को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा कन्वेयर बेल्ट का निर्माण पूरा करने के लिए अंतरिम रूप से 31जनवरी 2024 तक का समय दे दिया गया है। यहां यह बताना जरूरी है कि भारत सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को 39 वर्षो तक पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर केवल सड़क मार्ग से कोयले के परिवहन की अनुमति वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा 31 जनवरी 2024 तक कर दी गई है। ऐसे में सभी जरूरी अनुमति एवं प्रक्रियाओं को पालन करने के बाद भी पकरी बरवाडीह पर झूठी एवं बेबुनियाद आरोप लगाई जा रही है जिससे कंपनी की छवि धूमिल होती है। बार-बार इस तरह के झूठे आरोप फैला रहे वेब पोर्टल/ वेबसाइट/डिजिटल पेपर पर कंपनी कार्यवाही करने का विचार कर रही है। उक्त आशय की जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

हजारीबाग में खुला कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर के पीटीसी चौक से कनहरी हिल के रास्ते पर अवस्थित मौर्या कॉलोनी-2 में एक नवीन कोचिंग संस्थान कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन हुआ ।कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व डीएसपी बद्री रजक ने इस संस्थान के संचालक अपने बच्चों के संघर्ष की दास्तां सुनाते हुए बचपन से ही अपने जन्मभूमि के लिए उनमें कुछ बेहतर करने की ललक होने की बात कही। उन्होंने लोगों ने उनके इस नए सफ़र में सहयोग भी मांगा। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि हर विद्यार्थी के अंदर ब्रह्मांड की सारी शक्तियां, सारे गुण और सारी जानकारियां पूर्णतया के साथ अंतर्निहित हैं और विद्यार्थियों के अंदर अंतर्निहित उसी पूर्णतया को अभिव्यक्त करने के लिए एक अच्छे मार्गदर्शक के रूप में अपने नाम के अनुरूप कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी सहायक साबित होगा ।

डॉ. एहसान उल हक बने हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर के कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल सभागार में हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई एवं इस बैठक में हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में चयनित डॉ एहसान उल हक का स्वागत हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन ने किया। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि जेपी सिंह ने हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के चयनित पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा था कि उन्हें काफी खुशी है कि हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन को डॉक्टर एहसान उल हक के रूप में अध्यक्ष मिला सचमुच यह एक सकारात्मक संकेत है। उन्हें इस बात का पूरा विश्वास है कि डॉ एहसान उल हक के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग के होनहार बास्केटबॉल के खिलाड़ियों में नया जोश और उत्साह देखने को मिलेगा । इस अवसर पर ओएसिस स्कूल के चेयरमैन शब्बीर अहमद एवम कोषाध्यक्ष तनवीर अहमद ने बधाई देते हुए कहा की डॉ एहसान उल हक का शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि खेल क्षेत्र में भी खेल प्रेम देखने को मिलता रहा है। वे इसके पूर्व जहां दो फुटबॉल क्लबों के संस्थापक रहे वहीं वर्तमान में एक फुटबॉल क्लब के संरक्षक हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार, टेक्निकल हेड आदर्श कुमार, सदस्य सागर राज, अंशु कुमार, दीपक गुप्ता, फैजान अख्तर, राज पटेल एवं सनी सिंह, अजहर खान, सादुल हसन उपस्थित रहे। ओएसिस स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार ने मंच संचालन एवम उप प्राचार्य इम्तियाज आलम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पंचायती राज विभाग द्वारा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : पंचायती राज विभाग द्वारा उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी ज़िलों से विभाग द्वारा नामित मुखियागण एवं इच्छुक मुखियागण का एक दिवसीय कार्यशाला प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में राज्य से आए हुए मुख्य प्रशिक्षक एवं प्राचार्य -सह- जिला पंचायत राज पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा स्वागत एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। निदेशक महोदया, पंचायती राज विभाग रांची द्वारा VC के माध्यम से उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिले के जिला मुखिया संघ अध्यक्ष एवं मुखियागणो के साथ वार्तालाप किया गया, एवं ग्राम पंचायत का विकास हेतु मार्गदर्शन दिया गया।= राज्य से आए हुए मुख्य प्रशिक्षक द्वारा 9 विषयों पर विस्तार पूर्वक कर चर्चा की गई ताकि आगामी वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण 9 Themes के आधार पर किया जा सके।

वन अधिकार समिति का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : गुरुवार को चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत सभागार में वन अधिकार समिति का गठन के लिये ग्राम सभा किया गया जिसका अध्यक्षता मुखिया संझली मुर्मू वही संचालन उप मुखिया अभिजीत सिंह द्वारा किया गया। वन अधिकार समिति का गठन सर्व समिति से 15 मेंबर का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दिनेश्वर रविदास को चुना गया वहीं सचिव पद के लिए लाल सिंह को चुना गया। संचालन समिति में मालती कुमारी, ममता देवी, पर्वती देवो,ललीता देवी, शांति महतो, मुस्लिम अंसारी ,मो अफ़ज़ल अंसारी विश्वाजीत कु0 सिंह ,दिनेश कुमार ,फुलेश्वर करमाली , सन्नी गंझु ,विरजू शर्मा,अशोक महतो को चुना गया। पर्यवेक्षक के रूप में चुरचू प्रखंड के अमर कुमार सिंह मौजूद थे साथ में वन विभाग के विकास उरांव के निगरानी में चुनाव कराया गया वहीं मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद बासुदेव करमाली पंचायत समिति आशा राय पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, वार्ड सदस्य बाबूलाल महतो सत्येंद्र नारायण सिंह अलाउद्दीन अंसारी संगीता देवी रानी चंपा गुप्ता फुलेश्वर रविदास वही समाजसेवी भुवनेश्वर ठाकुर चरण करमाली लालचंद महतो गुड्डू महतो, रमेश करमाली मुजफरुल अंसारी प्रखंड कोषाध्यक्ष झामुमो, बीसनाथ महतो, रियाजुल अंसारी, शमशेर अंसारी, ककु ठाकूर ,अमित कुमार,अजय महतो,अर्जुन करमाली,राजू रविदास,दिलु रविदास, प्रकाश ठाकुर, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

कैथोलिक ईसाई समुदाय ने कब्रस्तान में किया अपने प्रियजनों के लिए प्रार्थना

प्रभात मंत्र संवाददाता

हज़ारीबाग : सेमेट्री रोड अवस्थित ईसाई समुदाय के कब्रस्थान में अहले सुबह ऑल साउल्स डे अर्थात कब्र आशीष पूजा समारोह मनाया गया। इस अवसर सेमेट्री रोड अवस्थित कब्रस्तान में बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में मिस्सा पूजा सह कब्र आशीष पूजा समारोह आयोजित किया गया मिस्सा पूजा में पल्ली पुरोहित फा अंटोनी,फा रायमंड सोरेंग,फा टॉमी,फा मनोज तिर्की, फा अब्राहम,फा विजय एक्का, फा सिलबेस्टर कुजूर, फा संतोष तोपनो, सहायक फरदीनन्द लकड़ा इत्यादि ने साथ दिया। ईसाई समुदाय बहुत पहले इस दिन के लिए अपने रिस्तेदार और प्रियजनों के कब्र की सफाई, रंग रोगन इत्यादि प्रारम्भ कर देते है। आज विश्वासीगण कब्र को फूल- माला, मोमबत्ती और अगरबत्ती से सजाते है। बिशप आनंद जोजो ने सर्वप्रथम मिस्सा पूजा किया और सन्देश में कहा की आज संचार क्रांति समाज में लोग आसानी से सोशल मिडिया से जुड़ जा रहें, पर आत्मिक दुरी बढ़ गई है हम ईश्वर से भी नही जुड़ पा रहें आज हमें ईश्वर के बताये मार्ग अपना कर जुड़ने की आवश्यकता है। मनुष्य कितना भी तरक्की कर जाएं पर अपनी मृत्यु को नही जान पाया है कब किस पल अंतिम समय आप जाएं आज भी लोग अनजान है इसलिए ईश्वर के बुलावा को हमेशा याद रखना है हर दिन अंतिम दिन की तरह ईश्वरीय जीवन में जीना चाहिए।मिस्सा पूजा का भक्ति गीत संचालन हॉली क्रॉस प्रोवाइन्स हॉउस, स्नेह सदन, हॉली क्रॉस ओलरीका भवन ने किया।अंत में बिशप आनंद जोजो ने सभी कब्र पर आशीष दिया इस अवसर भारी संख्या में ईसाई समुदाय उपस्थित थे।

आत्मा ने की कृषि पाठशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), प्रखंड- विष्णुगढ़ के द्वारा कृषिन्नोति,एक्सटेंशन रिफोर्म्स सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्टेंशन योजनान्तर्गत कृषक -पाठशाला का आयोजन गाँव- गोलगो, पंचायत भेलवारा में आयोजित की गई।जिसमे, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार,संचालक सरिता देवी मौजूद थे। कृषक- पाठशाला का विषय है उन्नत तकनीक से मडुआ की खेती प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में सभी किसानों से परिचय का आदान प्रदान हुआ। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार के द्वारा सर्वप्रथम पाठशाला के महत्व अवगत कराया, पाठशाला के माध्यम से किसान के प्रक्षेत्र पर प्रत्यक्षण कार्य का आरंभ से अंत तक वैज्ञानिकगण के द्वारा प्रत्येक क्रांतिक अवस्था पर किसानों को उचित सलाह दी जाती है । ताकि रोगरहित अच्छा उत्पादन हो जिसे देखकर आसपास के किसानों में अच्छी फसल देखकर जिज्ञासा उत्पन्न हो सके ।खेती कार्य में उन्नत ढंग से खेती करने को बढ़ावा देने के साथ- साथ उत्पादन बढ़ाने के लिए नवतकनीक के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित व आकृष्ट कराना ही आत्मा के द्वारा संचालित पाठशाला का मुख्य उद्देश्य है ।

स्वच्छ विष्णुगढ़ के लिए एक्शन में दिखे अंचलाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चेडरा,बेडाहड़ियारा एवं विष्णुगढ़ के गलियों में घरों का गंदा पानी लगातार बहाया जा रहा है।जनप्रतिनिधियों के द्वारा लाख मना किये जाने के बावजूद कुछ लोग मानने को तैयार नही है। इस बाबत चेडरा पंचायत के पंसस मुन्नी देवी ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।दिए गए आवेदन पर त्वरित कार्यवाई करते हुए गुरुवार को अंचल अधिकारी रामबालक कुमार अपने कर्मियों के साथ निकले व लोगो को कड़ी फटकार लगाते हुवे घरों का गंदा पानी नही बहाने की बात कही।उन्होंने लोगो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सुधर जाए अन्यथा कानूनी कार्यवाई की जायगी। तैलिक वैश्य धर्मशाला में अतिक्रमण के बाबत अंचल अधिकारी ने तत्काल हटाने की बात कही।बताते है,कि विष्णुगढ़ की गलियों में पैदल चलना मुश्किलों से भरा है।बदबूदार गंदी गलियों की वजह से तरह तरह की बीमारी फैलने की आशंका है।वही लोग गिरने फिसलने से चोटिल हो जा रहे हैं।वही दूसरी तरफ भक्ति एवं आस्था के महापर्व छठ पूजा भी नजदीक है।ऐसे में घरों का गंदा पानी नही रोका गया तो काफी परेशानी होगी।पूजा में साफ सफाई का बहुत ही ख्याल रखा जाता है।इसके पूर्व भी जनप्रतिनिधियों ने गलियों में घूम घूम कर लोगो को मना किया था।आज अंचल अधिकारी के कड़ी डाट फटकार से उम्मीद जगी है, कि ग्रामीणों को गन्दे पानी से निजात मिलेगी व स्वच्छ रह कर घूमेंगे।मौके पर अंचल के सहायक उपेंद्र सिंह,राजस्व कर्मी राजेश कुमार, करन स्वर्णकार,महेंद्र कुमार,समेत कई लोग उपस्थित थे।

विधायक अकेला ने बरही के अलगडीहा व धोबियाडीह में किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : विधायक सह सभापति निवेदन समिति झारखण्ड उमाशंकर अकेला ने गुरुवार को बरही प्रखण्ड के भंडारों पंचायत के अलगडीहा व धोबियाडीह में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर अलगडीहा में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर की जगह 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसके बाद विधायक श्री अकेला ने स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक रूप से ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक श्री अकेला ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही।

विधायक ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुःख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं।

वे समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे, लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है। इसके अलावा विधायक ने धोबियाडीह में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो क्यूम, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, विद्युत विभाग विधायक प्रतिनिधि राजू राणा, पप्पू खान, अलगडीहा सदर क्यूम अंसारी, सचिव हाजी शाहिद अंसारी, शहंसा, भोला यादव, बोधि यादव, सहदेव यादव, अबरार साहब, रहमत अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

इंडियन एंजल्स का प्रीमियर 3 नवंबर को जियो सिनेमा पर

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): ओटीटी पर दुनिया का पहला एंजल इन्वेस्टमेंट शो माने जाने वाले, इंडियन एंजल्स का बहुप्रतीक्षित प्रीमियर 3 नवंबर को जियो सिनेमा पर किया जाएगा। यह शो हर हफ्ते दो एपिसोड प्रसारित करेगा, जिसकी शुरूआत कल से हो रही है। इस शो में दर्शकों को इसमें दिखाये जाने वाले स्टार्टअप के साथ जुड़ने का अनूठा अवसर मिलेगा। इंडियन एंजल्स अपने अनूठेपन के साथ खुद को दूसरों से अलग करता है, जिसमें छोटे शहरों में अपना उद्यमी सफर शुरू करने वाले जाने-माने बिजनेस लीडर्स का एक पैनल दिखाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सफल स्टार्टअप भी खड़ा किया। इस अनूठे पैनल में शामिल हैं, अजिंक्य फ़िरोदिया, काइनेटिक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर; अंकित अग्रवाल, इंश्योरेंस देखो के फाउंडर एवं सीईओ; अपर्णा त्यागराजन, शोबितम की को-फाउंडर और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर; कुणाल किशोर, वैल्यू 360 के फाउंडर एवं सीईओ; इजि माई ट्रिप के को-फाउंडर रिकान्त पिट्टी; और श्रीधा सिंह, टी.ए.सी. - द आयुर्वेदा कंपनी की सीईओ और को-फाउंडर, अभिषेक मोरे, फाउंडर एवं सीईओ, डिजिकोर स्टूडियोज़, ने शो को लेकर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा, दो शुरूआती एपिसोड्स के साथ, इंडियन एंजल्स का प्रसारण करने की हमें उत्सुकता हो रही है। कुछ दिनों पहले जब से शो को जारी किया है तब से ही काफी धमाकेदार प्रतिक्रिया मिल रही है। हमने स्टार्टअप की तरक्की में भारतीय दर्शकों की गहरी दिलचस्पी को ध्यान में रखते हुए बड़ी ही सटीकता के साथ इस शो को बनाया है। इसके साथ ही, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि यह शो ना केवल मनोरंजक है, बल्कि सबकी पहुंच में भी है। इससे दर्शकों को अपने पसंदीदा स्टार्टअप में सक्रिय रूप से शामिल होने का मौका भी मिल रहा है।

फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के बीच हुआ एमओयू

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के दो गांव लेम एवं बारीडीह में फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट÷ स्थापित करने हेतु गुरुवार को जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के बीच एमओयू किया गया। इस दौरान सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची की तरफ से जीएम एसडी एवं सीएसआर लादी बालकृष्ण एवं जिला प्रशासन, रामगढ़ की तरफ से प्रखंड विकास पदाधिकारी, पतरातु श्री मनोज कुमार गुप्ता के द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। गौरतलब होकि एमओयू के उपरांत सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के द्वारा सीएसआर के तहत पतरातू प्रखंड के दो गांव लेम एवं बारीडीह में फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट के लिए 63च्ह्रड्ड के दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएंगे।

प्रसिद्ध समाजसेवी का निधन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला के प्रसिद्ध व्यवसाय और समाजसेवी श्यामसुंदर परशुरामपुरिया की 68 वर्षीय पत्नी उषा परशुरामपुरिया का आज शाम रांची के हॉस्पिटल में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कल 3 नवंबर को गांधी घाट पर किया जाएगा। परशुरामपुरिया ने अपने जिंदे रहते अपने दोनों आंख डोनेट करने की मांग की थी। उनके निधन के बाद उनके दोनों आंख डोनेट कर दिए गए हैं । उषा परशुरामपुरिया के पति श्यामसुंदर परशुरामपुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि तबीयत खराब होने के बाद उन्हें रांची के सेम्फोर्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां शाम 4 बजे के लगभग उनका निधन हो गया है। उन्होंने बताया कि कल 3 नवंबर को रामगढ़ दामोदर नदी के गांधी घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा उषा परशुरामपुरिया रामगढ़ के कई सामाजिक संगठनों से जुड़ी रही हैं। परशुरामपुरिया अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय सचिव भी रही हैं । वही मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ की अध्यक्ष भी रही हुई है। परशुरामपुरिया के निधन पर रामगढ़ के कई संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। परशुरामपुरिया के निधन पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रही अरुणा जैन और समाजसेवी मधु अग्रवाल ने अशोक व्यक्त किया हैद्य उन्होंने कहा कि उषा परशुरामपुरिया के निधन से हम लोगों को काफी क्षति हुई हैद्य भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

महिलाओं के बीच कंबल व मिठाई का वितरण

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी शशि गुप्ता के जन्मदिन के मौके पर हेसला करमाली टोला में 101 महिलाओं के बीच कंबल व मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही स्कूलों बच्चों के बीच कॉपी कलम किताब मिठाई गरम कपड़ा का वितरण किया गया ।ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि और रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी शशि गुप्ता के 30 वर्ष पूरे होने पर गरीब बुजुर्ग महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया साथ ही स्कूल के बच्चों के बीच कॉपी किताब कलाम मिठाई एवं गर्म कपड़े का वितरण किया गया साथ ही बुजुर्ग महिलाओं को पाव पूजन कर फूलों की वर्षा कर कंबल का वितरण किया गया समाजसेवी शशि गुप्ता ने कहा कि आगे भी जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा गरीब बेटियों की शादी में मदद दी जाएगी बीमार लोगों को निशुल्क इलाज किया जाएगा जो बच्चे पैसे का कारण नहीं पढ़ पाते हैं उनका सहयोग दिया जाएगा महिलाओं ने भी शशि गुप्ता को बधाई देते हुए उनके जन्मदिन के मौके पर शुभकामनाएं दी बच्चों ने भी गुप्ता जी के जन्मदिन बधाई देते हुए धन्यवाद कहा।

गिरिडीह लोकसभा के पूर्णकालिक विस्तारक मनोनित हुए सत्यजीत चौधरी, बाबूलाल मरांडी ने दी शुभकामनाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों के निर्देशन में झारखंड प्रदेश ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियां अभी से शुरू कर दिया है। इसी के निमित्त भाजपा ने कोलकाता में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया था जिसमें बिहार बंगाल, झारखंड, ओडिसा, असम, अरुणाचल प्रदेश सहित सभी नौ राज्यों से चुने गए लोकसभा विस्तारकों को आमचुनाव हेतु संगठन के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष,संगठन महामंत्री बिहार भीखू भाई दलसानिया,संगठन महामंत्री बंगाल सहित अन्य पार्टी एवं संगठन के वरिष्ट पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षित कर विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में भेजा जा रहा है।इसी के तहत झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने की रणनीति के तहत पूर्णकालिक लोकसभा विस्तारकों का चयन हुआ। बुधवार को प्रशिक्षण वर्ग से वापस लौटे सभी झारखंड के विस्तारकों को आमंत्रित कर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश मीडिया सह

प्रभारी सह लोकसभा विस्तारक अभियान के झारखंड संयोजक योगेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा लोकसभा क्षेत्र का आवंटन किया गया।रामगढ़ से भाजपा का जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी को गिरिडीह लोकसभा की जिम्मेवारी दिए जाने पर बाबूलाल मरांडी ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर गिरिडीह लोकसभा का पूर्णकालिक विस्तारक चयनित हुए सत्यजीत चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को बताया की पहले भी मुझे विधानसभा स्तरीय अल्पकालिक विस्तारक के रूप में छत्तीसगढ़ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था ।लेकिन इस बार गिरिडीह लोकसभा हेतु पूर्णकालिक लोकसभा विस्तारक के रूप में पार्टी द्वारा मेरा चयन किया जाना मेरे लिए गर्व की बात है जिसके लिए मैं पार्टी के सभी प्रदेशस्तरीय और जिला पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए मैं संगठन से मिली अपनी पिछली सभी जिम्मेवारियों की तरह इस दायित्व को भी अपने वरिष्ट नेताओं के मार्गदर्शन में निभाने का प्रयत्न करूंगा।रामगढ़ जिले से पूर्णकालिक विस्तारक नामित हुए सत्यजीत चौधरी एवं आशीष कुमार को शुभकामना देने वालों में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व भाजपा प्रत्यासी रामगढ़ विधानसभा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू, रंजन फौजी, वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, प्रो.अखिलेश प्रसाद, आनंद बेदिया, मंत्री वसुध तिवारी, दिलीप सिंह, राजेंद्र कुशवाहा, किरण देवी, संजीव बावला, राजीव पमदत्त, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, प्रवीण सोनू, कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, टोकेश सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना खटीक, सत्यजीत सिंह, भीमसेन चौहान इत्यादि शामिल थे।

पहचान पत्र व विभिन्न समस्याओं को लेकर ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : पहचान पत्र व विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की से जिला समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की।इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को ट्रांसजेंडर पर्सन(प्रोटेक्शन ऑफ़ राइट्स) एक्ट 2019 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई साथ ही उन्हें भारत सरकार द्वारा ट्रांसजेंडर समूह के लोगों के लिए चलाए जा रहे पोर्टल एवं इसके माध्यम से पहचान पत्र प्राप्त करने की भी जानकारी दी गई। मौके पर ट्रांसजेंडर समूह के द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को पहचान पत्र नहीं रहने के कारण उनके समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा सरकार के सरकार द्वारा उनके लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं व जागरूकता कार्यक्रमों आदि की जानकारी दी गई।

आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर नया घुटवा छठ पूजा समिति के सदस्यों की बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर नया घुटवा छठ पूजा समिति के सदस्यों की बैठक गुरुवार को हुई । इस बैठक में पुरानी कमेटी को ही पुनःगठित कर दिया गया। इस बैठक में नया धुटवा के काफी लोग शामिल हुए । जिसमें अध्यक्ष हिमांशू लाला को ही फिर से बनाया गया। अध्यक्ष ने बताया पिछले साल के भाती इस साल भी छठ वर्तियो को कोई परेशानी न हो इसको देखते हुए घाट पर सभी तरह की व्यवस्था करने को लेकर चर्चा की गई द्य बैठक में सहयोगी छोटू राम ने बताया कि छठ की तैयारी जोरो शोरो से करनी है, किसी भी परेशानी का छठ वर्तियों को सामना न करना पड़े उसका भी पूरा ध्यान

रखा जायेगा। बैठक में हिमांशु लाला को अध्यक्ष, अरूण बेदिया उपाध्यक्ष, कमला पटेल को सचिव, सलेंदर कुमार को सचिव, सुनील कुमार को उपसचिव , शशि कुमार को कोषाध्यक्ष, प्रियांशु लाला को कोषाध्यक्ष, राजा शर्मा को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया । इस मौके पर उपस्थित मिकी टुडू, राजा शर्मा,प्रेम कुमार, कृष रावत, शशि कुमार,जय प्रकाश, जगत महतो, सुनील कुमार,दुलेल महतो, अरूण बेदिया, कमला पटेल, सलेंद्र कुमार, बिरजू कुमार, बाबा पांडे, के.के, पियुस कुमार, असिश मजुंदर आदि लोग उपस्थित हुए।

सतकर्ता जागरूकता अभियान के तहत बच्चियों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : सीसीएल सौंदा ग्राउंड में गुरुवार को सीसीएल बरकासयाल द्वारा चलाए जा सतकर्ता जागरूकता अभियान के तहत बच्चियों के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह उपस्थित रहे।वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह व ट्रेड यूनियन के सदस्यो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुरू किया गया। वहीं यह फुटबॉल प्रतियोगिता में चिकोर व जिंदल के बिच खेला गया। जिसमें जिंदल की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3-1 से चिकोर की टीम को पराजित किया।वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा सतकर्ता जागरूकता

अभियान के तहत आज सीसीएल सौंदा ग्राउंड में बच्चियों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। किसी भी खेल में हार जीत लगी रहती है। दोनों टीम बेहतर प्रदर्शन किये। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता समाप्त होने के उपरांत दोनो टीमों को विजेता और उपविजेता का उपहार महाप्रबंधक के हाथों दिया गया।वहीं इस मौके पर महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार, एसओपी अजय कुमार,सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, अमरेन्द्र कुमार इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

छठ पूजा समिति थाना चौक की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : छठ पूजा समिति थाना चौक, रामगढ़ कैंट की बैठक समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य बैठक में छठ महापर्व को लेकर निम्नलिखित निर्णय लिया गयाद्य दामोदर घाट को आकर्षक विद्युत सजा से सजाने का निर्णय लिया गया तथा भव्य तोरण द्वार बनाने का निर्णय लिया गयाद्य साथ ही छठ घाट पर भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गयाद्य बैठक में अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने कहा कि इस बार भी नदी में गोताखोरों को तैनात किया जाएगा । जिससे किसी भी प्रकार का अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके तथा

ड्रोन से निगरानी भी रखी जाएगी । छठ व्रतीयों के लिए थाना चौक से लेकर नदी घाट तक कालीन बिछाया जाएगाद्यलोगों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाया जाएगाद्य बैठक में राजीव गुप्ता ,रूपेश गुप्ता ,लाल बिहारी रजक, संतोष सिंह , उदय प्रताप सिंह ,सत्येंद्र,आशीष गुप्ता, सोमनाथ ,रौशन गुप्ता,मनीष वर्मा, अरूण गुहा ,संजय मिश्रा ,कंचन लाइट एवं सुद्धेश्वर मौजूद थे।

काली पूजा और छठ पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पुलिस निरीक्षक महेशपुर प्रभु सहाय एक्का ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की। मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों,यूडी से संबंधित लंबित कांडों,पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।मासिक अपराध गोष्ठी में अपने-अपने थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर संबंधित थाना प्रभारियों की सराहना की। साथ ही धनतेरस, कालीपूजा तथा छठ पर्व को लेकर विशेष निगरानी बनाए रखने का

निर्देश दिया।मासिक अपराध गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को पुलिस निरीक्षक ने अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध खनिज,बालू,बोल्डर तथा कोयले के अवैध उत्खनन व परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।साथ ही अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया।गोष्ठी में फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने,वारंटियों की गिरफ्तारी करने,नियमित रूप से दिवा,संध्या और रात्रि गश्ती करने तथा आए दिन हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना पर रोक लगाने का निर्देश दिया।साथ ही पुलिस निरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही अपने-अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।जेल से मुक्त हुए अपराधियों जिनमें आर्म्स एक्ट,लूट,डकैती वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश निर्देश दिया। अपने-अपने संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। मासिक अपराध गोष्ठी में महेशपुर थाना प्रभारी आनंद पंडित,पाकुड़िया थाने के एसआई पुनीत कुमार गौतम उपस्थित थे।

नव एरिया मेडिकल आफिसर का सीसीएल भुरकुंडा अस्पताल कर्मियों ने स्वागत किया

भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के नव एरिया मेडिकल आफिसर डाक्टर ए.के.टोप्पो का सीसीएल भुरकुंडा अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने डाक्टर टोप्पो का स्वागत गान गाकर व उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर पुष्प गुच्छ भेंट किया।बता दें कि नव एरिया मेडिकल आफिसर डाक्टर टोप्पो ने बुधवार को ही क्षेत्र में अपना कार्य भार संभाल लिये है।वहीं डाक्टर टोप्पो ने कहा कि अस्पताल के कर्मचारी समय पर ड्यूटी आवे और बेहतर सेवा मरीजों को दे। उन्होंने कर्मियों को भरपूर सहयोग देने की बात कही। वहीं इस मौके पर डा.नदीम अनवर,डा सुनील

कुमार,केडी शरण,ललन प्रसाद, फारूक रजा, सिस्टर कुजूर, टोप्पो, गणेश, रीता,रूक्साना,ओम प्रकाश, मुन्नी, सरस्वती,अमलेश,बाबू दास, सुनीता,मुनको पंचु, जामवंती,पुनम, वीणा, चिंता, शांति इत्यादि लोग मौजूद थे।

Government of Jharkhand
Directorate Of Food And Consumer Affairs, Jharkhand,
Third Floor, JSFC Bhawan, Kadru Ranchi

Letter No- 1829 Date-01-11-2023
Tender Ref No:Kha.Up.Ni.-01-Sugar-1/2023-1606 **Dated – 26-09-2023**

Corrigendum Notice

With reference to Gem Bid Number - GEM/2023/B/3998692 Dated : 22/09/2023 and PR NO. 307733 dated:-26-09-2023, PR NO. 308725 dated: 09-10-2023 and PR NO. 309077 dated: 13-10-2023 under Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Regarding " Selection Of Bidder For Supply Of Free Flow white crystal Sugar (As Per FSSAI Norms) For 2nd Quarter (July 2023 To September 2023) Of Financial Year 2023-24 By e-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction on GeM Platform.

Bid End Date/Time Amended to 09-11-2023 on 6.00 pm

However, the prospective bidder are advised to regularly keep visiting and checking the website http://jharkhand.gov.in/food & GeM Portal for any further forthcoming information/ notice(s) / developments / amendment(s) / Clarification(s) regarding the subject Tender.

sd/-
Director

PR 310437 Directorate of Food and Consumer Affairs(23-24)#D Directorate of Food & Consumer, Affair's

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी
(जिला निर्वाचन शाखा)

पुर्न अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रित

पूर्व में जिला निर्वाचन शाखा, खूँटी के ज्ञापांक 477/निर्वा० दिनांक 07.10.2023 के द्वारा लोकसभा एवं विधानसभा से संबंधित निर्वाचन कार्यों में प्रभावी ढंग से संपादन एवं निरीक्षण कार्य के उपयोग हेतु दिसम्बर 2024 तक के लिए एक बोलेरो वाहन ड्राईवर सहित वाह्य स्त्रोत के माध्यम से लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था जिसमें निविदाताओं द्वारा नियम व शर्तों का अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण गठित चयन समिति द्वारा सर्वसहमति से निविदा निरस्त करते हुए पुनः अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

अतः निर्देशानुसार इच्छुक वाह्य स्त्रोत संस्था दिनांक 10.11.2023 समय 02:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय अवस्थित जिला निर्वाचन कार्यालय, खूँटी के कमरा संख्या 07 में अपना कोटेशन विहित प्रपत्र में जमा कर सकते है तथा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे कोटेशन खोला जायेगा।

नियम व शर्तें वेब साइट https://khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी
खूँटी

PR 310426 Election(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–**RDD/SD/LOHARDAGA/E-06/2023-24**
(3rd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्रम संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	किस्को प्रखण्ड के ग्राम होन्दगा में आलम अंसारी के खेत से लेकर अरमान अंसारी के खेत तक गार्डवाल निर्माण।	49,82,450.00	99,700.00	5000.00	3 माह

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.11.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.11.2023 से दिनांक 16.11.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.11.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9934523795
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.310411 Lohardaga(23-24):D

मनबोध महतो की मनायी गई दुसरी पुण्यतिथि

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में मार्क्सवादी समन्वय समिति के द्वारा अपने दिवंगत नेता सह झारखंड आंदोलनकारी कॉ0 मनबोध महतो की दुसरी पुण्यतिथि मनायी। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कॉ0 मनबोध महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण श्रधांजली अर्पित किया । बाद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉ0 शिवाकर महतो ने किया।सभा को सम्बोधित करते हुए मासस के केन्द्रीय महासचिव कॉ0 हलधर महतो ने कहा कि मनबोध महतो एक क्रांतिकारी विचारक और प्रखर समाजवादी नेता थे। उन्होंने सदैव समाज को जगाने का काम किया। वे एक संघर्षशील व्यक्ति थे, जो सदैव दुसरो के हक अधिकार के लिए लड़ते रहे । सभा को संबोधित करने वालो मे जिला सचिव कॉ0दिलीप महतो, कॉ0अजय महतो,कॉ0मंटु महतो, कॉ0अशोक दसौंधी, विधायक प्रतिनिधी धनेश्वर महतो,कॉ0राम कुमार सिंह, कॉ0याकूब अंसारी, प्रखण्ड सचिव कॉ0राजेश महतो, कॉ0ठाकुर महतो, कॉ0 राधु राय, सहित दर्जनो ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बगोदर प्रखंड अंतर्गत बेको पश्चिमी पंचायत के उपरटोला में गुरुवार को अब्दुल शकूर अंसारी के द्वारा 100 के वी ए का ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया गया।बीते कुछ दिनों से बेको ऊपर टोला में ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले कि जानकारी होने पर जेएमएम उपाध्यक्ष अनवर अंसारी ने त्वरित संज्ञान में लेते हुए 24 घंटे में ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करवाया।अनवर अंसारी ने कहा कि किसी तरह की परेशानी होने पर तुरंत सूचना दें। जिससे समाधान किया जा सके।ट्रांसफार्मर आने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। मौके पर मुखिया मुनेजा खातून, पंचायत समीति प्रतिनिधि इस्तियाक अंसारी, वार्ड सदस्य जियाउल अंसारी, समाजसेवी सिकन्दर अली, पूर्व वार्ड सदस्य मकबूल अंसारी, मोहन साव, मासूम अंसारी, जलील अंसारी, पप्पू अंसारी, शनिचर साव, प्रीतम साव, तुलसी साव, इरशाद अंसारी, मुस्लिम अंसारी समेत सैकड़ो की संख्या में महिला, पूरूष शामिल थे।

यूटीएस मोबाइल ऐप को बढ़ावा देने के लिए चला जागरूकता अभियान

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारतीय रेलवे द्वारा यात्री सुविधा के मद्देनजर अनारक्षित टिकट लेने के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप की व्यवस्था की गई है। यह एक भारतीय रेलवे का मोबाइल टिकटिंग एप्लिकेशन है, जो यात्रियों को अपने स्मार्टफोन पर अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करता है। जिससे यात्रियों को टिकट के लिए लाइन में इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ती है। वर्तमान में एक करोड़ से अधिक यात्रियों द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद मंडल द्वारा यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए धनबाद स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

न्यू चेतन आर्नामेंट्स में हॉलमार्क सोने के आभूषण में 4500/- रुपये प्रति दस ग्राम की भारी छुट

खरीदारी करें और पायें 1 किलो सोना जितने का सुनहरा मौका

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गुरुवार को न्यू चेतन ऑरनामेन्टस ने अपने वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में एक धमाका ऑफर की घोषणा की है। प्रतिष्ठान के ओनर चेतन प्रकाश गोयनका ने बताया कि इस ऑफर के तहत 22 कैरेट हॉलमार्क सोने के आभूषण प्रत्येक दिन के भाव पर प्रति दस ग्राम 4500/- रुपया की भारी छूट। यानि आज का भाव 59400/- रुपये प्रति 10 ग्राम ऑफर रेट 54900/- रूपये प्रति 10 ग्राम) खरीदारी करें और भाग लें विश्व का सबसे बड़ा ज्वेलरी फेस्टिवल में, जिसमें 25000/- की हर खरीदारी पर पायें आईजेएसएफ के लकी कूपन द्वारा एक किलो सोना जीतने का मौका और भी ढेरों इनाम। डायमंड के आभूषणों की खरीद पर 100प्रतिशत मेकींग चार्ज फ्री होगी जबकि चांदी के आभूषणों के मेकींग चार्ज में 50त्न की छूट तथा ग्रह रत्न पर 20प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है। साथ ही और भी कई आकर्षक ऑफ़र और ईनाम का भी लाभ ग्राहकों को मिलेगा। एचयूआईडी एवं हॉलमार्क के सारे आभूषण भी उपलब्ध है। यह ऑफर सिर्फ चार दिनों 3 नवंबर से 6 नवंबर के लिए है। न्यू चेतन ऑरनामेन्टस की शाखा शिवशम्भु प्लाजा जी. टी. रोड, गोविन्दपुर, धनबाद में स्थित है। जहां कैरेटोमीटर द्वारा अपनी आंखों के सामने सोने की शुद्धता मात्र 30 सेकन्ड में जांच की जा सकती है। यह प्रतिष्ठान सातों दिन खूली रहेगी।

अवैध संबंध बनाने का विरोध करने पर हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गम्हरा जंगल से बीते 19 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के मदनपुर-भलुआई निवासी महिला मनीषा देवी महिला की हत्या मामले का मुफ्फसिल थाना पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों करमा टुडू और भुदुलाल मरांडी नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है।उक्त आशय की जानकारी एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि बीते 19 अक्टूबर को मुफ्फसिल थाना इलाके के गम्हरा जंगल के पास एक महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में पाया गया था। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सबसे पहले महिला की पहचान की और फिर इस मामले की तफ्तीश शुरू की।महिला की पहचान मुफस्सिल थाना इलाके के मदनपुर भलुआई निवासी स्व. श्याम लाल किस्कू की पत्नी मनीषा देवी के रूप में की गई। पुलिस ने जब मामले की छानबीन शुरू की तो पता चला कि दोनों आरोपी युवक करमा टुडू और भुदुलाल मरांडी की उक्त महिला पर गलत नजर थी। दोनों युवकों ने सबसे पहले मृतका (मनीषा) से दोस्ती करके 18 अक्टूबर की शाम को 3 बजे बाइक से मनीषा के पास पहुंचे और उसे बाइक में बैठाकर बंदरकुप्पी बाजार घुमाने की बात कहते हुए बंदरकुप्पी के रास्ते हुए जंगल की ओर ले गए और यहां फिर जबरन उसके साथ अवैध संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। जिसका विरोध करने पर मनीषा देवी की दोनों युवकों ने मिलकर बुरी तरह से मारपीट कर व गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी और शव को अर्धनग्न अवस्था में छोड़कर जंगल से फरार हो गया। एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में भुदुलाल मरांडी पूर्व में भी जेल जा चुका है और यह एक आपराधिक किस्म का युवक है।

तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार को लिया चपेट में, युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

निरसा : चिरकुंडा थाना क्षेत्र लायकडीह बैंक ऑफ इंडिया के समीप तेज़ रफ़्तार बस ने स्कूटी सवार 28 वर्षीय बेनागोड़िया दास टोला निवासी गौतम दास को अपनी चपेट में ले लिया। घटने पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। स्थानीय गुस्साए लोगो ने सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने पर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुची। स्कूटी और बस को अपने कब्जे में ले लिया है। लोगो का कहना है कि इस सड़क से बड़ी बड़ी गाड़ियाँ इतनी तेज रफ़्तार से जाती है कि यहां के लोगो को डर बना रहता है। बता दें की गौतम दास चिरकुंडा से अपने घर पंचेत की ओर जा रहा था। वहीं पुरुलिया से चिरकुंडा की ओर आ रही बस ने अपनी चपेट में ले लिया और उसकी मौत हो गयी। वहीं सूचना मिलने पर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे हैं जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में कतरास के आयुष व अभिषेक ने जीता गोल्ड मेडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

कतरास : बिहार के नालंदा में 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चले ईस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर कतरास के दो पावरलिफ्टिंग के खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीत कर झारखंड के साथ साथ धनबाद व कतरास का नाम रोशन किया। पावरलिफ्टिंग के 59 किलोग्राम वर्ग में आयुष गुप्ता ने गोल्ड मेडल एवं 66 किलोग्राम वर्ग में अभिषेक सिंह ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बताते चले की उक्त चैंपियनशिप में भारत के पूर्वी भाग में स्थित 12 राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ियों का आगमन हुआ। जिसमें झारखंड राज्य से लगभग 30 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस सफलता पर व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय कुमार झा, गुरुजी दुर्गाराम, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, रणधीर बर्मन, अभय बर्मन, दीपक गुप्ता, मोहम्मद नूर, दीपक विश्वकर्मा, भरत सिंह कांछा, राजवीर सिंह, अंकुश विश्वकर्मा, कालाचंद बाउरी, धनेश्वर राय आदि ने बधाई दी है।

धनबाद : ईडी की दबिश से मचा हड़कंप, दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : एक बार फिर से झारखंड में ईडी की कार्रवाई हुई है। इस बार बिहार से जुड़े एक मामले को लेकर ईडी की टीम धनबाद पहुंची और यहां के दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। जिले में ईडी की टीम ने गुरुवार सुबह को दस्तक दी, दो स्थानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। शहर के धैया स्थित दो बालू कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी के द्वारा छापेमारी की जा रही है। इसमें धैया के चनचनी कॉलोनी में बालू कारोबारी मिथिलेश सिंह का आवास और कार्यालय शामिल है। इसके अलावा उनके साझेदार सुरेंद्र जिंदल के आवास और दफ्तर पर ईडी की छापेमारी दस्तावेजों को खंगाल रही है। बिहार के बालू खनन में गड़बड़ी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम छापेमारी में जुटी है। बालू खनन से जुड़ी ब्रॉडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड व मोर मुकुट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड जांच के दायरे में है। गुरुवार की सुबह ईडी की टीम एक साथ धनबाद पहुंची। जहां मोर मुकुट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साझेदार सुरेंद्र जिंदल और मिथिलेश सिंह के आवास व कार्यालय पर छापेमारी कर रही है। चनचनी कॉलोनी के मेन गेट पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। मीडिया को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। बता दें कि इससे पहले भी ईडी की टीम ने ब्राडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मोर मुकुट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर तथा साझेदारों के आवास पर बालू खनन से जुड़े मामलों को लेकर छापेमारी की थी। इसी मामले को लेकर धनबाद के बालू कारोबारी जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह और उनके पुत्र जेल में हैं।

दामोदर नदी डोगा घाट में धड़ल्ले से जारी है अवैध बालू की तस्करी

रात में करते हैं बालू का भंडारण व दिन में बेचते हैं बालू : ड्राइवर

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोच्चो दामोदर नदी के डोंगा घाट से रोजाना सैकड़ो ट्रेक्टर से हो रही है बालू की चोरी। वही प्रत्येक पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले दामोदर नदी से मुखिया के माध्यम से चालान देकर बालू उठाव भी होता है जिसमे नियम के तह आस पास के गांव में मकान बनाने व अन्य काम के लिए बालू ले जाया जा सकता है। जबकि उक्त बालू की वेबसाई मार्केटिंग नही कर सकते हैं । वही दामोदर नदी डोंगा घाट से प्रतिदिन बालू की अवैध खनन कर ट्रेक्टर से बोकारो जिला और धनबाद जिला के कतरास, बाघमारा धनबाद में ले जाकर बालू को ऊंचे दामों में बेचा जाता हैं।वही बालू माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए कई बार खनन विभाग और पुलिस ने छापेमारी किया है। लेकिन जैसे ही दामोदर नदी में पानी कम हुआ तो सभी की सेटिंग गेटिंग करके फिर से अवैध बालू का कारोबार शुरू हो गया है। इस संबंध में एक ट्रेक्टर चालक ने अखबार में नाम।नही छापने के शर्त में बताया कि।हमलोग रात में भी बालू चलते हैं जिसका भंडारण भी करते हैं। बाकी दिन में बालू को बोकारो या धनबाद के अलग।अलग जैसा मालिक बोलते वहा ले जाकर बालू गिरा देते हैं। पकड़े जाने की बात पर बताया कि सभी लोगो की सेटिंग से ही काम होता है इस लिए पकड़े जाने का कोई सवाल ही नहीं उठता है।

झारखंड विधानसभा के आंतरिक संसाधन व केंद्रीय सहायता समिति ने की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखंड विधानसभा के आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति ने सभापति सह जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सभापति ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, राजस्व संग्रह व विकास योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही केंद्र प्रायोजित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारी को आंतरिक संसाधन से राजस्व में बढ़ोतरी लाने पर बल दिया और सभी विभागों से रिपोर्ट भी प्राप्त किया। बैठक में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, जिला सहकारिता पदाधिकारी रुमा झा, जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार समेत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के भौतिक शास्त्र के शिक्षक 56 बर्षीय एस.एन झा की क्लास करने के दैरान हार्ट फेल हो जाने से मौत हो गई। घटना की खबर पाकर स्कूल के शिक्षकों में शोक व्यक्त है। स्कूल के प्राचार्य ए.के मिश्रा, एच.के मिश्रा सहित सभी शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है की शिक्षक सुबह क्लास 12वी के बच्चों को फिजिक्स पढ़ा कर बाहर निकल रहे थे, तभी चक्कर खा कर गिर गए। सभी शिक्षकों ने आनन फानन में टाटा जामाडोबा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। शिक्षकों के सहयोग से शव को उनके पैतृक गांव सहरसा बिहार भेजा गया जहां उनका अंतिम संस्कार होगा। मृतक झा के परिवार में एक पुत्री एवं एक पुत्र नैकरी करते हैं। जबकि एक पुत्री पढ़ाई कर रही हैं, पत्नी गृहणी हैं। मौत की खबर सुन कर परिवार में मातम छा गया है।

सीसीएल गिरिडीह ने किया जागरूकता फैलाने को लेकर मैराथन दौड़ का

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : सीसीएल गिरिडीह की ओर से गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल से जीएम ऑफिस बनियाडीह तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में सीसीएल डीएवी, मिडिल स्कूल समेत कई अन्य विद्यालय भी शामिल हुए। सीसीएल जीएम बासब चौधरी ने हरी झंडी दिखा मैराथन की शुरूवात कराई। स्कूली बच्चों के बीच करप्शन को ले जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों के बीच टी शर्ट और कैप का वितरण किया गया ।

महाप्रबंधक ने पटना एवं पाटलिपुत्र स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करने के बाद दिनांक 01.11.2023 को पटना आगमन के पहले ही दिन देर रात पटना एवं पाटलिपुत्र जंक्शन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने पटना एवं पाटलिपुत्र जंक्शन पर उपलब्ध यात्री सुविधा, साफ सफाई आदि का गहन मुआयना किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मियों की सजगता और संरक्षा से संबंधित तकनीकी पहलुओं की गहन पड़ताल की। महाप्रबंधक ने यात्रियों से चर्चा कर यात्री सुविधा, सुरक्षा आदि से जुड़े पहलुओं पर उनका फीड़बैक भी लिया। उन्होंने उच्च गुणवत्तायुक्त यात्री सुविधाएं मुहैया कराने पर बल दिया ।

जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद व्यवसायियों ने वापस ली अनिश्चितकालीन धनबाद बंद की घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार द्वारा धनबाद जिला प्रशासन की ओर से व्यवसायियों को सुरक्षा, सुरक्षित माहौल प्रदान करने व अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद व्यवसायियों ने अनिश्चितकालीन धनबाद बंद की घोषणा को वापस ले लिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि व्यवसायियों को जिला प्रशासन एवं पुलिस पर भरोसा रखना चाहिए। पुलिस विभिन्न कांड का उद्बोधन कर अपराधियों को सजा दिलाती है। जबकि अपराधी अपना प्रभुत्व बनाए रखने के लिए अपराध करते हैं। उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा संसाधनों को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। अपराधियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले के प्रमुख स्थलों पर विशेष फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जिला प्रशासन और पुलिस जिले के सभी नागरिकों का मित्र है और उनकी पीड़ा में उनके साथ है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और शहर में मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग शुरू की जाएगी।

हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन की बैठक गिरिडीह सर्किट हाउस में संपन्न

भ्रूण हत्या जांच को लेकर उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गुरुवार को गिरिडीह सर्किट हाउस में हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन (एनजीओ) की बैठक संपन्न हुई । बैठक में गिरिडीह धनबाद व बोकारो जिला से कई प्रतिनिधि शामिल हुए । बैठक में अधिकारियों ने मानवाधिकार, बाल संरक्षण, भ्रष्टाचार, मानवीय राहत, सूचना का अधिकार को लेकर शपथ ली की इन पहलुओं पर पहल करेंगे व आम जनमानस को इन बिंदुओं पर जागरूक करेंगे । इस बाबत एनजीओ के राज्य अध्यक्ष विशाल गंभीर, उपाध्यक्ष मनोज चावला व राजेश राणा मौजूद थे। वही इस बाबत संगठन के तरफ से जिला अध्यक्ष गिरिडीह राजेश सिन्हा,जिला कॉर्डिनेटर गिरिडीह जाकिर अंसारी व रमेश दास, जिला कॉर्डिनेटर धनबाद विकाश कुमार भट्ट व अनोज कुमार, जिला कॉर्डिनेटर बोकारो अफजल खान, जिला कन्वेनर सुनील महतो,जिला कमिटी सदस्य रूबेन सोरेन ऊर्फ माइकल सोरेन,प्रखंड कॉर्डिनेटर अमिताभ शर्मा, योगेंद्र कुमार,अमर कुमार विवेक कुमार व अजय कुमार रजक को बनाया गया। वही मीटिंग के पश्चात एनजीओ के पदाधिकारियों ने उपायुक्त गिरिडीह के नाम डीआरडीए के निदेशक आलोक कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए जिले में अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छुप छुपा कर चल रहे लिंग जांच व भूर्ण हत्या जैसे मामले पर जांच कर करवाई की मांग की। वही इस मामले की प्रतिलिपि सांसद महोदया कोडरमा अन्नपूर्णा देवी के नाम गिरिडीह सांसद महोदया के प्रतिनिधि दिनेश यादव को सौंपते हुए इस पर पहल की मांग की ।

क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता : सुखदेव भगत

सुखदेव भगत चरहू के ग्रामीणों से हुए रूबरू, समस्याओं से अवगत हो निदान करने का किया प्रयास

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत किस्को प्रखंड के ग्राम चरहू पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए ।मौके पर ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि चरहू ग्राम में स्थित करंज बांध बिगत 4 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया था जिसके कारण लगभग 100 एकड़ जमीन का सिंचाई से किसान वंचित हो गए हैं इसलिए जल्द से जल्द करंज बांध का जिर्णोद्धार कराया जाए। आरेया पंचायत स्तरीय जलापूर्ति योजना का कार्य विगत 3 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था जिससे तेतरदांड, महूगांव, चरहू, निरहू, आरेया के गांव में जलापूर्ति होता लेकिन आज तक यह काम अधूरा पड़ा है इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। चरहू उर्दू हाई स्कूल में प्लस टू विद्यालय खोलने, जर्जर सड़क का पीसीसी निर्माण कारने, मैरिज हॉल का निर्माण कारने सहित अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किये। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। जन समस्याओं का निदान करना उनका दायित्व है। बदला नदी से निरहू चरहू गांव होते हुए महुगांव ग्राम तक सड़क का निर्माण 12 वर्ष पूर्व हुआ था जो काफी जर्जर हो गया है। इस सड़क का निर्माण कार्य की स्वीकृति ग्रामीण विकास विभाग ने दे दिया है जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। झारखंड की इंडिया सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है।श्री भगत ने मौके पर से ही लोहरदगा उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण से वार्ता कर जसे जल्द से जल्द ध्वस्त करंज बांध का जीर्णोद्धार कराने का आग्रह किये। श्री भगत ने जलापूर्ति योजना का संवेदक को जल्द से जल्द जलापूर्ति योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर करने का आश्वासन श्री भगत ने ग्रामीणों को दिए। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, अब्दुल्ला खान, सुल्तान खान, सज्जाद खान, आरिफ खान, इमरान खान, तौहीद खान, अयूब खान, बबलू खान, गुलाब खान, कमल खान, कमरुल खान, वसीम खान, मुनि साहू, निरोध उरांव, मोहन उराव, करमचंद उरांव, निजावत खान, इलियास खान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जन भावना फाउंडेशन के द्वारा ग्रामीणों को दी गई जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : पाकरटांड प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत आसनबेड़ा के टकबा बाजार टांड में जन भावना फाउंडेशन (हत्रह) के जिला हेड खुशीराम कुमार एवं पाकरटांड ब्लॉक हेड आनंद सनमानी (बड़ाईक) को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने बताया कि जनभावना फाउंडेशन वर्तमान में पूरे झारखंड,बिहार राज्यों सहित सिमडेगा जिला के सभी पंचायत में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के कार्ड बनाने का काम सुचारू रूप से चल रही है और आने वाले दिनों में लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाओं को अलग अलग तरीके से पहुँचाने का कार्य करने की तैयारी में है। जन भावना फाउंडेशन बाल विवाह में रोक थाम को लेकर कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव के साथ उज्ज्वल भविष्य हो। हमारी संस्था बालिका समृद्धि योजना के तहत बालिका के 18 साल के बाद विवाह के समय जरूरत के सामग्री का लाभ देगी, अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।आपका सहयोग हमारा प्रयास के साथ ही साथ हर कदम आपके साथ,हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार मिले यही जनभावना फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है।

पेयजल आपूर्ति भवन में अज्ञात चोरों ने किया संयंत्रों की चोरी, मुखिया ने की थाना में मामला दर्ज

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 31 अक्टूबर की रात्रि कैरो ग्रामीण जलापूर्ति योजना अधीन पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा, ग्राम जल स्वच्छता समिति द्वारा संचालित भवन कैरो मे लगे पेयजल से संबंधित सयंत्र उपकरणो को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को दिया गया अंजाम। दिनांक 01 अक्टूबर को अहले सुबह विभाग के आपरेटर प्रकाश उराँव प्रतिदिन ही की तरह जब केंद्र गया तो देखा की भवन से आवश्यक संयत्र व उपकरण गायब है। प्रकाश ने ग्राम जल स्वच्छता समिति के अध्यक्ष सह मुखिया को सर्वप्रथम इसकी सूचना दी, मुखिया वीरेन्द्र महली ने भवन आकर देखा तो वहाँ से आवश्यक उपकरण गायब थे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा आमलोगो को स्वच्छ पानी उप्लब्ध कराने के उद्देश्य से 02 वर्ष पुर्व इसकी निर्माण कार्य हुई थी, जिससे कैरो एवं कुडु प्रखंड क्षेत्र के लगभग 1700 घरों को स्वच्छ पानी मिलता था। मामले पर कैरो मुखिया के शिकायत आवेदन पर कैरो थाना काण्ड संख्या 50/2023 भा0द0वि- 379 के तहत थाना मे मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है।

हॉकी ने युवाओं को रोजगार और जिले को दी है एक अलग पहचान : विधायक भूषण बाड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा जीईएल उच्च विद्यालय कोचडेगा मैदान में मिशन पर्व के अवसर में हॉकी खेल सेमीफाइनल मैच बेंदोजोर बनाम बांसपहाड़ के बीच खेला गया। जहां कोचेडेगा ने बांस पहाड़ को 1-0 से हराया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके विधायक ने कहा कि पर्व के मौके हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। प्रतियोगिता के माध्यम से समिति के सदस्यों ने स्थानीय होनहार खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर मंच दिया है। उन्होंने कहा हॉकी खेल हमारे जिले के लिए शुरुआती दौर से ही काफी उर्वरक रही है। हॉकी ने जहां हमारे जिले को एक नई पहचान दी है। वहीं हमारे होनहार सैंकड़ो युवा खिलाड़ियों को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी भी दी है। बहुत युवाओं को रोजगार दिया है। आप सब युवा खिलाड़ी भी थोड़ा सा और अधिक मेहनत कर हॉकी के माध्यम से अपना भविष्य निखार सकते हैं। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, पादरी रेभ.जस्टिन एक्का, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, ओलिवर मिंज, एडिमन मिंज, अनिता बरवा, बिंदुरानी खेस, सोनू राजन कुजूर, अनुग्रहित, सुशील बड़ा, मुखिया अनिल उरांव, शांतियेल मिंज, लीटेयर्स टोप्पो, बेलास टोप्पो, प्रदीप लकड़ा, दानिएल मिंज आदि उपस्थित थे। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि सिमडेगा जिला खेल की नगरी रही है। हॉकी खिलाड़ियों की जब बात आती है तो सिमडेगा जिला देश मे पहले पायदान पर नजर आता है।

झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सिमडेगा पहुंचे

छतीसगढ़ में बनेगी भाजपा सरकार : बाबूलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार में जाने के दौरान सिमडेगा पहुंचे, सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ चुनाव में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है, छत्तीसगढ़ की जनता ने 5 साल इस भर्स्ट सरकार को लूटते हुए देखा है छत्तीसगढ़ की जनता बदलाव का मन बना चुकी है इस बार पूर्ण बहुमत से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष जिला के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के कुरडेग स्थित आवास में भी रुके एवं कार्यकर्ताओं से संगठन के मजबूती पर चर्चा की एवं बिचार विमर्श किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से 15 नवंबर को मोदी जी झारखंड उलिहातू दौरे को लेकर भी चर्चा की एवं तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मोके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव जीप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा महामंत्री दिपक पूरी मंत्री तुलसी साहू उपाध्यक्ष सतीश पांडेय कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद श्रद्धानन्द बेसरा राकेश रविकांत सुजान मुंडा सत्यनारायण प्रसाद नरेंद्र बड़ाईक मुकेश श्रीवास्तव संजय शर्मा नंदिनी दास संभु भगत कृष्णकांत सिंह रामचन्द्र साय मनोज साय उमेश जायसवाल अनुज श्रीवास्तव रबिन्द्र शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कौशल विकास विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): गुरूवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवम कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन जिला नियोजन लोहरदगा के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा आईटीआई के प्राचार्य एवं एवं आईटीआई के इंस्ट्रक्टर परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप तथा विभाग एवम प्रशिक्षण केंद्रों के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 10 कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए कार्यक्रम में कुल 230 प्रतिभागी ने पंजीकरण करवाया जिसमें से 157 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में कुल 82 लोगों को ऑफर लेटर का वितरण किया गया।

जर्जर विद्यालय भवन पर शिक्षा अध्ययन करने पर छात्र छात्राएं मजबूर : राधा तिर्की

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): शिक्षा विभाग के लचर व्यवस्था से छात्र छात्राएं मजबूर हो जर्जर भवन में कर रहें है शिक्षा का अध्ययन विभाग व संबंधित पदाधिकारी का नही हुआ ध्यान आकृष्ट जिला परिषद सदस्य सेन्हा ने किया विद्यालय का निरीक्षण। विदित हो कि प्रखंड मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर पर संचालित प्राथमिक विद्यालय जोगना का भवन काफी जर्जर अवस्था में होने के बाबजूद शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षा का अध्ययन कराया जा रहा है।? इसी दरमियान दो माह पूर्व विद्यालय एक कमरा में छत का प्लास्टर टूट कर गिर चुका था। उस वक्त बच्चें सभी बाहर होने के कारण बड़ी दुर्घटना टल गया था। जिसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को प्राप्त होते ही विद्यालय का निरीक्षण कर वैकल्पिक व्यवस्था कराने का निर्देश प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दिया गया था। परंतु निर्देश के उपरांत आज तक कोई पहल नही किया गया। और आज भी उसी जर्जर भवन में बच्चों को शिक्षा का अध्ययन कराया जा रहा है। इसकी सूचना सेन्हा प्रखंड के जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की को मिलते ही विद्यालय भवन का अवलोकन कर वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए उच्च स्तरीय जांच करवाने तथा मरमती करवाने की बात कही गई। साथ ही बच्चों के भविष्य को देखते शिक्षक मुहैया कराने को लेकर चर्चा किया गया। जिप सदस्य ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय में एक पारा शिक्षिका के भरोसे लगभग 60 छात्र छात्राएँ पढ़ाई कर रहे हैं। वही विद्यालय भवन का छत भी जर्जर हो गया है। जिसे जिला परिषद की बैठक में विद्यालय भवन निर्माण के लिये प्रस्ताव रखने की बात कही गई।

भंडरा प्रखंड ग्राम भिठा में इफको के द्वारा किसान सभा का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : भंडरा प्रखंड के ग्राम भिठा में गुरुवार को इफको के द्वारा किसान सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में भिठा, कचमची एवं आस पास के गाँव के 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर इफको के प्रबन्धक चन्दन कुमार ने वर्तमान में खेतों में लग रहे सब्ज़ी मटर एवं आलू की खेती में डीएपी एवं यूरिया खाद के कार्य एवं प्रयोग को बताते हुए कहा कि कैसे इफको द्वारा निर्मित इफको नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया किस प्रकार दानेदार डीएपी एवं यूरिया से कैसे बेहतर होता है इस बारे मे विस्तार से चर्चा किए। उन्होंने बताया कि फास्फोरस की आवश्यकता इन फसलों को अपने प्रारम्भिक कायकीय विकास जैसे अनुकरण,जड़ का तेजी से विकास के लिये बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में इफको नैनो डीएपी के द्वारा बीजों और कदों का शोधन करने से इन फ़सलों में समय से एकसाथ जमाव होता है और जड़ों का विकास भी तेजी से होता है जिस कारण फ़सल स्वस्थ्य होते हैं। यह काम किसान नैनो डीएपी के 5 मि.ली.प्रति किलो बीज या कन्द से शोधन मात्र से ही पूरा कर सकते हैं। दूसरी बार नैनो डीएपी का प्रयोग किसान फ़सल के 30 से 35 दिन एवं फूल निकलने के एक सप्ताह पहले 4 मिली प्रति एक लिटर पानी के घोल का स्प्रे करने पर किसानों को अधिक और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ अधिक उत्पादन भी प्राप्त होता है।

स्वर्ग का द्वार है मुक्तिधाम : कवलजीत सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : हरमू भक्सो मुक्तिधाम लोहरदगा में रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार राय जी के द्वारा अपने पूर्वजों की याद में पानी की टंकी सिटेक्स एवं अन्य सामग्री अपने निजी खर्चे से लगवाई गई। मुक्तिधाम में पूर्व में एक पानी की टंकी थी,अब दो पानी की टंकी होने से आने वाले लोगों को और सुविधा प्राप्त हो सकेगी। श्री राय जी के द्वारा किए गए इस नेक कार्य के लिए केंद्रीय मुक्तिधाम समिति आभार प्रकट करती है एवं धन्यवाद देती है। इस मौके पर केंद्रीय मुक्तिधाम के संरक्षक कवलजीत सिंह एवं अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता (मन्ना) ने कहा की मुक्तिधाम ही स्वर्ग का द्वार है और इस पुण्य कार्य के लिए हम सभी रंजीत कुमार राय का आभार प्रकट करते हैं और दूसरी ओर केंद्रीय मुक्तिधाम को संचालन करने में आर्थिक सहयोग व अन्य सहयोग करने वाले दानदाताओं का भी आभार प्रकट करते हैं और पिछले लगभग चार दिनों से मुक्तिधाम के लिए लकड़ी संग्रह का कार्य कर रहे तमाम सदस्य जो इस कार्य में लगे हुए हैं उनका भी आभार प्रकट करते हैं। आभार प्रकट करने वालों में गोपाल गोयल, विनोद सिंह, सोहन साहू, सूरज अग्रवाल, बरज सिंह, उदय दत्ता, रोहित साहू, संतोष लकड़ा, सीताराम गुप्ता, दिगंबर साहू, सुमन साहू, प्रवीण चौरसिया,संजय बर्मन जयप्रकाश शर्मा, सुरेश ठाकुर, धर्मेंद्र भगत, सुनील खत्री, लाल वीरेंद्र, मनोज डे, राकेश राय, संदीप भगत, सत्येंद्र शर्मा, राजू यादव, रमेश कुँवर आदि शामिल है।

विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में गुरुवार को क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। भागलपुर के कहलगांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। रोशनी उरांव को त्वरित भाषण में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ और आचार्य पत्र वाचन में नीतू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य प्रदर्शन में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी, मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा, पूनम कुमारी, सुजीत उरांव, मंतोष उरांव, अनित उरांव, अंकित उरांव, विकास उरांव, धर्मदेव उरांव, सचिन भगत, अजीत उरांव, संदीप उरांव शामिल थी। मार्गदर्शक आचार्य टोली में कविता कुमारी शामिल थी। उन्होंने बताया कि झारखंडी लोक नृत्य की प्रस्तुति से सभी विद्यार्थियों ने कहलगांव में दर्शकों का दिल जीत लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षक शिक्षकों के द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कार्यपालक अभियंता व कनीय अभियंता को हटाने की ग्रामीण विकास मंत्री से रखी मांग

➲कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी व कनीय अभियंता दिलीप नायक के कार्यों से संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मी भी हैं नाखुश

प्रभात मंत्र संवाददाता

कूडू-लोहरदगा : झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के समक्ष लोहरदगा विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी और कनीय अभियंता दिलीप नायक के विरूद्ध उल्लेख किया है की योजना में अपने चहेते लोगों को लाभ देने और विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को तरजीह नहीं देने सहित लोहरदगा जिले में विशेष प्रमंडल की ओर से संचालित योजनाओं में सरकारी राशि का बंदरबांट कर नियम विरूद्ध कार्य किए जाने को लेकर लोहरदगा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय नेता सह कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी और कनीय अभियंता दिलीप नायक को लोहरदगा जिला से स्थानांतरित किए जाने की मांग रखी है। इधर मंत्री आलमगीर के समक्ष ऐनुल अंसारी ने उल्लेख किया है कि विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी और कनीय अभियंता दिलीप नायक के द्वारा सरकारी नियमों को ताक में रखकर अपने चहेते लोगों को गलत तरीके से योजना देने और विभाग की ओर से संचालित विकास योजनाओं में सरकार के आदेशों को दरकिनार करते हुए खुद की जेब भरने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता अपने ही विभाग के कई वरीय पदाधिकारी और कर्मियों की बातों को दरकिनार करते हुए नियम विरूद्ध कार्य को अंजाम देकर झूठ का मुखौटा पहनकर सरकारी राशि को बंदरबांट करने का कार्य कर रहे है। जिससे लोहरदगा जिले में विशेष प्रमंडल की ओर से संचालित विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार पनपता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी और कनीय अभियंता दिलीप नायक के कार्यों से खफा होकर उक्त विभाग के ही अधिकारी और कर्मियों ने उपायुक्त लोहरदगा डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर शिकायत दर्ज भी किए हैं, इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता की कार्य शैली अपने ही विभाग के कर्मियों से समन्वय नहीं होने के कारण कितना निचले स्तर पर जा पहुंचा है। उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री माननीय आलमगीर आलम से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी और कनीय अभियंता दिलीप नायक को लोहरदगा जिला से स्थानांतरित करते हुए नए अधिकारियों का पदस्थापन किए जाने की मांग की है जिससे लोहरदगा जिले में विशेष प्रमंडल द्वारा संचालित विकास योजनाओं का पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को धरातल में अंजाम तक पहुंचा जा सके।

कौशल विकास अंतर्गत आयोजित 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, राँची द्वारा प्रायोजित विशेष घटक योजना के तहत अनुसूचित जाति के गण टपटेप, मककारपेट दरी, शिल्पकारों के कौशल विकास हेतु आयोजित 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला के किस्को प्रखण्ड के परहेपाट पंचायत में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, लोहरदगा व अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत नियमित रूप से इस हुनर का नियमित प्रैक्टिस करने की आवश्यकता है। पारंपरिक डिजाईन के साथ-साथ नई अत्याधुनिक डिजाईनों को इसमें लाया जाना चाहिए। रंगों के कंबीनेशन को जानना होगा। साथ ही,जो पहले से इस क्षेत्र में हैं,उनसे भी सीखने की आवश्यकता है। क्रियेटिविटी लाने की आवश्यकता है। उत्पाद यूनिक होगा तभी बाजार में मांग होगा।बाजार के मांग के अनुरूप प्रयासरत रहना होगा। उपायुक्त ने कहा कि सबसे चुनौतीपूर्ण होता है किसी भी व्यवसाय को शुरू करने के बाद उसमें बने रहना। जब कोई व्यवसाय शुरू करें तो धैर्य रखें, घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने प्रशिक्षणार्थियो को सफलतापूर्वक पूर्णता के लिए बधाई दी।उपायुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा आज प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम कुल 20 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। उपायुक्त के समक्ष प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी कारीगरी प्रस्तुत की। इस दौरान उपायुक्त ने उनका हौसला बढ़ाया और टिप्स दिए।आज इस मौके उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरूण उराँव, खरकी पंचायत की मुखिया राजमनी उराँव, बीपीओ सुदर्शन, सोसाईटी फॉर इंप्लायमेंट ऑफ रूरल वीमेन (सर्वो) किस्को लोहरदगा की निदेशक सुखमनी लकड़ा,मास्टर ट्रेनर अमोलिना सारस समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी व संस्था से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

चलते चलते एक नजर

कार ने स्कूटी सवार को मारा धक्का, घायल

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): गुरुवार को दिन के करीब 12 बजे अगरोड़ा थाना क्षेत्र में अचानक अनियंत्रित स्वीफट् कार जिसकी संख्या जेएच- 01 ईएस 5859 है और एक स्कूटी को धक्का मारते हुए एक दुकान में जा घुसी। इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया , जबकि अन्य छह लोगों को भी चोट आयी हैं। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलने पर अरगोड़ा थाना की पीसीआर वाहन मौके पर पहुंच कर घायलों की मदद की। वहीं पुलिस ने कार चालक को कब्जे में लेते हुए गाड़ी जब्त कर ली है।

झारखंड आंदोलनकारियों के अगुवा शिबू सोरेन को सरकार पहला सम्मान दें: पुष्कर महतो

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान पहचान , पेंशन एवं नियोजन देने को लेकर आयोग एवं अधिकारियों के साथ बैठक करने की पहल कदमी का स्वागत किया है। सरकार जीतेजी एक-एक आंदोलनकारी को मान सम्मान पहचान पेंशन नियोजन देने की दिशा में सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्य करें और झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित करने की मांग करने की मांग की जाती है? संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि 15 नवंबर राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी को निश्चित तौर पर सरकार द्वारा समारोह आयोजित कर राजकीय मान सम्मान पहचान एवं नियोजन देने की दिशा में सकारात्मक पहल होनी चाहिए। राज्य सरकार द्वारा सबसे पहले झारखंड आंदोलनकारियों के अगुवा के रूप में दिशुम गुरु शिबू सोरेन एवं उनके साथ संघर्ष करने वाले आंदोलनकारी, बुद्धिजीवी ,पत्रकारों, महिलाओं, झारखंड अलग राज्य आंदोलन के नेतृत्वकारियों एवं झारखंड पार्टी के बुजुर्ग व वरीय आंदोलनकारियो को भी सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि ढिशुम गुरु शिबू सोरेन ने वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को पत्र लिखकर सभी आंदोलनकारी को सम्मान राशि 8000 रुपया और पक्का मकान देने हेतु पत्र प्रेषित किए थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिशुम गुरु शिबू सोरेन की भावनाओं का ख्याल 15 नवंबर 2023 के स्थापना दिवस समारोह एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर परिलक्षित हो।

झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड कैबिनेट की बैठक तीन नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। बैठक शामचार बजे प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। बैठक में राज्य कर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की जा सकती है।साथ ही पेसा नियमावली की भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर निर्माण की भी स्वीकृति देने की तैयारी हो रही है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं सम्बन्ध में विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और कैबिनेट से जुड़े संलेख मांगे हैं। इसके अलावे बैठक में उर्दू और संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों को ओल्ड पेंशन, विनोद बिहारी विश्वविद्यालय के भवन निर्माण संबंधी प्रस्तावों पर निर्णय होने की संभावना है।

सांसद वीडी राम के प्रयास से गढ़वा में बिछेगा सड़कों का जाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला अंतर्गत विभिन्न पथों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पथ निर्माण विभाग के द्वारा पथ निर्माण से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा केतार से काण्डी पथ में धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण जिसकी 785.87 लाख (सात करोड़ पचासी लाख सत्तासी हजार रूपये) होगी, के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और निविदा का भी विस्तार हो चुका है इसपर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इसी प्रकार:-1. तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ तक 23.42 किलोमीटर पथ की स्वीकृति प्राप्त हो चकी है। इस पर कुल 1070.64 लाख की लागत आएगी। 2. चैनपुर-रमकण्डा 13.72 किलोमीटर पथ निर्माण की प्रस्तावित स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं निविदा का विस्तार हो चुका है। इस पर कुल 925.79 लाख की लागत आएगी। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

इसी क्रम में निम्नांकित योजनाओं विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं, के प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रयास किया जा रहा है:-3. नगर उंटारी एन0एच0-75 से गरबाँध होते हुए रोहनीय पी0डब्लूडी0 तक 15.74 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 6152.42 लाख। 4. नगर उंटारी-भवनाथपुर-खरौंधी-डाला तक 37.31 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 1609.97 लाख। 5. भवनाथपुर-पांचाडुमर 17.50 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 1335.74 लाख। 6. रमना बाजार से सिल्लीदाग होते हुए घुरकी तक 26.65 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 11368.00 लाख।शेष निम्न योजनाएँ वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं, के शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है:- 7. चिनियॉ-रनपुरा-खुटवा मोड तक 32.93 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 2192.50 लाख। प्रक्रियाधीन है। 8. भंडरिया-तेहरी भाया बरगर तक 25.90 किलोमीटर पथ का निर्माण। लागत 1809.11 लाख। प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार कुल 08 पथों (लंबाई-193.17 किलोमीटर) एवं घोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण पर रू 2,72,50,04,000,00 (दो अरब बहत्तर करोड़ पचास लाख चार हजार रूपये) की राशि खर्च होगी।इन पथों के निर्माण से निश्चित रूप से जनता को आवागमन अत्यधिक सरल एवं सुलभ होगा।

जिलाधिकारी ने आठ आशाओं को किया बर्खास्त

बस्ती : निजी चिकित्सालय में प्रसूताओं को डिलीवरी के लिए ले जाने वाली दोषी आठ आशाओं को अभी तक बर्खास्त न किए जाने तथा आशाओं के रिक्त 82 पदों पर भर्ती न किए जाने पर जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने असंतोष व्यक्त किया है तथा संबंधित एमओआईसी के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने अग्रिम आदेशों तक मरवटिया, रुधौली तथा सल्टौआ गोपालपुर के एमओआईसी को तत्काल कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सीएमओ तथा एसीएमओ को भी सख्त निर्देश दिया है कि बैठक में लिए गए निर्णय की नियमित मॉनिटरिंग करके कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

तेलंगाना : बीजेपी ने 35 उम्मीदवारों को दिया टिकट

प्रभात मंत्र संवाददाता

हैदराबाद : तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की तरफ से उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी गई है. इस लिस्ट में 35 उम्मीदवारों को टिकट दिए गए हैं. तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए तीसरी लिस्ट गुरुवार (2 नवंबर) को जारी की गई. इस बार तेलंगाना में बीजेपी सरकार बनाने के लिए पूरे दमखम के साथ प्रचार कर रही है. बीजेपी को उम्मीद है कि वह यहां पर भारत राष्ट्र समिति और कांग्रेस का मुकाबला कर पाएगी.वहीं, बीजेपी की तीसरी लिस्ट में जी किशन रेड्डी का नाम शामिल नहीं रहा है. वह बीजेपी की तेलंगाना यूनिट के प्रमुख है.

जिस तरह से बीजेपी ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया था. उससे ये लगने लगा था कि कहीं जी किशन रेड्डी को भी बीजेपी मैदान में नहीं उतार दे. इसके अलावा वह तेलंगाना में बीजेपी के चेहरा भी हो सकते हैं. मगर तीसरी लिस्ट जारी होने के बाद ये साफ हो गया है कि बीजेपी अभी उन्हें टिकट देने के मूड में नहीं है.बीजेपी की तरफ से अभी तक तीन लिस्ट जारी की जा चुकी है. इसमें से पहली लिस्ट 22 अक्टूबर को जारी की गई थी, जिसमें 52 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था. इसमें सबसे ज्यादा चर्चा टी राजा के नाम की हुई थी, जो पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करने की वजह से सुर्खियों में थे.

सरकार बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने में विफल : कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली : कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार बढ़ती महंगाई को रोक पाने में विफल रही है। देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर में लगातार इजाफा हो रहा है।कांग्रेस महासचिव व राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में बेरोजगारी दर अब 10 फीसदी से ऊपर है। यह दो वर्षों में सबसे अधिक है जबकि यह पहले ही पांच दशकों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी थी।

ग्रामीण बेरोजगारी अब 10.8 फीसदी है।रमेश ने कहा कि बेरोजगारी का संकट गंभीर है। यह मनरेगा के तहत काम की रिकॉर्ड मांग से और भी स्पष्ट हो गया है। मनरेगा करोड़ों भारतीयों के लिए रोजगार का आखिरी सहारा है। इसके तहत काम मांगने वालों की संख्या पिछले वर्ष से

20 फीसदी बढ़ गई है। काम की मांग करने वाले परिवारों की संख्या 2019 में कोविड महामारी से पहले की तुलना में भी अधिक है। इससे साफ होता है कि आर्थिक सुधार की सभी बातें पूरी तरह से सिर्फ़ दिखावा है।रमेश ने कहा कि अक्टूबर 2023 में एक करोड़ भारतीयों ने श्रम बाजार में प्रवेश किया। इनमें से लाखों को काम नहीं मिल पाएगा।